ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2079 ● शुक्रवार, 03 फरवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-110 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



सिद्धार्थ-कियारा ने शुरू की शादी की... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### नेताओं के एक से ज्यादा जगह से चुनाव लड़ने पर रोक संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका को रद्द कर दिया, जिसमें नेताओं के किसी एक पद के लिए, एक से ज्यादा जगह से चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला विधायिका से जुड़ा है। इसलिए इस पर फैसला संसद को ही करना है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि किसी प्रत्याशी को एक से ज्यादा सीटों पर लड़ने की इजाजत विधायी नीति से जुड़ा मुद्दा है। इसलिए यह संसद का फैसला होगा कि इस राजनीतिक लोकतंत्र में यह विकल्प लोगों को मिलना चाहिए या नहीं।

### ईडी कोर्ट में शशि प्रकाश ने किया सरेंडर, भेजे गए जेल

**रांची।** मनरेगा घोटाला के आरोपित इंजीनियर शशि प्रकाश ने ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को सरेंडर किया है। सरेंडर के बाद अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शशि प्रकाश पर खूंटी जिले में हुए मनरेगा घोटाला में शामिल होने और उस घोटाले के जरिए अवैध कमाई करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि इंजीनियर शशि प्रकाश के खिलाफ ईडी ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में ही शशि प्रकाश को मनी लाउंड्रिंग का आरोपित बनाया गया है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि शशि प्रकाश मनरेगा घोटाला के दौरान खूंटी जिले में डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर के पद पर तैनात थे। उन्हें घोटाले की जानकारी थी और वह भी इस पूरे घोटाले में शामिल थे।

### ट्रेलर ने बाइक सवारों को 200 मीटर तक घसीटा, दो की मौत

**रांची।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के गोंदलीपोखर में एक ही बाइक पर सवार तीन युवकों को ट्रेलर ने चपेट में लेते हुए करीब दो सौ मीटर तक घसीटा। हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। दोनों युवकों के शव क्षत-विक्षत हो गए थे जबकि बाइक टूट कर कई हिस्सों में बंट गई। तीसरा युवक रिम्स में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान आकाश कुमार महतो और कृष मुंडा के रूप में हुई है। दोनों अनगड़ा के मासू गांव के रहनेवाले थे। गंभीर रूप से घायल रूपेश कुमार मुंडा खेलगांव के कादीटोला का रहनेवाला है। बताया जाता है कि गुरुवार को तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर हेसल से सालहन में चल रहे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने जा रहे थे। गोंदलीपोखर के समीप रांची की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार तीनों युवक ट्रेलर में फंस गए। ट्रेलर तीनों को घसीटते हुए लगभग 200 मीटर तक ले गया।

# धनबाद अग्निकांड पर हाईकोर्ट सख्त

**सरकार से पूछा**

- आग से बचाव के लिए क्या किये गये हैं उपाय?
- मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी
- चार दिनों में हुए दो अग्निकांड में 19 लोगों की मौत, दर्जनों घायल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद के आशीर्वाद टावर और हाजरा क्लीनिक में आग लगने से 19 लोगों की मौत की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने सरकार को राज्य के सभी शहरों में अपार्टमेंट्स और ऊंची बिल्डिंग्स का फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। कोर्ट ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों और नगर निगमों के आयुक्तों को आदेश दिया है कि वे अग्निकांड से निपटने की तैयारियों, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और उनके उपयोग, बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार अग्निशमन के प्रबंध आदि पर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले में बुधवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने धनबाद में घटी घटनाओं पर दुख जताते हुए कहा है कि ऐसे हादसे दोबारा नहीं हों, इस पर राज्य सरकार को सजग रहना होगा। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि धनबाद डीसी की ओर से दोनों घटनाओं की जांच के लिए दो कमेटियां बनाई गई हैं। एक कमेटी आग लगने के कारणों की जांच करेगी, यह देखेगी कि फायर सेफ्टी रूल एंड »शेष पृष्ठ 11 पर

# समस्याओं का तत्परता से समाधान करना सरकार की प्राथमिकता : सीएम



**नवीन मेल नेटवर्क। दुमका**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। मेरी हमेशा कोशिश होती है कि जनता से मुलाकात और सीधा संवाद कर उनकी परेशानियों को समझें ताकि उसके निराकरण की दिशा में पहल की जा सके। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को खिजुरिया, दुमका स्थित अपने आवास पर मुलाकात करने आए लोगों से ये बात कही। इस मौके पर लोगों ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि आपने यहां जो समस्याएं रखी हैं, उसके शीघ्र निराकरण की दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। लोगों ने भी मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है।

# पलामू : जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फरार चल रहे प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य डबलू विश्वकर्मा उर्फ शक्ति विश्वकर्मा को गुरुवार को बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि पलामू पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी जो हुसैनाबाद थाना के दो कांडों का फरार अभियुक्त व सक्रिय सदस्य डब्लू विश्वकर्मा अपने गांव विशुनपुर थाना टंडवा में अपने घर पर एक शादी समारोह में आया हुआ है। इसी सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश ने एक छापेमारी दल को उक्त गांव में भेजा। हुसैनाबाद पुलिस, टंडवा थाना पुलिस, एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से विशुनपुर गांव पहुंचकर छापेमारी शुरू की, पुलिस को देखते ही वह अपने घर से भागने के फिराक में था। तत्पश्चात छापेमारी दल के जवानों ने उसे उसके घर के पास से ही धर दबोचा। थाना प्रभारी ने बताया कि उसके खिलाफ हुसैनाबाद थाना में कांड संख्या 281/2018 और 01/2019 दो कांड दर्ज है। इस छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई धर्मेन्द्र सिंह, एसएसबी अनीश कुमार, एएसआई टंडवा ललन कुमार के अलावा पुलिस बल के कई जवान शामिल।

# बूढ़ापहाड़ इलाके से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद





**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को नक्सल विरोधी अभियान में एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और झारखंड पुलिस के संयुक्त अभियान में सुरक्षा बलों ने लातेहार के बूढ़ा पहाड़ इलाके से भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार और गोला बारूद बरामद किए हैं। सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड के लातेहार के नवाटोली के वन क्षेत्र जोकपानी में सीआरपीएफ की 209 कोबरा बटालियन और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। इस ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के ठिकानों से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए। जानकारी के मुताबिक बरामद किए गए सामान में 5.56 इंसास एलएमजी, दो 7.62 एसएलआर राइफल, एक 5.56 इंसास राइफल, 13 मिश्रित मैगजीन और 470 मिश्रित राउंड गोलियां शामिल हैं। गौरतलब है कि बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में सुरक्षा बलों ने नक्सल गतिविधियों पर काफी हद तक काबू पा »शेष पृष्ठ 11 पर

### कोल्हान में शीर्ष माओवादियों को सुरक्षाबलों ने घेरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल्हान इलाके में भाकपा माओवादियों के खात्मे को लेकर बड़ा अभियान शुरू किया गया है। माओवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान में एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के साथ घिरे हुए हैं। 31 जनवरी को माओवादियों के खिलाफ पुलिस व सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान शुरू किया था। इस अभियान के बाद सुरक्षाबलों को आईईडी के जरिए चपेट में लगातार दूसरे दिए उग्रवादियों ने लिया।

**भारी मात्रा में आईईडी बरामद :** राज्य पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी प्रेस बयान में बताया गया है कि पुलिस, कोबरा की 209, 203, 205 बटालियन व सीआरपीएफ की 157, 174, 193, 7 व 26 »शेष पृष्ठ 11 पर

# पिकअप व मोटरसाइकिल की टक्कर में दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले के बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर मेराल अर्पित लाइन होटल के समीप गुरुवार को मोटरसाइकिल व पिकअप वैन की आमने-सामने की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मोटरसाइकिल पर सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक मेराल थाना क्षेत्र के लादाग गांव निवासी मुनारी बैठा का पुत्र प्रिंस बैठा (21) है। वहीं, दूसरे मृतक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी। घटना में घायल भंडरिया थाना क्षेत्र के भंडरिया गांव निवासी राहुल दास (20) है। घटना के संबंध में बताया गया कि सभी लोग मोटरसाइकिल पर सवार



होकर बंशीधर नगर से गढ़वा की ओर लौट रहे थे। इसी बीच मेराल अर्पित लाइन होटल के पास एक पिकअप वैन से आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# आईईडी ब्लास्ट में तीन जवान घायल

**नवीन मेल नेटवर्क। चाईबासा**

झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों ने एक बार फिर लैंडमाइंस विस्फोट किया है। इसमें सुरक्षा बलों के तीन जवान बुरी तरह घायल हो गए हैं। पिछले 22 दिनों के अंदर नक्सलियों द्वारा लैंडमाइंस विस्फोट की सात घटनाएं अंजाम दी गई हैं, जिसमें 15 जवान और ग्रामीण घायल हुए हैं। गुरुवार को जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मेरालगढ़ा इलाके में सुरक्षा बलों के जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे, तभी जमीन के नीचे बिछाए गए आईईडी का जोरदार विस्फोट हुआ। इसकी चपेट में आकर



घायल हुए तीनों जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। उन्हें इलाज के लिए रांची के मेडिका हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। घायलों में राकेश पाठक, बीडी अनल और पंकज यादव शामिल हैं।

# गो-मांस खानेवालों की भी हो सकती है घर वापसी : होसबोले

**कहा- भारत में रहनेवाला हर शख्स हिंदू**

**एजेंसी। जयपुर**

जयपुर में इन दिनों संघ का कार्यक्रम चल रहा है, इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए संघ के सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले भी पहुंचे हुए हैं। इस कार्यक्रम में आए संघ के सदस्यों और बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए होसबोले ने कहा कि भारत में गो-मांस खानेवालों की भी घर वापसी हो सकती है, क्योंकि भारत में रहनेवाला हर व्यक्ति जन्म से हिंदू है। एक अखबार के अनुसार, सरकार्यवाहक ने कहा कि भारत में रहनेवाली 600 से अधिक जनजातियां कहती थीं कि हम अलग हैं, हिंदू नहीं हैं, भारत विरोधी ताकतों ने उनको उकसाया था, इस पर गोलवलकर जी ने कहा कि किसी के लिए भी दरवाजे बंद नहीं हैं, क्योंकि हम वसुधैव कुटुंबकम को मानते हैं।



**'दिमाग नहीं, दिल चाहिए' :** कार्यक्रम में बोलते हुए सरकार्यवाहक ने आगे कहा कि संघ को समझने के लिए दिमाग नहीं, दिल चाहिए, केवल दिमाग से काम नहीं चलेगा, क्योंकि दिल और दिमाग बनाना ही संघ का काम है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि आज संघ का प्रभाव भारत के राष्ट्रीय जीवन में है।

**'राष्ट्रवादी है संघ' :** कार्यक्रम में बोलते हुए सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि संघ न तो दक्षिणपंथी है और न ही वामपंथी है, बल्कि वह राष्ट्रवादी है। उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाले सभी नागरिक हिंदू हैं, क्योंकि उनके पूर्वज हिंदू थे। उन्होंने कहा कि उनकी पूजा »शेष पृष्ठ 11 पर

# चार आईएएस का तबादला, सीबीआई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने गुरुवार को चार आईएएस अधिकारियों का तबादला किया। वहीं, झारखंड प्रशासनिक सेवा में अनुमंडल पदाधिकारी व समकक्ष रैंक के 64 अफसरों की प्रोन्नति अपर समहर्ता व समकक्ष रैंक में की गई। प्रथम व द्वितीय जेपीएससी से बहाल हुए 56 अफसरों को भी प्रोन्नति दी गई है। हालांकि, अधिसूचना में यह जिक्र है कि सीबीआई एएचडी विंग के मामले में वाद के फलाफल से सेवा प्रभावित होगी। वहीं, प्रोन्नति भी प्रोन्नति संबंधी याचिका में उच्च न्यायालय के फैसले में पारित आदेश से प्रभावित हो सकती है।

**इन चार आईएएस को मिली नई जिम्मेदारी :** श्रम विभाग के विशेष सचिव कमलेश्वर प्रसाद सिंह को झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद का प्रबंध निदेशक, जेपीएससी के सचिव नेसार अहमद को बागवानी निदेशक, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास परिषद के निदेशक अजय कुमार सिंह को पशुपालन निदेशक व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव चंदन कुमार को कृषि निदेशक के तौर पर पदस्थापित किया गया है। इस अधिसूचना से प्रभार रहित हुए पदाधिकारियों को कार्मिक विभाग में योगदान देने का आदेश दिया गया है।

**इन अधिकारियों को मिली अपर समहर्ता व समकक्ष रैंक में प्रोन्नति**

फिलिबियूस बारला, अजय कुमार तिर्की, सुधीर कुमार दास, राजीव रंजन, कुंदन कुमार, वासुदेव प्रसाद, विनोद कुमार, हरिवंश पंडित, राजेश कुमार सिंह, संतोष कुमार गर्ग, जया रेंचल मिंज, रामनारायण सिंह, सागर कुमार, अलका कुमारी, सुदर्शन मुर्मू, रवींद्र गगराई, पूनम कच्छप, हेमा प्रसाद, रोशन कुमार साह, रोहित सिन्हा, संजय कुमार दास, रजनीश कुमार, श्वेता, राजीव कुमार सिंह, जयवर्धन कुमार, रामकृष कुमार, अमित कुमार, »शेष पृष्ठ 11 पर


**आस्था** | अयोध्या में ट्रस्ट को सौंपी गईं शालिग्राम शिलायें

# 51 वैदिक आचार्यों ने विधि-विधान से किया पूजन-अर्चना

**नेपाल से गोरखपुर होते हुए बुधवार देर रात अयोध्या पहुंची थीं शिलाएं**

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या का संपूर्ण विकास भी हो रहा है। नेपाल से अयोध्या पहुंची शालिग्राम शिलाएं गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दी गईं। दोनों शिलाएं बुधवार देर रात अयोध्या पहुंची थीं। यहां साधु-संतों और



जनप्रतिनिधियों ने जयकार व आतिशबाजी के बीच स्वागत किया था।

**नेपाल की गंडकी नदी से आईं पवित्र शिलाएं :** नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि ने बताया कि पहले वह जनकपुर से जुड़ी श्रीराम की विरासत के अनुरूप रामलला के लिए धनुष भेंट करना चाहते थे, किंतु राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ दो वर्ष तक चली वार्ता के बाद तय हुआ कि नेपाल की काली गंडकी नदी से रामलला की मूर्ति के लिए पवित्र शिला अर्पित की जाए। ऐसा कर हमें अपार हर्ष हो रहा है। दोनों विशाल शिलाएं अयोध्या में समर्पित की »शेष पृष्ठ 11 पर

**51 आचार्यों ने विधि-विधान से किया पूजन-अर्चन**

गुरुवार सुबह 10 बजे 51 आचार्यों ने विधि-विधान से दोनों शिलाओं का पूजन अर्चन किया। इस दौरान दूल्हा-दुल्हन सरकार, जय श्रीराम की जयकार गूंजी। अयोध्या व नेपाल के त्रेता युग के संबंधों

# अडानी पर कोहराम संसद में संग्राम



**आरएनएम। नई दिल्ली**

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और अडानी पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण गुरुवार को लोकसभा में कामकाज नहीं हो पाया। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस समेत अन्य कई विपक्षी दल अडानी पर चर्चा कराने की मांग को लेकर वेल में आ गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही को दोपहर बाद दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। दो बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, लेफ्ट और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) सहित कई अन्य दलों के सांसद नारेबाजी करते हुए अडानी पर चर्चा की मांग को लेकर वेल में आ गए। वहीं, एनसीपी, सपा, जेडीयू, और बीआरएस सहित कई अन्य दलों के सांसद अपनी-अपनी सीट पर खड़े होकर इनका समर्थन करते नजर आए। हंगामे के बीच सदन में पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने विरोधी दलों से सदन चलने देने की अपील की। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी विपक्षी दलों से सदन चलने देने की अपील करते हुए कहा कि संसद चर्चा के लिए है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपना पहला अभिभाषण »शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### आपसी झड़प में छह घायल

**पाटन।** मामूली विवाद को लेकर दो सगे भाइयों में झड़प हो गई। जिसमें दोनों तरफ के छह लोग घायल हो गये। सूचना के बाद मौके पर पहुंची ओपी किशुनपुर प्रभारी कुमार नीरज ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में भर्ती कराया गया। वहीं गंभीर चोट लगने के कारण बबलू कुमार राम को सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर किया गया। दोनों पक्ष के लोगों ने एफआईआर दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार बुद्धराम मोची और उमेश मोची आपस में सगे भाई हैं। घर के पास बतख चरने को लेकर विवाद बढ़ने के कारण दोनों पक्ष आपस में भीड़ गये। जिसमें दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें बुद्धराम मोची व उसके दोनों बेटे घायल हो गये। बबलू को गहरी चोट लगने के कारण मेदिनीनगर रेफर किया गया है। वहीं उमेश राम का बेटा सरोज राम, सुनील राम व मनोज राम भी चोट के कारण घायल हुए। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि दोनों पक्ष के तरफ से नामजद एफआईआर कर लिया गया है। सभी अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### मनरेगा अधिनियम का 17वां वर्षगांठ मना

**सतबरवा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड नरेगा वॉच के द्वारा गुरुवार को मनरेगा अधिनियम का 17वां वर्षगांठ मनाया गया। वहीं प्रधानमंत्री के नाम श्रमिकों की मांग को लेकर एक पत्र भेंजा गया। प्रधानमंत्री के नाम पत्र में कहा गया है कि देश में मनरेगा के बहुत सकारात्मक प्रभाव सामने आए थे। परंतु हाल के दिनों में यह महत्वकांक्षी कार्यक्रम निष्फल, शोषक श्रम बन गया है। जहां ईमानदारी से कड़ी मेहनत करने वाले श्रमिकों को अपनी मजदूरी के लिए इंतजार करना पड़ता है। नरेगा की कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है और अधिनियम को इसकी भावना के विपरीत तरीके से लागू किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में नरेगा कार्य को मजबूत करने एवं व्यवस्थित भ्रष्टाचार को समाप्त करने की आवश्यकता है। ताकि श्रमिकों को उनके मूल नरेगा पत्राताएं ,जैसे मजदूरी का समय पर भुगतान ,समय पर काम ,देर से भुगतान के लिए मुआवजा, बेरोजगारी भत्ता मिले। इस मौके पर नरेगा वॉच के मनोज कुमार भुइयां, निरंजन कुमार ठाकुर, मंजू देवी समेत लगभग सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

### भटकुआं में डूबने से छात्र की मौत

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना के क्षेत्र के महुगांवा में बुधवार को एक स्कूली छात्र की गड्ढे में जमा पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक आनंद कुमार उम्र 7 वर्ष उसी गांव के गुड्डू पासवान का पुत्र बताया जा रहा है। जहां गांव में भटकुआं बना था छात्र उसी जगह पर बाथरूम करने गया था। जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई।

15वें वित्त की राशि का किया जा रहा बंदरबांट

# संयुक्त सचिव के आदेश का नहीं हो रहा अनुपालन



### पंचायतों में बेखौफ लगाये जा रहे जलमीनार, दोषी कौन

15 वें वित्त अनुदान मद की राशि से जलमीनार के अधिष्ठान पर पुरी तरह रोक लगा दी गई है। बावजूद प्रखंड हीं नहीं जिले के सभी पंचायत क्षेत्र में निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए जलमीनार अधिष्ठापन कराया जा रहा है। आखिर इसके लिए जिम्मेवार कौन है। विभागीय सचिव के द्वारा पत्र निर्गत कर अनुपालन कराने का निर्देश जिला और प्रखंड को दी जाती है। फिर भी किसी मुखिया पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित मुखिया के द्वारा प्राप्त पैसों से बेखौफ अधिष्ठान कराये जा रहे हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** केंद्र सरकार के द्वारा पंचायतों को 15 वें वित्त अनुदान मद की राशि उपलब्ध कराया गया है। जिससे पंचायत क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो। साथ हीं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को जिम्मेवारी भी सौंपी गई है। लेकिन पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक को पंचायत के विकास से कोई लेना देना नहीं है। वहीं यह कहावत चरितार्थ हो रही है। अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता । रोक के बावजूद भी पंचायत में प्राप्त वित्त की राशि से सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार अधिष्ठापन कराया जा रहा है। जिसमें मोटी राशि मुखिया और पंचायत सेवक को मिल जाती है। बाकी कार्यों में महज 5 प्रतिशत पर हीं इन्हें संतोष करना पड़ता है। सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार के अधिष्ठान पर 24 फरवरी 2021 को हीं तत्कालीन निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन के द्वारा रोक लगाया गया है। बावजूद संयुक्त सचिव के निदेशों का अनुपालन पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा नहीं किया जा रहा। जलमीनार लगाने को लेकर 24 फरवरी 2021 में हीं रोक लगा दी गई है। इसके बाद से लगाया गया जलमीनार नियमसंगत नहीं है। विभाग के द्वारा जल नल यानी पूर्व में लगाए गए जलमीनार से पाइप लाइन के माध्यम सप्लाई घरों तक करने का कार्य भी किया जाना हैं। जलमीनार अधिष्ठापन का कार्य पंचायत के मुखिया के द्वारा अब नहीं होगा। अधिष्ठान कराने के लिए पेय जल व स्वच्छता विभाग को जिम्मेवारी सौंपी गई है। मुखिया के द्वारा विभाग को पैसे उपलब्ध कराए जायेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के जिला अध्यक्ष बने सुजीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** सुजीत कुमार सिंह को बेहतर कार्य करने पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ का दूसरी बार पलामू जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन श्रॉफ के अनुशंसा पर किया गया है। जिला अध्यक्ष के मनोनयन को लेकर रांची में एक बैठक का आयोजन किया गया था। नये जिला अध्यक्ष को प्रमाण-पत्र एवं आई कार्ड सौंपा गया । इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन श्रॉफ ने संघ के उद्देश्यों से अवगत कराया। साथ ही कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य मानवहित का कार्य करना है। इसकी शुरूआत सबसे पहले अपने घर व परिवार के बीच से करें। परिवार, समाज, प्रखंड, जिला, राज्य एवं देश के लिए हमें निरंतर निःस्वार्थ एवं सेवा भाव से मानव हित के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। उनके दुख-सुख में बराबर के हिस्सेदार बनना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। वही अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के सुजीत कुमार सिंह को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर संघ के रांची जिला अध्यक्ष अमित रंजन, सचिव आलोक सिंह के साथ ही गोराई सिंह, संतोष सिंह, विकास सिंह, चंदन सिंह, दिलरंजन सिंह, अरविंद सिंह, फुटूक सिंह, नवीन सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## अवैध शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरगंज पुलिस व उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी कर एनएच 98 सहारा होटल के नजदीक से गुरुवार को अवैध शराब लदा एक कार डब्लू बी 06एच 9586 को जब्त किया है। जबकि इसमें संलिप्त एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि झारखंड से बिहार ले जाए जा रहे कार में कुल 46 पेटी में 180 एमएल के 2070 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुआ है। मामले में अवैध




शराब का परिवहन करते हुए कार को जब्त करने के साथ ही बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत सासाराम थाना क्षेत्र के विश्रामपुर कला गांव निवासी अनिल कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही अपकारी विभाग के उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि बोतल पर यूपी ब्रांच लिखा हुआ है। प्रथम द्दष्टया में शराब नकली प्रतीत होता है। शराब कहां बनाया जा रहा है इसकी जांच की जा रही है। छापेमारी दल में एएसआई जितेंद्र कुमार, हवलदार मनोज कुमार मेहता, उत्पाद विभाग के पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

### सांसद ने केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण की मांग रखी

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम ने सांसद एवं शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिलों पलामू एवं गढ़वा में केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने पलामू के विकास के लिए भवन निर्माण के कार्य को अति आवश्यक बताया।

### पचास वर्षीय अधेड़ का मिला शव,जांच में जुटी पुलिस

**विश्रामपुर ।** थाना क्षेत्र के छिपादोहर कला गांव के समीप गुरुवार क पचास वर्षीय अधेड़ की शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं शव की पहचान नगर परिषद के वार्ड संख्या अठारह अंतर्गत नावाडीह खुर्द निवासी पचास वर्षीय शिव कुमार उर्फ टहल पासवान, पिता घूरा पासवान के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव कुमार ऑटो रिक्शा चलाने का काम किया करता था। जो की बुधवार शाम के से ही घर से बाहर निकला हुआ था। उसका शव गुरुवार सुबह पुलिस ने छिपादोहर कला गांव से बरामद कर थाना लाई है। तदपश्चात पुलिस ने शव को अंत परीक्षण हेतु मेदिनीनगर जिला अस्पताल भेज दिया है। वही पुलिस पुरे मामले की छानबीन कर रही है।

### शक्ति का स्रोत है शतचंडी यज्ञ : लवली

**पांकी।** प्रखंड अंतर्गत नौडीहा बहेरा मंदिर के प्रांगण में शतचंडी यज्ञ के वैदिक मंत्रों से वातावरण भक्तिमय हो रहा है। मौके पर पहुंची भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि यज्ञ,हवन से वातावरण ही नहीं तन मन भी शुद्ध हो जाता है । यज्ञ हवन वाले स्थान पर प्राणवायु की मात्रा भी बढ़ जाती है । हमारा देश ऋषि मुनियों का देश रहा है ,वैदिक सभ्यता का आधार ही हवन है। मां दुर्गा को शक्ति की देवी कहा जाता है। मौके पर अध्यक्ष विरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, सचिव अमरनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा, बलिंदर सिंह, उप सचिव राम प्रसाद साहू, संयोजक उमाशंकर सिंह, मुख्य संरक्षक संतोष कुमार गुप्ता, उप संरक्षक बाल्मीकि सिंह, महामंत्री संतोष कुमार सिंह, उप महामंत्री शिव साव समाजसेवी, उदय गुप्ता, अनिल दुबे जी, रविंदर गुप्ता, अमित गुप्ता, वीरेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### पैसे के अभाव में शोभा देवी का नहीं हो पा रहा है, समुचित इलाज

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कचरवा टोला निवासी बुजुर्ग व्यक्ति राजकुमार चेरो की पत्नी शोभा देवी उम्र 45 वर्ष कुछ दिन पहले अचानक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसमें शोभा देवी के सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसके सिर का नस फट गया है। बुधवार को सदर अस्पताल में अचानक शोभा देवी की स्थिति गंभीर हो गई और उसे ब्लड चढ़ाने की जरूरत पड़ी थी। इस बीच एक पत्रकार सदर अस्पताल पहुंचा। तो वहां देखा कि मरीज शोभा देवी के पति बुजुर्ग व्यक्ति राजकुमार चेरों ब्लड की तलाश में इधर-उधर भटक रहे है। पत्रकार ने तुरंत इस बात की जानकारी पलामू एसपी चंदन सिन्हा को दी। जानकारी मिलते ही एसपी चंदन सिन्हा ने अपना दरियादिली दिखाते हुए तुरंत एक जवान को ब्लड देने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में पुलिस के जवान प्रकाश राज तिवारी ने स्वेच्छा पूर्वक महिला शोभा देवी के लिए रक्तदान किया। ब्लड उपलब्ध होने के बाद महिला को ब्लड चढ़ाया गया। इसके बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। अब सदर अस्पताल के चिकित्सक उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज रहे हैं।

## किराया वसूली को लेकर नगर प्रबंधक ने चलाया अभियान

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत अंतर्गत किराया पर लगे दुकानों के बकाया राशि की वसूली को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी,हिमानी बाड़ा, नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह, प्रधान सहायक सह लेखापाल रविकांत पटेल एवं कार्यालय कर्मी के द्वारा संयुक्त रूप से किराया वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान 14 दुकानदारों के द्वारा 62,000 रुपए राशि जमा किया गया एवं बाकी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए दो दिनों के अंदर किराया जमा करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर नगर प्रबंधक ने बताया कि लंबी अवधि से दुकानदारों का किराया बाकी है। उन्होंने कहा कि ससमय दुकानदार अगर किराया जमा नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। बकाया राशि नहीं देने पर दुकानों में विभाग द्वारा ताला भी बंद किया जा सकता है। मौके पर नगर पंचायत कर्मी, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

### ईमानदारी से की गई मेहनत दिलाती है सफलता : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ईमानदारी से की गई मेहनत बच्चों को सफलता दिलाती है। चाहे जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आए, बच्चे मेहनत व लगन से पीछे नहीं हटें । उक्त बातें पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन सिंहा ने कही। वे स्थानीय दो नंबर टाउन स्थित न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल के 32 वें वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व एसपी चंदन सिन्हा, एसडीओ राजेश कुमार शाह, रिटायर्ड एसोसिएट डॉ.महेंद्र राम व स्कूल के निदेशक रवि कुमार निराला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। एसपी ने कहा कि शिक्षाविदों ने बेहतर ढंग से बच्चों को तराशने का काम किया है। सदर एसडीओ राजेश शाह ने कहा कि बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसके पूर्व डॉ महेंद्र राम ने कहा कि समाजसेवी द्वारिका प्रसाद ने 1992 में स्कूल शुरू किया। उनके पुत्र रवि कुमार निराला के निर्देशन में नित्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसके पूर्व स्कूल के निदेशक रवि कुमार निराला ने कहा कि स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षाविदों की टीम के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा रही है । बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़े इसके लिए स्कूल परिवार प्रयासरत है।

## भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर प्राचार्य ने सीओ को दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य के हस्ताक्षर युक्त आवेदन को क्लर्क शीतल कुशवाहा ने गुरुवार को महाविद्यालय की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने ,अवैध निर्माण को रोकने व भूमि का सीमांकन कराने के संबंध में सतबरवा सीओ प्रशांत कुमार साह को आवेदन दिया। आवेदन में कहा गया है कि महाविद्यालय की 25.09 एकड भूमि पर अनाधिकृत ग्रुप से अतिक्रमण कर दुकान ,मकान आहते, प्रखंड सह अंचल कार्यालय ,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ,बीआरसी भवन, सतबरवा थाना भवन का निर्माण किया गया है। महाविद्यालय के भूमि पर ही साप्ताहिक हाट ,बाजार लगाया जा रहा है। वर्तमान में भी महाविद्यालय का मूल कार्यालय कोन के पीछे आम बगान के दक्षिण, पश्चिम कोने में अंजना गुप्ता के द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। सतबरवा सीओ को खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि पूर्व में 2 जनवरी 2023 को इस संबंध में पत्र दिया गया था। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं किया गया, ना ही इस संबंध में कार्यालय को अवगत कराया गया। 2 फरवरी 2023 को पुनः पत्र के माध्यम से सीओ से अपील करते हुए महाविद्यालय की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, अवैध निर्माण रोकने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने पुराने पत्र का हवाला देते हुए लिखा है कि अतिक्रमण कर बनाये जा रहे हैं। भवन को रोकने के लिए 12 जुलाई 2008, 15 जुलाई 2008 एवं अन्य पत्रों तथा मौखिक रूप से भवदीय से कई बार अनुरोध किया जा चुका है। परंतु कोई कार्रवाई आज तक नहीं किया गया। वही सीओ के अलावे क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर , पुलिस अधीक्षक पलामू ,अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर, उपायुक्त पलामू , आयुक्त पलामू , थाना प्रभारी सतबरवा, निदेशक प्राथमिक शिक्षा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड, निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची, निदेशक माध्यमिक शिक्षा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए सादर समर्पित किया गया है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (जिला योजना)**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**

लोहरदगा जिला के प्रखण्ड भण्डरा, कुडू के तीन प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम एवं समाहरणालय, लोहरदगा के सामने मैदान में Open Gym के अधिष्ठापन के लिए Turnkey आधार पर सर्वेक्षण, डिजाईन, आपूर्ति, अधिशठापन, पर्यवेक्षण और सामान्य रख–रखाव गतिविधियों से संबंधित समेकित परियोजना हेतु निबंधित एवं इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **14.02.2023** के **11:30** बजे पूर्वा0 तक द्वितीय बार ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। Open Gym की निर्धारित संख्या में कमी या बढ़ोत्तरी का अधिकार जिला प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 14.02.2023 के 12:30 बजे (अपराह्न)** जिलास्तरीय कय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा कय समिति/मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911 /8603984499 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR289001 (Lohardaga)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।**

**शुद्धि-पत्र**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या– RWD/SD/LATEHAR/09/2022-23 जिसका PR No-288545 Rural Development (22-23)D में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–

(1) क्रमांक–2. में अंकित परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि–21.02.2023 एवं 22.02.2023 के स्थान पर 28.02.2023 एवं 01.03.2023 पढ़ा जाय।

(2) क्रमांक–4. में अंकित निविदा प्राप्ति की तिथि–24.02.2023 के स्थान पर 03.03.2023 पढ़ा जाय।

(3) क्रमांक–6. में अंकित निविदा खोलने की तिथि–24.02.2023 के स्थान पर 03.03.2023 पढ़ा जाय।

अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR 289087 (Rural Development) 22-23 (D)



**Office of the Executive Engineer – Cum –Member Secretary**
**Drinking Water And Sanitation Committee, Chatra**
**Email id – eedwsd.chatra01@gmail.com**

On behalf of the Government of Jharkhand, the **Drinking Water and Sanitation Department** invites sealed tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Chatra, Jharkhand ".**

The summary of tender details is as below:

| Sr. No | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBMG-Phase –II /DWSD/GOBARDHAN/CH/44/2022-23/ Dt. 01.02.2023 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 50000/- (Rupees Fifty Thousand only) |
| 4 | Pre-Bid | OFFICE OF THE Executive Engineer SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Committee Chatra Jatrahibag, Chatra 825401 Phone: - 7544099310, 06541- 296082 Email: - eedwsd.chatra01@gmail.com |
| 5 | Address of Communication | OFFICE OF THE Executive Engineer SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Committe e Chatra Jatrahibag, Chatra 825401 Phone: - 7544099310, 06541- 296082 Email: - eedwsd.chatra01@gmail.com |
| 6 | Mobile Number | 7544099310 |
| 7 | Contact Person | Executive Engineer |
| 8 | Email Contact | eedwsd.chatra01@gmail.com |

**Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 02.02.2023 |
| Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 13.02.2023 |
| Project briefing & Pre-bid meeting. | 15.02.2023 at 01.00 PM |
| Last date and time for submission of bids. | 22.02.2023 at 4.00 PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 24.02.2023 at 3.00 PM |

Note: - Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD. Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.

The **Executive Engineer**, D.W. & S. Committee Charta reserves the right to accept, reject any tender offer or cancel the entire process without assigning any reason thereof.

**Executive Engineer –cum-Member Secretary**
**District Water & Sanitation Committee Chatra**

**PR 288993 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D**



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114

Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई0 प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

**(2nd Call)**

**Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23**
**Dated–01/02/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 04/02/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 06/02/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 09/02/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 10.02.2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 11/02/2023 04:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 42752 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl.No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-01 | 1 | 5 | 60 | 1568 | 5,52,89,000.00 | 5,53,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-06 | 1 | 3 | 82 | 1889 | 7,17,70,000.00 | 7,18,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-07 | 1 | 3 | 86 | 2416 | 8,29,75,000.00 | 8,30,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 4 | SVS/CLUSTER-09 | 2 | 4 | 98 | 2692 | 9,38,59,000.00 | 9,39,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 5 | SVS/CLUSTER-10 | 2 | 4 | 80 | 2212 | 7,67,03,000.00 | 7,68,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 6 | SVS/CLUSTER-13 | 1 | 1 | 105 | 2483 | 9,21,99,000.00 | 9,22,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 7 | SVS/CLUSTER-14 | 2 | 2 | 94 | 2315 | 8,45,36,000.00 | 8,46,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 8 | SVS/CLUSTER-16 | 1 | 1 | 57 | 6385 | 5,03,36,000.00 | 5,04,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 9 | SVS/CLUSTER-21 | 1 | 4 | 59 | 1290 | 5,07,82,000.00 | 5,08,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 10 | SVS/CLUSTER-22 | 2 | 6 | 89 | 2236 | 8,13,26,000.00 | 8,14,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 11 | SVS/CLUSTER-23 | 2 | 3 | 96 | 2980 | 9,17,22,000.00 | 9,18,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 12 | SVS/CLUSTER-26 | 4 | 14 | 103 | 2654 | 9,71,64,000.00 | 9,72,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 13 | SVS/CLUSTER-27 | 4 | 11 | 94 | 2925 | 9,72,70,000.00 | 9,73,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 14 | SVS/CLUSTER-29 | 3 | 18 | 93 | 2880 | 9,39,39,000.00 | 9,40,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 15 | SVS/CLUSTER-30 | 3 | 6 | 87 | 2946 | 9,40,26,000.00 | 9,41,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 16 | SVS/CLUSTER-32 | 3 | 5 | 94 | 2881 | 9,54,98,000.00 | 9,55,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website-http://jharkhandternders.gov.in

**Executive Engineer**
**D.W.&S.Division, Garhwa.**

PR 288990 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

NEWS इन ब्रीफ

### मेधा सूची निकालने को लेकर एक दिवसीय धरना

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित दूसरे जिले से आये हजारों की संख्या में हाई स्कूल के अभ्यर्थियों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया और धरना दिया। अभ्यर्थियों के द्वारा मेधा सूची के प्रकाशन की मांग की जा रही थी। हजारों की संख्या में आये अभ्यर्थियों ने आयोग के कार्यप्रणाली को लेकर नारे भी लगाए। भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क रहा और सुरक्षा व्यवस्था में लगा रहा। अभ्यर्थियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के समक्ष अपनी मांगों को रखा। बताते चले कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में बीते महीने सुप्रीम कोर्ट से तीन महीने में नियुक्ति पूरा करने का आदेश दिया गया है। लेकिन आयोग के द्वारा लगातार अभ्यर्थियों को दिग्भ्रमित करके केवल डीवी का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में नाराज अभ्यर्थियों ने आयोग के समक्ष एक दिवसीय घेराव व धरना दिया। आयोग के द्वारा तय समय में कार्य पूरा करने की बाध्यता को बताया गया लेकिन अभ्यर्थियों ने जल्द से जल्द मेधा सूची जारी करने और नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने की मांग किया।

### ग्रीन बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच पांच को

**मेदिनीनगर।** पाटन थाने के हिसरा बरवाडीह में स्व. बद्री नारायण सिंह ग्रीन बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच पांच फरवरी दिन रविवार को खेला जायेगा। तीन फरवरी दिन शुक्रवार को पहला सेमी फाइनल मैच गमेथा बनाम विजय तारा छत्तरपुर के बीच खेला जायेगा। वहीं चार फरवरी दिन शनिवार को दूसरा सेमी फाइनल मैच गहर पथरा बनाम बरसैता के बीच खेला जायेगा।

## ग्रामीणों की मांग के अनुरूप होगा डीप बोरिंग व तालाब का निर्माण :उपायुक्त

# नक्सलियों के गढ़ में पलामू प्रशासन की धमक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे और पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा समेत कई वरीय पदाधिकारी गुरुवार को जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड मनातू के रंगिया पंचायत अंतर्गत पहाड़ पर बसे कुंडिलपुर गांव दुर्गम रास्ते से मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे। कभी नक्सलियों के गढ़ रहे कुंडिलपुर गांव में पहली बार जिला अधिकारियों ने वंहा पंहुचकर आदिम जनजातियों का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान स्थनीय ग्रामीणों ने उपायुक्त श्री दोड्डे के समक्ष पीएम आवास, अंबेडकर आवास,पानी,बिजली,पेंशन, शिक्षा, राशन, आंगनवाड़ी, सड़क, रोजगार आदि से संबंधित समस्याओं को रखा। इस दौरान उन्होंने स्कूल,आंगनवाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर, खेल सामग्री और चॉकलेट का वितरण किया। साथ ही उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने स्कूली बच्चों संग भोजन किया। जिले के वरीय अधिकारियों संग कुंडिलपुर गांव पहुंचे उपायुक्त से ग्रामीणों ने गांव में पानी की



संकट से निवारण के लिए डीप बोरिंग और तालाब निर्माण हेतु भी अनुरोध किया। जिस पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए डीप बोरिंग और तालाब निर्माण करवाने हेतु सबंधित विभाग को निर्देशित किया। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने इसी क्रम में कुंडिलपुर के आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्र और रसोईघर को गंदगीयुक्त पाया। वंही उपायुक्त ने सहायिका से पूछताछ के क्रम में पाया की सेविका ज्यादातर आंगनवाड़ी केंद्र से नदारद रहती है। उपायुक्त ने सेविका को फटकार लगाते हुए तत्काल सेवामुक्त किया। वहीं नई सेविका के रूप में स्थानीय महिला का चयन करने का आदेश डीएसडब्ल्यूओ को दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के मांग के अनुरूप शीघ्र ही तालाब निर्माण और डीप बोरिंग की स्वीकृति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि यहां पहुंचने का रास्ता कठिन है,रास्ते को सुगम बनाने हेतु सबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर सड़क निर्माण की दिशा में जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही युवकों को गाड़ी खरीदने और रोजगार से जोड़ने हेतु लोन की व्यवस्था की जाएगी। कोई भी व्यक्ति सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रह पाए। वंही पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि यहां के लोग बड़ी मात्रा में अफीम की खेती करते हैं, इन लोगों को रोजगार और पारंपरिक खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही अफीम की फसलों को नष्ट किया जा रहा है। अफीम तस्करों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अवसर पर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के अलावे उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक समाहर्ता सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मनातू, नजारत उपसमाहर्ता, सिविल सर्जन, डीएसडब्ल्यूओ, स्थनीय मुखिया समेत अन्य उपस्थित थे।

### अफीम की खेती छोड़ रोजगार व पारंपरिक खेती से जुड़े लोगः एसपी



पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने पूरे इलाके में हो रहे अफीम की खेती को छोड़ कर रोजगार से जुड़ने और पारंपरिक खेती करने की सलाह वंहा के ग्रामीणों को दिया। साथ ही उन्होंने अफीम की खेती करने वाले लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि अफीम खेती करना कानूनन अपराध है,पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसपी चंदन कुमार सिंहा ने वंहा लहलहा रहे अफीम के फसलों को नष्ट करने का निर्देश पुलिस के जवानो को दिया। पुलिस के जवानों ने बड़ी मात्रा में अफीम के फसलों को नष्ट किया। साथ ही एसपी ने वंहा की महिलाओं को अपने स्तर से आर्थिक मदद की। एसपी ने लोगो से कहा कि आपलोगों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है, आप लोग भयमुक्त होकर सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए विकास के मुख्यधारा से जुड़े।

### विहंगम योग संस्थान का दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

छत्तरपुर। प्रखंड के खजुरी नौडीहा में विहंगम योग संस्थान का दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसका आयोजन नौडीहा निवासी काशी प्रसाद गुप्ता के आवास पर किया गया । गुरुवार की सुबह में सदगुरू देव की पूजा अर्चना के बाद सद्ग्रंथ स्वर्वेद का अखंड पाठ शुरू हुआ। संस्थान के प्रचारक राजेश भारद्वाज ने सदगुरू देव के तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद अखंड दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद भक्तजनों ने माल्यार्पण किया और स्वागत गान,मंगल गान एवं सदगुरू देव का उद्घोष प्रस्तुत किया। प्रचारक श्री भारद्वाज ने महर्षि सदाफल देव जी महाराज के द्वारा रचित सद्ग्रंथ स्वर्वेद की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि सदग्रंथ स्वर्वेद विहंगम योग का संविधान है,जो अध्यात्म के तत्वज्ञान से परिपूर्ण है। यह विहंगम योग के पथिकों के लिए आचार संहिता है। स्वर्वेद को अपने जीवन में आत्मसात कर उसके सिद्धांतो के अनुरूप कार्य व्यवहार करने से ही मानव जीवन का कल्याण होता है। इसलिए सद्ग्रंथ स्वर्वेद को अपने जीवन का आधार बनाने की आवश्यकता है। काशी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि स्वर्वेद के अखंड पाठ के समापन के बाद शुक्रवार को एकल कुंडीय हवन यज्ञ एवं विशेष सत्संग गोष्ठी होगा। अखंड पाठ में उपेंद्र यादव,बिहारी प्रसाद गुप्ता, कर्मदेव साव,महेंद्र प्रजापति, पवन कुमार गुप्ता,कुसुम देवी,ललिता देवी,विमला देवी सहित कई भक्त जन शामिल थे।

### बकाया मजदूरी भुगतान को लेकर वन श्रमिकों ने दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड वन श्रमिक यूनियन के बैनर तले पलामू व्याघ्र परियोजना के सैकड़ा वन श्रमिक अपने बकाये मजदूरी एवं 12 सूत्री मांगों को लेकर मुख्य वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना मेदिनीनगर कार्यालय के प्रांगण में रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। धरना स्थल पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष सिद्धि नाथ झा ने कहा कि पलामू व्याघ्र परियोजना कार्यालय से लेकर प्रक्षेत्रों तक 400 सौ दैनिक श्रमिक लम्बी अवधि से कार्यरत है। जिन्हे पिछले तीन वर्षो से मजदूरी नहीं मिली है। वहीं 350 वनश्रमिकों की मजदूरी केंद्र योजना बताकर आवंटन के




अभाव में नहीं किया जाना बताया जाता है। चालू वितीय वर्ष 2022-23 में माह अप्रैल से अब तक मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है। जिससे वन श्रमिक विभागीय पदाधिकारियों का उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। महामंत्री मोमिन अंसारी, मुकुट स्टीफन तिर्की, बेनेदिक लकड़ा, मनोज पासवान, जीतवाहन सिंग, अशोक सिंग, सुधिर कुमार तिवारी, श्रीकांत मिश्रा आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा किया श्रमिकों का बकाया भुगतान नहीं किया गया तो, अगामी 22 फरवरी से अनिश्चितकालिन धरना का आयोजन किया जायेगा। धरना के बाद यूनियन की ओर से मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना के नाम 12 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

### आयुक्त सभी के दिल में हमेशा बसे रहेंगेः अभिभावक संघ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अभिभावक संघ के सभी पदाधिकारियों ने पलामू आयुक्त जटाशंकर चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर मुलाकात की । अभिभावक संघ के सभी पदाधिकारियों ने उनकी कार्यों की प्रशंसा की । अभिभावक संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पाण्डेय ने कहा कि आयुक्त पलामू के लोगों के दिल में हमेशा बने रहेंगे। आयुक्त कृषि, शिक्षा और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में असाधारण कार्य करके एक लंबी लकीर खींची है। उन्होंने कहा कि आयुक्त अपने पद से भी ज्यादा अपने सचरित्रता,विशिष्ट व्यक्तित्व के लिए व समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहने के लिए जाने जाते हैं। आयुक्त ने भी सभी का आभार जताया और पलामू के विकास में आगे बढ़ने का हौसला दिया। मौके पर अभिभावक संघ के प्रदेश महासचिव ई.आकाश कुमार सिंह,अर्पण कुमार व नरेश पाण्डेय मौजूद रहें।



## NEWS इन ब्रीफ

### करकोमा गांव से दो पशु तस्कर गिरफ्तार, जेल



**मेराल।** मेराल पुलिस बुधवार के रात्रि थाना क्षेत्र के करकोमा गांव से एक दर्जन गोवंशीय पशुओं के साथ दो पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पशु तस्कर कमरुद्दीन अंसारी पिता सहादन मियां, तथा इसहाक अंसारी पिता अब्दुल शकूर खलीफा को तस्करी के लिए ले जाए जा रहे पशुओं के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त धुरकी थाना क्षेत्र के भंडार गांव के रहने वाले हैं। उपरोक्त दोनों के खिलाफ झारखंड गोवंश पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी जब्त पशुओं को स्थानीय लोगों के बीच जिम्मा नामा पर सौंप दिया गया है।

### एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन




**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ, उप प्रमुख शम्भु सिंह खरवार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक (पंचायती राज) अरूण पांडेय ने सरकारी योजनाओं का चयन के बारे में चर्चा की व कहा की इनका लाभ लोगों को मिले इसका यही उद्देश्य है। उन्होंने कहा की ग्राम पंचायत के विकास को लेकर यह प्रशिक्षण जनप्रतिनिधियों और प्रखंड कर्मियों को दिया जा रहा है। मौके पर पंचायती राज प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा,मुंगा साह, बसंती देवी, नीलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता, सहित प्रखंड कर्मी और मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट : खुटहेरिया दक्षिणी टीम हुए विजेता

**कांडी।** जिले के कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महंत श्री रामचन्द्र पूरी उच्च विद्यालय गरदाहा के खेल मैदान में बुधवार को युवा संघर्ष सेना के तत्वाधान में हो रहे महंत श्री रामचंद्र पूरी की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का फाइनल मुकाबला को खेला गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने खेल मैदान में पहुंच कर दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बल्लेबाजी कर खेल का शुभारम्भ किया। इससे पूर्व युवा संघर्ष सेना की टीम ने भाजपा युवा नेता मुन्ना चन्द्रवंशी को माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। खुटहेरिया दक्षिणी की टीम ने कांडी टीम को पांच विकेट से हराकर टॉफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कांडी बनाम खुटहेरिया दक्षिणी टीम के बीच खेला गया। 12-12 ओवर के इस फाइनल मैच में कांडी की टीम के खिलाड़ी 9.3 ओवर में कुल 72 रन बना कर ऑल आउट हो गई। कांडी टीम के एलेक्स ने 37 रन बनाया। खुटहेरिया टीम के राजा ने 3 ओवर में चार रन देकर 6 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज खुटहेरिया टीम के खिलाड़ी राजा को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग स्कूल प्रबंधन समिति से लिखवाकर मुझे दीजिए इस मैदान में स्टेडियम का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अगर मेरे बीपीएड कॉलेज में नामांकन कराते हैं तो फीस में 10 हजार माफ हो जाएगी।

## उपायुक्त ने त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक

# जनहित में कार्य करें बैंक : रमेश घोलप




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

उपायुक्त रमेश घोलप ने बैंकों से आग्रह किया है कि वे जनहित में काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि जो लक्ष्य पहले से तय हैं, उनकी पूर्ति के लिए काम करना चाहिए। वह तृतीय त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

घोलप ने कहा कि केसीसी/मुद्रा जैसे ऋण का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों तक कैसे पहुंचे, इस संबंध में बैंकों को गंभीरतापूर्वक काम करने की जरूरत है। इस बैठक में वार्षिक ऋण योजना में विभिन्न बैंकों की उपलब्धियां, सी.डी. रेशियो, केसीसी, मुद्रा ऋण, बीमा योजना आदि पर विमर्श हुआ। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण जीविका मिशन, महिला स्वयं सहायता समूह योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम समेत अन्य की उपलब्धियों के संबंध में भी चर्चा की गई और उपायुक्त ने जरूरी निर्देश भी दिये। उपायुक्त ने एलडीएम को निर्देशित किया कि वह लगातार बैंकों से संपर्क में रहें और लाभुकों को ऋण देने समेत अन्य समस्याओं का समाधान त्वरित तौर पर कराएं।

बैठक में सीएसआर मद से गढ़वा के सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा हुई। सीडी रेशियो बढ़ाने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जानना चाहा कि क्या नए ब्रांच खोलने में कोई दिक्कत हो रही है। अगर ऐसा है तो उन्हें बताया जाए।

### नियोजन अधिनियम व नियोजन नियमावली पर एक अवलोकन कार्यशाला आयोजित

समाहरणालय के सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियोजन नियमावली 2022 पर एक अवलोकन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से नियमावली से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नियमावली के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित चेम्बर ऑफ कॉमर्स समेत अन्य प्रतिनिधियों को झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के अनुपालन का निर्देश दिया एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर श्रम विभाग से संपर्क करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में पलायन को रोकने के उद्देश्य से इस नियमावली को लागू किया गया है, जिससे स्थानीय स्किल्ड अथवा नॉन स्किल्ड लोगों को रोजगार के क्षेत्र में सहयोग मिल सके।

उपरोक्त अधिनियम सह नियम के लागू होने के बाद राज्य अंतर्गत प्रत्येक नियोक्ता (अधिनियम में परिभाषित) द्वारा रू. 40,000 से अनधिक या सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित अधिसीमा तक सफल मासिक वेतन या मजदूरी वाले ऐसे पदों जो अधिसूचित होने की तिथि को रिक्त हो एवं उसके उपरान्त उत्पन्न कुल रिक्ति का 75 प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजित किया जाना अनिवार्य होगा।

बैठक में मुख्य रूप से जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनिता पूर्ति, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, नीतीश कुमार निशांत, औद्योगिक संस्थान के प्रतिनिधि, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापक, आउटसोर्सिंग एजेंसी, विभिन्न प्रतिष्ठानों के मालिक एवं अन्य संबंधित उपस्थित थें।

# बीडीओ ने की प्रखंड के सभी डीलरों संग बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड के सभी डीलरों के साथ पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा को लेकर बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने सभी डीलरों को अपवाद पंजी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया जो कि जांच के क्रम में किसी भी डीलर का पूर्ण नही रहता है प्रचार प्रसार कर सभी लाभुकों का आधार सीडिंग एवं मोबाइल नम्बर 14 फरवरी तक जोड़ने का निर्देश दिया।

सुखी सम्पन एवं अयोग राशन कार्डधारियों का राशन कार्ड से नाम हटाने का सूची बना कर उपलब्ध कराने को कहा।

ऐसे लाभुक जो बिगत छः माह या अधिक से अपना राशन उठाव नही किए वैसे कार्डधारियों का भौतिक सत्यापन कर कर तार्किक आदेश के साथ कारवाई करें। ऐसे लाभुक जिसकी मृत्यु हो गई हो वैसे लाभुक का राशन कार्ड से नाम हटाने का निर्देश दिया।

इस मौके पर पीडीएस कंप्यूटर ऑपरेटर आलोक कुमार, अरुण यादव, अभय चौबे, राजेश राम, अनील सिंह, विजय उराँव, हृदया पासवान, हृदया सिंह, अनिल सिंह, सरजू राम, विजय यादव, दशरथ बैठा, अनिल राम, सीताराम मेहता सहित अन्य डीलर उपस्थित थे।

# वनभोज कार्यक्रम में शामिल नेताओं के प्रति मंडल इकाई ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

प्रखंड मुख्यालय बड़गड़ में आयोजित भारतीय जनता पार्टी द्वारा वनभोज कार्यक्रम सह कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल हुए विधायक आलोक चौरसिया सहित गढ़वा एवं पलामू जिले वरिष्ठ भाजपा नेताओं के प्रति बड़गड़ के भाजपा कार्यकताओं ने आभार व्यक्त किया है। विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश एवं मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद ने कार्यक्रम के समापन के पश्चात संयुक्त रूप से कहा कि नीलांबर-पीतांबर कि पावन भूमि पर आप सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आगमन से यहां के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। जिसके लिए मंडल इकाई बड़गड़ के सभी मोर्चे की ओर से आगंतुक नेताओं के प्रति आभार प्रकट करते हैं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक के सार्थक प्रयास से सुदूरवर्ती बड़गड़, भंडरिया जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में यहां के लोगों कि समस्याओं को ध्यान में रखकर उगरा में कनहर नदी पर पुल का शिलान्यास इन दोनों जन प्रतिनिधियों के द्वारा जल्द ही किए जाने कि घोषणा तथा बरवाडीह से अंबिकापुर तक रेलवे लाइन के निर्माण कार्य कि दिशा में कार्य प्रगति पर होने की कही गई।

बताया गया कि उक्त रेल परियोजना के अंतर्गत पड़ने वाले सभी पुल पुलिया का मिटटी जांच का कार्य शुरू है। यह तोहफा भी यहां के लोगों को जल्द मिलेगा। इसका आश्वासन भी विधायक द्वारा दिया गया जो काफी महत्वपूर्ण है। कार्यकताओं ने कहा कि सांसद एवं विधायक द्वारा किए जा रहे कार्यों के बदौलत ही कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के समक्ष बड़गड़ एवं भंडरिया के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 71 लोगों ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामा है।

जिन्हें विधायक ने माला पहनाकर एवं एवं अंगवस्त्र प्रदान कर पार्टी की सदस्यता दिलाई एवं उनका स्वागत किया। आभार व्यक्त करने वालों में सांसद प्रतिनिधि आनन्द सोनी, चंद्रेश प्रसाद, प्रदीप उरांव, सुनील दास, रामचंद्र सिंह, परशुराम सिंह, रामसेवक रजक, जलील अंसारी, सुनीता देवी, रमेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, मुकेश सोनी, रवि सोनी, अखिलेश पांडेय, रंजन सोनी, प्रकाश सोनी, बिरनाथ सिंह, बब्लू पांडेय आदि सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने कहा विधायक अपने 8 वर्षों में नहीं ली किसी की सुध

बड़गड़ में आयोजित वनभोज कार्यक्रम में विधायक आलोक चौरसिया के दिए गए बयान पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की राज्य सरकार द्वारा पारित किये गये 1932 खतियान आधारित नियोजन निति से पल्ला झाड़ने के लिए गलत बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा के दबाव में महामहिम राज्यपाल के द्वारा निति के प्रस्ताव को वापस कर दिया गया है। विधायक द्वारा बेरोजगारी पर दिये गये बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है की भाजपा के रघुवर सरकार में बेरोजगारों पर लाठियां बरसती थी पर झामुमो के सरकार में पारा शिक्षकों सहित अन्य अनुबंध कर्मियों को उचित सम्मान देने का कार्य किया गया है। उन्होंने विधायक द्वारा बूढ़ा पहाड़ पर विकास की नींव रखने पहुंचे मुख्यमंत्री पर सवाल खड़ा करने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है की झामुमो माटी की पार्टी होने के नाते हमेसा आदिवासीओं एवं मूलवासियों के हित में कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने अपने तीसरे वर्ष के कार्यकाल में बूढ़ा पहाड़ पर शांति का माहौल स्थापित कर वहां रहने वाले लोगों के उत्थान को लेकर कार्य कर रही है। लेकिन विधायक अपने 8 वर्षों के कार्यकाल में एक बार भी सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले अभावग्रस्त लोगों की सुध भी नहीं ली। विधायक को अपने ही विधानसभा क्षेत्र में हो रहे बालू एवं पत्थर के अवैध कारोबार दिखाई नहीं पड़ रहा है। वनभोज कार्यक्रम स्थल से सटे हड़वार नदी से पिछले दिनों बड़े पैमाने पर अवैध पत्थर एवं बालू का कारोबार किया जा रहा था।

# तीन माह से राशन नहीं, आदिम जनजाति महिलाओं ने रमना प्रखंड का किया घेराव




**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

गम्हरिया पंचायत के गरदा गांव प्रखंड मुख्यालय से करीब 15-20 किमी दूर के आदिम जनजाति परिवार के लाभूकों को तीन माह से पीटीजी योजना का लाभ नही मिल रहा है। जिससे नाराज 20-25 महिला लाभूको ने बुधवार को रमना प्रखंड का घेराव किया, पीटीजी लाभुको नें कहा की गरदा ग्राम में गरदा ही उड़ता है और इस वर्ष वर्षा नहीं होने के कारण धान फसल थोड़ा भी नहीं हुआ है और पिछले तीन माह से राशन नहीं मिलने से जीवन- यापन करना मुश्किल हो गया है। जंगल से सुखी लकड़ी चुन कर वंशीधर नगर बाजार में बेचते है जिसकी कीमत भी परिवार चलाने के लिए नहीं मिल पाता, और इसी काम से किसी प्रकार नून-तेल चलता है, आज सब काम-काज छोड़कर राशन के लिए प्रखंड आने को विवश हुए। प्रखंड पर राशन नहीं मिलने की विरुद्ध पहुंची फुलमतिया देवी, रजवंती देवी, रुकमनिया देवी, चिंता देवी, रजमनिया देवी, महेश्वरी देवी, सकुंती देवी, सरस्वती देवी सहीत कुल 43 लाभूक परिवार को राशन वितरण की मांग को लेकर रमना प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। लाभूका का कहना है कि पीटीजी योजना के तहत राशन का पैकेट घर तक पहुंचाना है लेकिन नवंबर माह से ही राशन नही पहुंच रहा है। सुखाड़ का स्थिति बना हुआ है खरीफ फसल का बोआई नही हुआ है। रवि फसल भी पानी के अभाव में दम तोड़ रहा है। इस विकट स्थिति मे सिर्फ सरकारी राशन ही एक मात्र सहारा है, लेकिन वह भी समय पर नही मिल रहा है। प्रमुख करुणा सोनी अपने कार्यालय से बाहर आकर लाभूकों के समस्याओं से अवगत होते हुए इस माह के पांच तारीख तक निराकरन कराने का आश्वासन दिया। लाभूक एमओ से वार्ता करने पर अड़े हुए थे। पीटीजी लाभूकों के द्वारा घेराव किए जाने की सूचना के बाद लाभूकों के बीच पहुंचे सीओ सह एमओ सतीश कुमार सिन्हा ने लाभूकों को कहा कि पीटीजी मद मे आंवटन प्राप्त नही हुआ है। लेकिन बुधवार को लाभूकों के घर तक नवम्बर माह का अनाज पहुंचाने का काम शुरू करा दिया जाएगा। गत माह के बकाया राशन भी जल्द ही उपलब्ध करा दिया जायेगा। सीओ सतीश कुमार सिन्हा के आश्वासन पर नाराज लाभूक परिवार के सभी महिलाएं घर वापस हुए।

# बीजेपी जिला स्तरीय कार्य समिति का बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। मंझिआंव**

गढ़वा मंझिआंव प्रखंड के शिवेसर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज में भाजपा जिला स्तरीय कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक तीन सत्रों में किया गया जिसमें सबसे पहले करकर्ताओका पंजीयन, उद्घाटन एवं अध्यक्षीय उद्बोधन, डाटा प्रबंधन का उपयोग सोशल मीडिया का प्रभाव केंद्र सरकार की उपलब्धियां एवं द्वितीय सत्र में संगठनात्मक चर्चा जैसे शक्ति केंद्र भूत कमेटी पन्ना प्रमुख का गठन एवं प्रधानमंत्री जी के मन की बात एवं तृतीय सत्र में जी-20 का नेतृत्व करता भारत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विश्व क्षितिज पर चमकता भारत राजनीति पर चर्चा राज्य सरकार की नापाक नाकामी एवं हमारी भूमिका जैसे अन्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रदेश सेवा में जिला के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा कार्यकारिणी जिला स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश से जिला प्रभारी एवम विश्रामपुर ,मंझिआंव विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक सह विकास पुरुष रामचंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे। वही मुख्य अतिथि के रूप में रामचंद्र चंद्रवंशी, अमित सिंह, ओमप्रकाश केसरी, विभाकर पांडे, अलखनाथ पांडे, सहित अन्य प्रदेश से जिला प्रभारी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर भाजपा जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## रोजगार सेवक का स्थानांतरण रोकने के लिए ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

# आरोपों की पुष्टि नहीं तो ट्रांसफर क्यों?



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत के रोजगार सेवक छोटन कुमार के तबादले के खिलाफ ग्रामीणों ने गुरुवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटन पर कोई आरोप नहीं है, न ही किसी आरोप का प्रमाण है। लिहाजा, उन्हें यहीं काम करने दिया जाए।

ज्ञापन में लिखा गया है कि छोटन कुमार का काम संतोषप्रद रहा है। उनके कार्यकाल में मनरेगा योजनाओं को गति मिली और स्थानीय मजदूरों को वक्त-बेवक्त रोजगार भी उपलब्ध हुआ। अगर पंचायत में कुछ असामाजिक तत्व विकास कार्यों को देखना नहीं चाहते तो उसके लिए छोटन कुमार को क्यों दंडित किया जाए?

ग्रामीणों ने ज्ञापन में लिखा है कि जो लोग छोटे-छोटे वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल रहे हैं, वे दरअसल रोजगार सेवक और पंचायत को बदनाम करना चाहते हैं। ये सब एक षड़यंत्र है। जब तक आरोपों की पुष्टि न हो जाए, तब तक छोटन का तबादला न हो। उनके स्थानांतरण से पंचायत का विकास कार्य रूक जायेगा।

ज्ञापन देने वालों में शंकर यादव, मीना देवी, गुलबास देवी, संतोष प्रजापति, यमुना सिंह, सूर्यमणि देवी, नीलम देवी, गुडु कुमार, अमिता देवी, सुरेश्वर सिंह चेरो, सोमारी देवी आदि के दस्तखत हैं।

## लेनिन कामरेड बाबू जगदेव प्रसाद की 101वीं जयंती मनाई गई

# कामरेड जगदेव प्रसाद पिछड़ों के नेता थे : सुभाष



### सामंतवादियों के आगे और आपसी मतभेद के कारण आज तक उनका सपना साकार नहीं हो सका

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव स्थित कोइरीटोला डीहवार स्थल पर गुरुवार को लेनिन कामरेड बाबू जगदेव प्रसाद की 101वीं जयंती मनाई गई। मौर्य समाज प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता की अध्यक्षता में आयोजित जयंती कार्यक्रम में प्रखंड के कई नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि और कई समाजसेवी व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने बाबू जगदेव की जयंती पर विशेष रूप से प्रकाश डाला साथ ही उन्हें पिछड़ों का एक क्रांतिकारी नेता भी कहा। कार्यक्रम में प्रदेश के महामहिम के द्वारा 1932 आधारित खतियान विधेयक को वापस लौटाने के खिलाफ गूंज भी उठी। समाजसेवी सुभाष मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि सिवान जिले के कुर्था गांव में जन्मे बाबू जगदेव प्रासाद का जीवन काल सिर्फ और सिर्फ पिछड़ों के उत्थान में गुजर गया। जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की मांग को लेकर वे हर समय मुखर रहने वालों नेता में से एक थे। बावजूद सामंत वादियों के आगे और आपसी मतभेद के कारण आज तक उनका सपना साकार नहीं हो सका। पिछड़ा समाज आज तक अपने आरक्षण की अधिकार की लड़ाई लड़ते रहा लेकिन नहीं मिल पाया। उसके लिए हम सभी को एक सांगठनिक रूप से लड़ाई लड़ने की जरूरत है। रणधीर सिंह ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद के विचारों को अपनाते हुए सभी पिछड़े समाज को एक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा झारखंडवासियों के लिए लाई गई 1932 आधारित खतियान विधेयक के समर्थन में हम सभी को खुलकर सामने आने की जरूरत है। इसी तरह जब तक नहीं लड़ोगे तब तक नहीं पाओगे की बात बताते उन्होंने कहा कि सभी को मजबूती के साथ 52% आरक्षण की मांग को लेकर भी आगे आना चाहिए। रामाशीष प्रसाद ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद पिछड़ो के अधिकार के लिए जगह जगह पर लड़ते रहे। उसी तरह हम लोगों को भी आरक्षण के लिए लड़ने की जरूरत है। कार्यक्रम को अशोक प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, विवेकानंद, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, रामाधार मेहता, इत्यादि लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर लल्लन महतो, रवि किशन कुशवाहा, देवनाथ राम, दया मेहता, अजय मेहता, चंदन मेहता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कार्यक्रम | मनरेगा दिवस के अवसर पर पंचायत के मनरेगा मजदूर हुए सम्मानित

# काम के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं : मुखिया

### मौसमी कैलेंडर के अनुसार योजनाओं की स्वीकृति देकर उन्हें वर्ष भर दिया जाएगा काम : मुखिया




**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

डंडई पंचायत में गुरुवार को धूमधाम के साथ मनरेगा दिवस मनाया गया । उक्त अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर निबंधित मनरेगा मजदूरों को सम्मानित करने का काम किया गया। पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुखिया धनवंती देवी व पंचायत सचिव सुदर्शन राम ने पंचायत के 4 मजदूरों को चादर व गमछा ओढ़ा कर सम्मानित करने का काम किया। इस दौरान मनरेगा मजदूर उदयराम, सुमंत पांडे, कामाख्या नारायण सिंह व सजरुल बीवी को उक्त लोगों के द्वारा सम्मानित किया गया। वही माला, स्टॉल चादर और गमछा ओढ़कर सम्मानित हुए उक्त मनरेगा मजदूर काफी खुश नजर आए। लोगों ने बताया कि हम लोगों को यह पता भी नहीं था की काम करने वाले मजदूर कभी सम्मानित भी होते हैं। लेकिन आज का दिन हमलोगों के लिए गौरव का दिन था कि सड़क, टीसीबी, मेड़बंदी, कुआं, शेड और डोभा में काम करने के बाद भी पंचायत के मुखिया धनवंती देवी व पंचायत सचिव सुदर्शन राम के द्वारा आज हमलोगों को ससम्मान सम्मानित करने का काम किया गया। उक्त लोगों के सम्मान से हम सभी मनरेगा मजदूर काफी अंगीभूत हैं। मौके पर मुखिया धनवंती देवी ने बताया कि आज ही के दिन पूरे देश में मनरेगा योजना लांच किया गया था। उसी के उपलक्ष मे पंचायत सचिवालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर मैं अपने पंचायत के मनरेगा मजदूरों को सम्मानित करने का काम किया हूँ। इस बीच वर्ष भर में 100 दिन का रोजगार पाने वाले मजदूरों को सम्मानित करने का काम किया गया है। मनरेगा मजदूरों में महिला को स्टाल चादर जबकि पुरुषों को गमछा ओढ़ा कर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को मजदूरी के लिए कहीं भी बाहर जाने की जरूरत नहीं है। मौसमी कैलेंडर के अनुसार योजनाओं की स्वीकृति देकर पंचायत के अंदर पूरे वर्ष उन्हें काम दिया जाएगा। वहीं पंचायत सचिव सुदर्शन ने कहा कि आज का दिन मनरेगा मजदूरों को सम्मानित करने का दिन था । उसी लिहाज से पंचायत के मनरेगा मजदूरों को सबसे पहले स सम्मान माला पहना कर सम्मानित किया गया। उसके बाद बारी-बारी से महिला व पुरुष मजदूरों को स्टाल चादर व गमछा ओढ़ा कर सम्मानित करने का काम किया गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, ओमप्रकाश, प्रमोद कुमार, तौफीक अंसारी, योगेंद्र कुमार, याकूब अंसारी, श्रीकांत प्रसाद,करीम सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

### अंचल अधिकारी के पिता का निधन, शोक

**बालूमाथ।** अंचल अधिकारी आफताब आलम के पिता के अस्मिक देहांत पर लोगों ने शोक व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार अंचल अधिकारी अफताब आलम के पिता रांची के चर्चित अस्पताल मेडिका हॉस्पिटल में इलाज रत थे। जिनकी गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे देहांत हो गए। जिससे बालूमाथ प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के नेता, जन प्रतिनिधि, पत्रकार, पुलिस-प्रशासन, अंचल व प्रखंड कर्मी, समाजसेवी के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, आमिर हयात, ऐश्वर्य उरांव, प्रदीप यादव, पत्रकार अजीत कुमार, अनिल प्रजापति, देवनंदनन प्रसाद समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने दुःख व्यक्त की। और अमृत आत्मा की शांति के लिए कामना की।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला आयोजन आज

**चंदवा।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन लातेहार विधायक बैधनाथ राम व सिविल सर्जन दिनेश कुमार के द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी एनके पांडेय ने कहा है कि मेले में विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच कर दवा का भी वितरन किया जायेगा उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य मेले का लाभ लेने की बात कही है। इसको लेकर वयापक रूप से प्रचार प्रसार किया गया है। स्वास्थ्य मेले को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

### प्रखंड कार्यालय में मनाया मनरेगा दिवस

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को मनरेगा दिवस का आयोजित किया गया। इस क्रम में 100 कार्य दिवस पूर्ण करने वाले मजदूरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि मेट की सहभागिता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### बीआरसी में आयोजित की प्रखंड स्तरीय गुरु गोष्ठी

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड संसाधन केंद्र में गुरुवार को पीरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम के तहत गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां बीपीओ महावीर पासवान व पीरामल फाउंडेशन की दीपांशी निगम ने बुनियादी शिक्षा अभियान कार्यकम को विस्तार से समझाते हुए बच्चों की शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए संसाधनों के बेहतर उपयोग पर बल दिया। इस बावत पुस्तकालय, मॉर्निंग असेंबली, बाल संसद आदि को फंक्शनल करने पर जोर दिए गए। वहीं शिक्षकों के सवालों का समाधान करते हुए आदित्य शाह ने बुनियादी शिक्षा में संख्यात्मक एवं भाषाई कौशल विकास के बारे में जानकारी दिए। मौके पर प्रखंड साधन सेवियों समेत विद्यालयों के प्रभारी व अन्य मौजूद थे।

### पाण्डेयपुरा शराब दुकान में प्रिंट से ज्यादा लिया जा रहा है

**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान में प्रिंट से अधिक दाम लेकर बेचे जाने का मामला सामने आया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी बात को लेकर बुधवार शाम में एक व्यक्ति अरवेंदर कुमार से शराब कर्मचारी की लड़ाई भी हो गई। लोगों का आरोप है कि अंग्रेजी शराब दुकान कर्मचारी और सेल्समेन की मिली भगत से प्रिंट रेट 200 रुपये की अंग्रेजी शराब की बोतल 240 रुपया में बेची जा रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर पाण्डेयपुरा शराब दुकान के कर्मचारी ने कहा की ऊपर तक कमीशन जाता हैं इसलिए लेते हैं। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# झाड़ी में फेंकी गई नवजात को दंपती ने बचाया, स्वयं ले लिया गोद

**सूचना प्रसारित होने पर सीडब्ल्यूसी ने लिया संज्ञान,**

**चेयरपर्सन धनंजय तिवारी के नेतृत्व में बड़ी मशक्कत से पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बच्चे को किया गया रेस्क्यू**



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/सिमरिया**

सिमरिया थाना क्षेत्र के चलकी गांव के झाड़ी में फेंकी गई नवजात बच्ची को गांव के ही दंपति ने उठाकर बचाई जान और बगैर संबंधित ओं को सूचना दिए हुए ले लिया गोद। इसकी सूचना जब सोशल मीडिया व विभिन्न समाचार पत्रों से सीडब्ल्यूसी को हुई तो स्वतः संज्ञान लेते हुए सीडब्ल्यूसी की टीम चेयरपर्सन धनंजय तिवारी के नेतृत्व में सिमरिया गई और स्वास्थ्य विभाग तथा पुलिस से समन्वय स्थापित कर गांव पहुंची। श्री तिवारी रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक करमाली तथा पुलिस के साथ बजापते मेडिकल टीम एंबुलेंस लेकर चलकी गांव पहुंच दंपति व गांव वाले को समझाया कि इस तरह बच्चा रखना कानूनन गलत है। किसी भी स्थित में इस तरह के किसी भी बच्चे को नहीं रखा जा सकता है और घंटों मशक्कत करने के बाद स्थानीय उप मुखिया व समाजसेवियों के सहयोग से नवजात को दंपति से चाइल्ड लाइन टीम सदस्य अनीता मिश्रा ने लेकर स्वास्थ्य टीम के साथ सीडब्ल्यूसी कार्यालय पहुंचकर चेयरपर्सन श्री तिवारी के उपस्थिति में समिति को सौंपा। उसके बाद बच्ची को उपचार हेतु अस्पताल में सीडब्ल्यूसी ने भर्ती कराया। नवजात फिलहाल स्वस्थ है और डॉक्टरों की निगरानी में है। मालूम हो कि बीते सोमवार की रात राजू भारती शौच के लिए घर से बाहर गया हुआ था तो झाड़ी के समीप नवजात बच्ची के रोने की आवास सुनी। इसके बाद नवजात को उठाकर घर ले आया, स्थिति अच्छी नहीं थी तो इलाज के लिए अस्पताल ले गया और इलाज कराने के उपरांत वापस घर ले गया। हालांकि दंपत्ति नवजात को वापस नहीं करने की जिद पर अड़े रहे। काफी देर वार्ता करने के बाद दंपति ने रोते बिलखते नवजात शिशु को सौंप दिया। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे। इस संबंध में सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन श्री तिवारी ने बताया कि इस तरह के बच्चों को रखना कानूनी रूप से वैध नहीं है। जब भी इस तरह के बच्चे किसी भी आम नागरिक को मिलें तो सीडब्ल्यूसी, चाइल्ड लाइन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग या अन्य संबंधित संस्थानों को सूचना दें ताकि बच्चे को सुरक्षित रखा जा सके। ऐसे बच्चों के लिए दत्तक ग्रहण केंद्र बनाए गए हैं और गोद लेने के लिए नियम बनाए गए हैं, नियम के तहत निःसंतान दंपति को पूरी आहर्ता पूरी करने पर बच्चे नियमानुसार मिलेंगे।

# डीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त भोर सिंह यादव ने बुधवार की शाम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान ओपीडी, दवा काउंटर समेत विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया।और मौजूद सिविल सर्जन को कई आवश्यक निर्देश दिए।उपायुक्त ने इस दौरान कहा की मरीजों को यहां किसी प्रकार की दिक्कत नही होनी चाहिए यह सुनिश्चित करे। दवा की पूरी व्यवस्था रखे ताकि मरीजों को इलाज के साथ साथ दवा मुहैया हो सके।उन्होंने भर्ती मरीजों के वार्डो में भी पहुंच जायजा लिया।एवम कई निर्देश दिए गए।उन्होंने सदर अस्पताल को दुरुस्त एवम एक्टिव रखने का निर्देश दिया। मौके पर आईटीडीए निदेशक बिंदेश्वरी ततमा, एसडीओ शेखर कुमार,अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप,सिविल सर्जन दिनेश कुमार, डीएस डॉक्टर अरविंद कुमार , डॉक्टर नीलमणि कुमार, वेद प्रकाश,राम देव सिंह, अंजनी अंजन समेत अन्य मोजूद थे।

## बीडीओ ने हरातू मध्य विद्यालय का किया निरीक्षण

# ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय राम भरोसे : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने गुरुवार को प्रखंड के हरातू मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दौरान दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार सिंह एवं सहायक शिक्षक भुनेश्वर राम अनुपस्थित पाए गए। वही विद्यालय में अध्यनरत बच्चे राम भरोसे अपनी पढ़ाई करते देखे गए। बीडीओ ने विद्यालय की अव्यवस्था को देखकर विद्यालय में मौजूद शिक्षकों को फटकार लगाते हुए विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को अपने बच्चों की तरह पठन-पाठन करवाने की नसीहत दी। और अपने ही बच्चों की तरह शिक्षित करने पर जोर दिया। कहा कि सरकार द्वारा आप लोगों के विकास के लिए आए दिन कुछ ना कुछ घोषणा किए जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्र के सभी शिक्षक अपनी कर्तव्य से विमुख होकर बच्चों की पढ़ाने पर एकदम ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय पूरी तरह राम भरोसे संचालित हो रहे। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय परिसर में किसी भी तरह की पढ़ाई का माहौल नहीं देखने को मिलरहा जो बहुत ही चिंता का विषय। उन्होंने मौके पर तैनात अन्य शिक्षकों से विद्यालय शिक्षा का स्तर में सुधार लाने पर जोर दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इससे पूर्व कई विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालय में पठन-पाठन के स्तर में काफी गिरावट पाया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इसकी शिकायत लातेहार उपायुक्त व संबंधित अधिकारियों से करते हुए संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई करने की बात कही।

### बीडीओ ने हरातू पंचायत के कई गांवों किया दौरा

**प्रखंड** विकास पदाधिकारी राकेश सहाय गुरुवार को प्रखंड के सुदूर हरातु पंचायत का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को निदान करने का प्रयास किया। बीडीओ के साथ जिप सदस्य कन्हाई सिंह, पंचायत के मुखिया, समाजसेवी निजामुद्दीन अंसारी,राजस्व कर्मचारी समेत अन्य लोग उनके साथ थे। बीडीओ ने सर्वप्रथम हरातू गांव पहुंचकर हरातू कब्रिस्तान विवाद सुलझाने हेतु पहल की गई। दोनों पक्षोंसे वार्ता कर दोनों पक्षों को समझाया गया। जानकारी हो की पंचायत में कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान की घेराबंदी का प्रस्ताव है। जो काफी दिनों से विवाद के कारण कार्य बाधित है। बीडीओ ने राजस्व उपनिरीक्षक और समाजसेवी निजामुद्दीन अंसारी के साथ स्थानीय उभय पक्षों को के साथ लंबी बातचीत की जिसमे उम्मीद किया जा रहा है कि कब्रिस्तान की जमीन को लेकर चले आ रहे विवाद है उसे सौहार्दपूर्ण तरीके से रजामंदी से सुलझा लिया गया जिससे एक सप्ताह केअन्दर कब्रिस्तान निर्माण का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। बीडीओ इसके बाद लादी गांव का भी दौरा किया वहां लोगों से मुलाकात करते हुई गांव की बिजली पानी की समस्या से अवगत होते हुई। बीडीओ ने लोगों ने को बताया कि पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा हर घर नल जल योजना हेतु टेंडर हो चुका है और शीघ्र ही सभी घरों को नल से पानी की आपूर्ति की जाएगी। वही सहायक अभियंता विद्युत विभाग ने खराब पड़े ट्रांसफार्मर को 15 दिनों के अंदर बदलने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही गलत बिजली बिल को जल्द से जल्द सुधारने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ में नये ऑडिटोरियम का विधिवत शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**




संत जेवियर महुआडांड़ के नये ऑडिटोरियम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आस्ट्रेलियन मेहमानों का झारखंडी संस्कृति से स्वागत किया गया। इस दौरान कॉलेज में 'शिक्षा शास्त्र एवं उच्चतर शिक्षा पर अन्तर्राष्ट्रीय व्याख्यान' एवं रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नये ऑडिटोरियम का विधिवत आशिष डाल्टनगंज डायसिस के विशप थेओडोर मस्करेनस द्वारा पवित्र मिस्सा से संपन्न हुआ कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश ने कहा कि अब संत जेवियर कॉलेज को अति सुविधायुक्त वाले प्रेक्षागृह का तोहफा मिल गया। कॉलेज में 3000 लोगों की क्षमता वाले इस प्रेक्षागृह भवन का तैयार हो जाना गौरव की बात है। पूर्व में कॉलेज के बड़े आयोजन खुले में कराने पड़ते थे। खुले में आयोजन कराने से अब साज-सज्जा, पंडाल, कुर्सी आदि की व्यवस्था में भी काफी समय बचत होंगे। ऑडिटोरियम बन जाने से कॉलेज कलाकारों को काफी सहूलियत होगी। प्रेक्षागृह के सामने का हिस्सा बेहद आकर्षक है। खास बात यह है कि परिसर के चारों तरफ हरियाली पेड़-पौधे है। विशप थेओडोर मस्करेनस ने कहा आज की युवा पीढ़ी चरित्र, संस्कार, ज्ञान और धर्म को लेकर अलग-अलग ढंग से सोचती है, युवा पीढ़ी ही किसी भी देश और समाज की तस्वीर बदलने में सक्षम होती है। युवाओं की ऊर्जा और बुजुर्गों के अनुभव से ही परिवार, समाज और देश की पहचान बनती है।

आस्ट्रेलियन मेहमान मिस लिज किम ने कहा कि छेछाड़ी घाटी के कॉलेज शहर से दूर शिक्षा की अलख जगाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। फादर बॉब स्लेटरी कॉलेज के भविष्य शिक्षा का महत्व एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शिवा कुमार हमें जीवन के उच्च और महान आदर्शों की ओर प्रयास करने आवश्यकता है।

ऑडिटोरियम उद्घाटन समारोह में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा भारतीय एकता की झलकियां नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान विधानसभा ज्वाइंट सेक्रेटरी सुबल पन्ना, फादर दिलीप तिर्की कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण कीर्ति मिंज प्रो. नेहा मिंज, प्रो. अभय सुकुट डुंगडुंग, प्रो. रीमा, रेणु, प्रो. सुभास सामंत, प्रो. जाफर इकबाल, प्रो. दिव्य शोभा, प्रो. रोनित खेस, प्रो. शशिखेखर, प्रो. रोस एलिस एवं महुआडांड़ के अभिभावकगण एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## एनडीआरएफ की टीम टंडवा में देगी मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण

# एनडीआरएफ की टीम ने डीसी से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/टंडवा।**

एनडीआरएफ की टीम टंडवा प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी।

इस बावत अपर समाहर्ता ने अंचलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर सही स्थल का समुचित चयन करते हुए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मॉक ड्रिल प्रशिक्षण की निगरानी हेतु एसडीओ को नियुक्त किया गया है।

मामले की पुष्टि करते हुए सीओ विजय दास ने बताया कि पत्र के आलोक में सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। वहीं पटना एनडीआरएफ की टीम ने गुरूवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय में उपायुक्त अबु इमरान से मिल



टण्डवा क्षेत्र में मॉक ड्रिल चलाने को लेकर अनुमति मांगी। इस संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि टण्डवा क्षेत्र में अधिकतर खनन और फैक्टरी है इसलिए इस क्षेत्र में मॉक ड्रिल चलाने की आवश्यकता है। बताते चले कि यह मॉक ड्रिल जहरीली गैसों, रसायण से बचाव के संबंध में किया जाएगा।

# अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद की 101 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के रेलवे कॉलोनी ओबीसी कार्यालय गुरुवार को भारत लेनिन सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक एवं आर्थिक क्रांति का अग्रदूत अमर शहीद जगदेव प्रसाद का 101 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन रेलकर्मी ओबीसी संगठन द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन वरीय रेल चालक गुरु प्रसाद और सूरज प्रकाश ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबू जगदेव प्रसाद की तस्वीर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रेलवे के वरीय चिकित्सक संजय प्रकाश, प्रसाद गुरुप्रसाद पीके सिंह अजय कुमार यादव व अतिथि सदस्यों ने माल्यार्पण पर पुष्पांजलि




अर्पित कर नमन किया। इसके उपस्थित ओबीसी मोर्चा के अन्य सदस्यों ने भी बारी-बारी से बाबू जगदेव प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबू जगदेव प्रसाद अमर रहे आदि कई नारा लगाए। कार्यक्रम में सदस्यों ने बाबू जगदेव प्रसाद की जीवनी में प्रकाश डालते हुए बिहार के विकास में उनके योगदान की चर्चा की। कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद ओबीसी समाज के उत्थान के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता, इसी का परिणाम है कि जगदेव बाबू को बिहार के लेनिन व सामाजिक उत्थान के जनक माना जाता है। 1 दर्जन से अधिक सदस्यों ने संबोधित करते हुए बिहार के राजनीति में उनके द्वारा दिए गए योगदान के बारे में विस्तार से बताया।

मौके पर अखिलेश्वर प्रसाद, एके यादव, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, बसपा के श्री राम, चंदन मेहता, ऋषि कुमार, सीबी कुशवाहा, सौरभ कुमार, संतोष कुमार, निरंजन कुमार, सुमन कुमार, संजीत कुमार, विसी आजाद, एबी सिंह, पी के सिंह, लव कुमार, समेत काफी संख्या में रेल चालक, सहायक चालक व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सिसई-शिवपुर सड़क निर्माण में अनापत्ति को लेकर कवायद शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई-शिवपुर ट्रांसपोटिंग सड़क निर्माण को लेकर वन अनापत्ति हेतु ग्रामीणों द्वारा मिली जुली प्रतिक्रिया दी जा रही है।

ज्ञात हो कि अंचल कार्यालय के पत्रांक 74 दिनांक 19 जनवरी 23 के आलोक में कबरा पंचायत मुखिया ने पत्रांक 5/23 दिनांक 31जनवरी 23 को ग्राम सभा हेतु पत्र जारी किया गया था, जिसके आलोक में बुधवार को वृंदा गांव से ग्रामीणों ने अनापत्ति दे दिया। जबकि कटाही मिश्रौल गांव के लोगों ने विरोध करते हुए बैठक का बहिष्कार किया। दूसरी ओर गुरुवार को सिसई-खैल्हा व कबरा गांवों में अनापत्ति को लेकर निर्धारित बैठक का कुछ लोगों ने कड़ा विरोध किया, जिससे ठोस निष्कर्ष नहीं निकल सका। खैल्हा-सिसई निवासी जगदीश महतो ने बताया कि ट्रांसपोटिंग सड़क निर्माण से जन जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ने को लेकर ग्रामीण पूर्व में भी कड़ा विरोध कर चुके हैं। स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव व जान माल की सुरक्षा को लेकर लोगों को चिंता सता रही है। किसी भी सूरत में ग्रामीण सड़क निर्माण नहीं होने देंगे। कबरा निवासी पूर्व मुखिया उपेन्द्र यादव ने बताया कि ग्रामीणों ने एक स्वर में आयोजित बैठक का बहिष्कार किया है। दूसरी ओर डालमिया कंपनी प्रबंधन के सूत्रों की मानें तो ट्रांसपोटिंग सड़क निर्माण के विरोध में सक्षम अधिकारी तक पत्राचार करने की तैयारी चल रही है।

**लापरवाही** | निर्मित तहसील कार्यालय भवन बना शोभा की वस्तु

# नवनिर्मित भवन का नहीं हो रहा उपयोग

**मुबारक आलम**

चंदवा। प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर पंचायतों में ग्रामीणों की सहूलियत को देखते हुए तहसील कचहरी भवनों का लाखो रुपये के लागत से निर्माण कराया गया था। भवनों में कार्यालय कक्ष के साथ ही हर आधुनिक सुख सुविधा का ख्याल रख भवन का निर्माण कराया गया है पर कहें तो इन नवनिर्मित भवनों का किस्मत ही खराब है कई जगहों पर भवन को ग्रामीणों के द्वारा गोदाम के रूप में स्तेमाल में लाया जा रहा है तो कहीं के भवन की स्थिती ही दयनीय होती जा रही है।

इसी तरह का एक तहसील कचहरी प्रखंड मुख्यालय से लगभग आठ किमी की दूरी पर



स्थित मालहन पंचायत के लोहरसी गांव में बना है। लोहरसी में बने तहसील कचहरी का निर्माण हुए कई वर्ष बीत गए है पर यह भवन कभी खुलता ही नहीं। भवन को देखने से यह प्रतीत होता है कि जब से यह भवन बना है उसके बाद से ही कार्यालय कभी खुला हो। भवन के मुख्य दरवाजे पर घास फूस और झाड़ियां उग आई हैं।

स्थानीय ग्रामीण भवन के बनने से काफी खुश थे ग्रामीणों को लगा था कि अब जमीन संबन्धी कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पर अब अधिकारी कर्मचारी के नहीं आने से सभी खासे नाराज हैं कहते हैं कि इस भवन को बेकार ही बनाया गया है यहां कोई रहता ही नहीं हैं हम लोगों को आज भी अपने जमीन संबंधी आवश्यक कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय का ही चक्कर लगाना पड़ता है। इस से समय और धन दोनो जाया होता है। रख रखाव के अभाव में भवन भी भूत बंगला बनता जा रहा है।

# मिनी बैंक संचालक से हथियार के बल पर 1.13 लाख की लूट

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर**

प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया से रुपया निकालकर टेंपो से नावाडीह जा रहे बीसी संचालक मुन्ना प्रजापति से थाना क्षेत्र के जोरी मुख्य मार्ग पर सुखनदिया के समीप गुरुवार के दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात अपराधियों ने सिक्सर के बल पर 1 लाख 13 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। इस संबंध में बीसी संचालक ने बताया की प्रतिदिन की तरह बैंक ऑफ इण्डिया से रुपए निकालकर टेम्पु से अपने घर नावाडीह जा रहा था। तभी सुखनदिया के समीप उजला रंग के अपाची से तीन अज्ञात लोग अचानक आकर टेम्पु को ओवरटेक करके रुकवा लिया। इसके बाद अपराधियों ने सिक्सर का भय दिखाकर रुपए से भरा झोला छीनकर मोटरसाइकिल से ही भाग गए। इसकी सूचना बीसी संचालक ने तुरंत पुलिस एवं बैंक को दिया। वहीं सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस सक्रिय हो गई और भुक्त भोगी के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर कई बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल की। इसके उपरांत पुलिस आस पास मुख्य सड़क के किनारे घरों व दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लुटेरों की पहचान करने में लगी है।

### एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से अज्ञात अपराधियों ने लूट लिए चालीस हजार रुपये

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के सरजामातु गांव में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक जवाहिर यादव से अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने दिनदहाड़े चालीस हजार रूपए लूट कर फरार हो गए। भुक्तभोगी के अनुसार 4-5 की संख्या में हथियार से लैस होकर लुटेरों ने केंद्र में गुस कर लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे के आस पास हुई। इस संबंध में थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया की लूट की घटना को लेकर संचालक द्वारा आवेदन दिया गया। जिसके आलोक में मामला दर्ज कर अपराधियों के धरपकड़ के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## शहीद वीर बुधु भगत, हलधर-गिरधर, रूनिया-झुनिया शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

# शहीदों की विचारधारा का अनुसरण करें युवा : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला के कुडू प्रखण्ड स्थित टिको शहादत स्थल पर शहीद वीर बुधु भगत, हलधर-गिरधर, रूनिया-झुनिया शहीद स्थल पर श्रंद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सेवानिवृत आईएएस पदाधिकारी व जिला के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, नीलाम पत्र पदाधिकारी बिरसाय उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार समेत शहीद समारोह समिति की ओर से शहीदों के शहादत स्थल पर माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व समारोह समिति द्वारा शहादत स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया गया। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत समारोह समिति एवं टाना भगत की ओर से किया गया। मौके पर उपायुक्त डॉ बाधमारे प्रसाद कृष्ण ने शहीदों के समाधि स्थल तथा मजार पर पुष्पांजलि करते हुए नमन करने के बाद कहा कि युवाओं को शहीदों की जीवनी पढ़ते हुए उनका अनुसरण करने की जरूरत है । कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आनेवाले वर्षों में टिको शहादत स्थल पर भव्य मेला लगेगा। ऐसे आयोजन का उद्देश्य शहीदों की कुर्बानी को याद करना होता है। विद्यालयों में भी युवाओं को शहीदों की जीवनी पढ़ते हुए उनका अनुसरण करने की जरूरत है । इतिहास के सुनहरे पन्ने को हमें पढ़ना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व उपायुक्त के प्रयासों से इस ऐतिहासिक स्थल का सुंदरीकरण हुआ है, हम उनके इस प्रयास को आगे ले जाएंगे और इस स्थल में बाकी बचे हुए कार्यों के लिए भी योजना तैयार करेंगे। शहादत स्थल में एक पुस्तकालय के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रस्ताव तैयार कर के दें ताकि यहां के बच्चे पुस्तकालय में शहीदों के बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकें। इतिहास को जान सकें। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सधनु भगत, समारोह समिति की ओर से बालमुकुंद लोहरा, बेंजामिन उरांव, सरिता भगत, चामू उरांव, संजय उरांव, सोमे उरांव, हर्षनाथ उरांव समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**शहीदों ने खुद के लिए नहीं, हमें शोषण से बचाने के लिए दिया बलिदान : दिलीप टोप्पो**

सेवानिवृत भारतीय प्रशासनिक पदाधिकारी व जिले के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो ने कहा कि टिको में शहीद हुए वीर बुधु भगत, उनके पुत्र हलधर-गिरधर, रूनिया व झुनिया ने अपने लिए नहीं बल्कि हमें शोषण से बचाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। वे अंग्रेजो के खिलाफ लड़े और अमर हो गये। इस जिला में बतौर उपायुक्त कार्य करते हुए इस शहादत स्थल के सौंदर्यीकरण का अवसर मिला और आज यह भव्य रूप ले चुका है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को और पूरी दुनिया को पता चलना चाहिए कि वीर बुधु भगत व उनके परिवार ने कितनी बड़ी कुबार्नी दी है।

**जिला में जन्म लेना फक्र की बात है, जहां वीर बुधु ने शहादत दी : निशीथ**

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि इस जिला में जन्म लेना फक्र की बात है, जहां वीर बुधु ने शहादत दी। लरका आंदोलन का उन्होंने सूत्रपात किया और आज ही के दिन शहीद हुए। हम उनके पदचिन्हों पर चलने की कोशिश करें। इस शहादत स्थल के सौंदर्यीकरण का विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का वादा था जो उन्होंने पूरा किया। कार्यक्रम में जलेश्वर उराँव ने वीर शहीदों के द्वारा दिये बलिदान व अंग्रेजों के खिलाफ किये गए संघर्ष की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं जिला प्रशासन की ओर से 250 कम्बल का वितरण किया गया।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कैरो।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय में गुरुवार को युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा सद्भावना मंच के माध्यम से बुक क्लब एक्टिविटी के तहत पर्यावरण प्रदूषण के कारण और बचाव पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ने छात्र छात्राओं को विशेष प्रशिक्षण दिया। प्रखंड विकास पाधिकारी पवन कुमार ने छात्र छात्राओं को अभी के समय मे जिस प्रकार कल कारखाने से निकलने वाली अपशिष्ट पदार्थ, प्लास्टिक, रसायनिक खाद्द का अत्यधिक मात्रा में उपयोग से पर्यावरण दूषित हो रहा है।

### वन विभाग ने किया विश्व आद्र भूमि दिवस का आयोजन

## जंगलों से ही मनुष्य का अस्तित्व : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
वन प्रमंडल, लोहरदगा की ओर से नगर भवन में विश्व आद्र भूमि दिवस (वेट लैंड डे) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन पैदा करते हैं। जंगल खत्म होंगे तो ऑक्सीजन खत्म हो जाएगा। ऑक्सीजन खत्म होगा तो मनुष्य का अस्तित्व भी खत्म हो जाएगा। इसलिए पेड़ जरूर लगाएं। हम सभी को मिलकर पर्यावरण अंतर्गत पेड़ पौधे, नदी-पहाड़, झरने, झील आदि का संरक्षण करना चाहिये, इसलिए जंगल का दायरा बढ़ाएं।जैव विविधता को बनाए रखने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। आद्र भूमि को पहचानने और उसके संरक्षण की आवश्यकता है नहीं तो मनुष्य का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि हमें प्रकृति की ओर से सूर्य की रौशनी, जल और वायु मुफ्त मिलती है जो मनुष्य की सबसे जरूरी आवश्यकता है। इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। इसका एक मात्र विकल्प है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। जंगल से हमें फल, फूल, औषधि, शहद, लाह इत्यादि मिलते हैं।

### हादसे में बाइक सवार दो युवक सहित टेंपो चालक घायल

**सेन्हा।** बक्सीडीपा स्थित बदला मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित बदला मोड़ा में गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग एन एच 143 ए पथ पर केटीएम बाइक जे एच 01डी एक्स 0823 एवं टेम्पू जे एच 08 ई 7713 में जोरदार टक्कर हुआ। जिसमें बाइक सवार दोनो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सेन्हा निवासी स्वर्गीय चमरु उरांव के पुत्र भीम उरांव तथा स्वर्गीय संजय लहेरी का पुत्र आर्यन लहेरी के रूप में किया गया।

## बजट-2023 पर प्रतिक्रिया

### गरीब, मजदूर, किसान और जनजातीय समाज का सच्चा हितैषी है मोदी सरकार : सुदर्शन भगत



लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत ने संसद में आज भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की प्रशंसा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को गरीब, मजदुर, किसान और जनजातीय समाज का सच्चा हितैषी बताया। ग्रामीण जनता का सच्चा साथी, उनकी जरूरतों, उनकी आकांक्षाओं समझने वाले, संवेदनशील प्रधानमंत्री जी द्वारा देश को प्रगति के पथ पर तेज गति से दौड़ाने वाला बजट कहा। हर वर्ग की चिंता और हित सुरक्षित रहें, देश की व्यवस्था और व्यवसाय भी भली भांति चलती रहे इसके लिए बहुत ही प्रगतिशील बजट वित्त मंत्री महोदया द्वारा प्रस्तुत किया गया है। बजट की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल का ये पहला बजट है। वित्त मंत्री ने खासकर युवाओं और सभी वर्ग के लोगों तक आर्थिक मजबूती पहुंचाने की कोशिश की है। रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं जो रेलवे के लिए अब तक का सबसे ज्यादा बजट आवंटन है। .ये साल 2014 में दिए गए बजटीय आवंटन से 9 गुना ज्यादा है। कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए 10लाख करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। रेल, रोड, सड़क सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट पर जोर दिया गया है। 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जायेंगे और 2014 के बाद जो 157 नए मेडिल कॉलेज स्थापित किए गए है।

### यह बजट संतुलन वाला बजट है





गृहणी नीतू मित्तल व झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन महिला मोर्चा की अध्यक्ष अंजलि सर्राफ ने कहा कि यह बजट संतुलन वाला बजट है। महिलाओं को लघु उद्योग एवं व्यापार हेतु कम ब्याज पर लोन की सुविधा दिलाना, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर जोर दिया गया है यह सराहनीय बजट है। परंतु घरेलू गैस एवं किचन सामग्रियों के दामों पर कटौती ना करना यह चिंता का विषय मध्यम परिवार वालों के लिए बनते जा रही है। इस बजट पर महिलाओं को आशा थी कि महिलाओं की सुरक्षा हेतु कोई ठोस कानून आएगा, जिससे कि महिलाएं स्वतंत्र रूप हर समय कहीं भी आ जाकर अपना कार्य कर सकें।

### सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया : चंदन गोयल



आज संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट छात्रों, महिलाओं, व्यापारी, आम आयकरदाता, गरीब लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। व्यक्तिगत आयकरदाताओं को छूट 5 लाख से बढ़ाकर 7लाख करना आम जनता को भारी भरकम छूट दिया गया है। केंद्र सरकार के इस बजट के लिये हार्दिक बधाई।

### अमृत काल के पहला आम बजट में केंद्र सरकार ने किया अमृतवर्षा : विवेक प्रजापति



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक पटल पर 10 वें स्थान से 05 वें स्थान पर भारत पहूंचा ।07 लाख सलाना कमाने वाला व्यक्ति पर कोई कर नही। कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता । पशुपालन,डेयरी,मत्स्यपालन पर ध्यान देते हुए कृषि ऋण लक्ष्य को बढाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया । पीएम आवास योजना पर 66% अतिरिक्त व्यय करने का मोदी सरकार का लक्ष्य। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 02 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार के द्वारा वहन की जायेगी।

### सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया गया है : मनीर उरांव



संसद से 2023-24 का केंद्रीय बजट पेशी पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के द्वारा बुधवार को अमृतकाल का पहला आम बजट गरीब जनता ,महिलाओं ,आदिवासियों मध्यम वर्गीय परिवार, किसान, विधार्थियों, व्यापारियों तथा सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी राहत और सम्मान वाली वजट पेश किया गया है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था एक चमकते हुए सितारे की तरह है दुनिया में भारत का कद बढ़ा है और विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने भी प्रबंधन का खुलकर समर्थन एवं प्रशंसा की है भारत सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है। आज हमारे देश की ऐसी नेतृत्व मिली हैं जहाँ पूरे विश्व की विपरीत परिस्थिति एवं आपदाओं के बीच देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में दसवें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गई। वेतन भोगियों को राहत मिली 7 लाख तक सालाना कमाने वाले आम व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। 3 करोड़ के टर्नओवर वाले माइक्रो उद्योग को कर में छूट दी जा रही है।

### बजट में वादों, दावों और उम्मीदों बरसात की गई : महताब आलम



2023-24 का बजट जिसमें घोषणाओ, वादों, दावो व उम्मीदों की बरसात की गई। बजट में न तो किसानो का एमएसपी बढी, न नौजवानों को रोजगार मिला, पिछले आम बजट का 100 स्मार्ट सिटी का कोई जिक्र नहीं हुआ। 100 स्मार्ट सिटी का पैसा 48 हजार करोड़ कहा गया किसी को पता नही।

### चुनाव को ध्यान में रखकर बनाया गया है बजट : अल्ताफ अंसारी



मोदी सरकार का बजट जनता का भाजपा पर लगातार गिरते विश्वास का सबूत है।ये केवल चुनाव को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है, देश को ध्यान में रखकर नहीं ।इस बजट में भयंकर बेरोजगारी का हल ढूंढ़ने की कोई भी कोशिश नहीं की है।

## एंटी क्राइम अभियान को लेकर चला वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में ट्रिपल बाइक सवार को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का निर्देश दिया गया। वाहन का डिक्की और बैग तथा थैला खुलवा कर आपत्तिजनक सामान का भी जांच किया गया। वाहन जांच में लगभग 60 बाइक एवं 35 चार पहिया वाहनों का कागजो का जांच बारीकी से किया गया। जांच के उपरांत थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक गति विधि को और दुर्घटना को नियंत्रण करने के उद्देश्य से वाहन जांच किया जा रहा है। साथ ही आपत्तिजनक सामान पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके अलावे उन्होंने कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभी लगातार वाहनों का जांच किया जायेगा। बाइक चालकों को नशा कर ट्रिपल नही चलने के लिये भी सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही बिना हेलमेट पहने बाइक सवार का बाइक जब्त कर नियम संगत कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया।

### 23 को छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का चुनाव

**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के संरक्षक प्रो शिवदयाल साहू ने बताया कि समाज के द्वारा नए सत्र के लिए सामाजिक पदाधिकारियों का चुनाव दिनांकः-23/02 /2023, दिन- बृहस्पतिवार को तेली धर्मशाला में (नजदीक कृषि बाजार बी आई डी लोहरदगा में संपन्न किया जाएगा। इसके लिए समाज के इच्छुक व्यक्तियों से जिला समिति, युवा समिति व महिला समिति के विभिन्न पदों हेतु आवेदन पत्र समर्पित करने की अपील की जा रही है। जिसमे अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पदों पर निर्वाचन होगा। इसके लिए आवेदन पत्र प्राप्ति एवं जमा करने का स्थान राणा चौक लोहरदगा डॉ. टी. साहू के क्लीनिक में 9 फरवरी से 13 फरवरी तक एवं होटल नोवेल्टी पावरगंज लोहरदगा में रखा गया है। नाम वापसी की तिथि 14 फरवरी से 16 फरवरी तक रखी गई है। उन्होंने समाज के लोगो से अपील की है कि वे चुनाव के दिन अधिक से अधिक संख्या में आकर चुनाव को संपन्न कराने में सहयोग करें और अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति लेते आएं ।

## तोरपा विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
तोरपा बिधायक कोचे मुंडा ने बानो स्टेशन रोड से उकौली पंचायत के ग्राम सोडा होते हुए बानो मनोहरपुर पथ तक जाने वाली पथ शिलान्यास किया बिधायक कोचे मुंडा ने नारियल फोड़ कर व अगरबत्ती जला क्षेत्र की विकास की कामना किया मौके पर विधायक कोचे मुंडा ने कहा गाँव के विकास के लिये सड़क बहुत जरूरी है ।इस सड़क की निर्माण की मांग काफी दिनों से की जा रही थी ग्राम सोडा के प्रखण्ड मुख्यालय से जुड़ जाने लोगो को आने जाने में सुबिधा होगी मोदी सरकार का सपना है कि सड़क मार्ग गांव गांव तक पहुचे इस बार आम आदमी के हित को देखते बजट बनाया गया है। गरीब व मध्यम वर्ग के लिये लाभकारी है। मालूम हो कि उक्त पथ के कालीकरण की काफी दिनों से हो रही थी। उक्त पथ बानो स्टेशन से बिजली पावर हाउस होते हुए ग्राम सोडा से कोलेबिरा मनोहर पुर मुख्य पथ से जुड़ेगी। मौके बीडीओ यादव बैठा , विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह , पन्ना लाल ओहदार, विश्वनाथ बड़ाईक, मन्टू कुमार साहू , दीपक साहू, फिरू बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

### अपराध और उग्रवाद पर अंकुश लगाने पर चर्चा

**गुमला।** सीमावर्ती इलाकों में अपराध और उग्रवाद पर लगाम लगाने के लिये बसिया एसडीपीओ कार्यालय में रांची, खुंटी, गुमला और सिमडेगा पुलिस ने बैठक की। बैठक में अंतर जिला सीमा में सतत निगरानी बरतने पर जोर दिया गया। सीमावर्ती इलाको में नक्सली, उग्रवादी और अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगाने पर चर्चा की गयी। बैठक में शामिल जिले के पुलिस पदाधिकारी ने भी अपने-अपने सुझाव रखे एवं अपने जिले के बॉर्डर क्षेत्र में किए जा रहे कानून व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में गुमला एसपी, सिमडेगा एसपी, डीएसपी अभियान, एसडीपीओ बसिया आदि उपस्थित थे।

## कैरो के सभी पंचायत भवन में रोजगार दिवस का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
गुरुवार को मनरेगा योजना के तहत प्रखण्ड के सभी पंचायत भवन में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय पंचायत में रोजगार सेवक नन्दा भगत के द्वारा रोजगार दिवस पर मजदूरों के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर वर्ष में 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले व अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले मेठ को समान्नित किया ।रोजगार दिसव के माध्यम से रोजगार सेवक ने जानकारी दिया कि मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को एक लेबर कार्ड के माध्यम से वर्ष में कम से कम 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है ।मनरेगा योजना के तहत विभिन्न कार्यो के माध्यम से वैसे व्यक्ति जिनके नाम लेबर कार्ड बना हो उनका उम्र 18 वर्ष से अधिक हो उन्हें मनरेगा योजना के तहत कार्य दिया जाता है। मनरेगा में कार्य करने के लिए मजदूरों को सबसे पहले पंजीयन करना अनिवार्य है तभी मजदूरी भुकतान किया जा सकता है। रोजगार दिवस पर उपस्थित मुखिया बीरेंद्र महली ने कहा सरकार की मनरेगा योजना एक महत्वकांक्षी योजना के साथ साथ जनकल्याणकारी योजना है।

**घर वापसी** — सेन्हा में एक ही परिवार के 13 लोग ईसाई धर्म को छोड़ सरना में लौटे

# अपना धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है : दीपेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखण्ड क्षेत्र के तोड़ार मैना टोली ग्राम में ईसाई धर्म को छोड़ एक ही परिवार के 13 सदस्यों ने 12 पड़हा बेल के समक्ष रीति रिवाज से घर वापसी किया। वर्ष 2012 में आदिवासी धर्म को छोड़ ईसाई धर्म के प्रलोभन तथा अंधविश्वास में आकर तोड़ार मैनाटोली निवासी राजेश खलखो, सुखराम उरांव, सरिता खलखो, सुरजी उरांव, हीरा खलखो, मिनी खलखो, चन्द्रदेव खलखो, राजू खलखो, सोनाली खलखो, अमन खलखो, सचिन खलखो, प्रीति खलखो सरना धर्म को छोड़ धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म में शामिल हो गये थे। परन्तु अपनी इच्छानुसार पुनः आदिवासी धर्म अपनाने का इच्छा जाहिर करते हुए सरना रीति रिवाज से घर वापसी का प्रस्ताव 12 पड़हा बेल के समक्ष रखते हुए सभी लोगों ने एक साथ घर वापसी किया। सरना समाज के चौकनी पड़हा बेल दीपेश्वर भगत ने जानकारी देते हुए कहा कि गांव में ही पाहन पुजार द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से पूजन करा कर एक ही परिवार के 13 सदस्यों को उनके स्वेच्छा से सरना समाज में शामिल किया गया है। वहीं ईसाई धर्म को छोड़ पुनः घर वापसी पर उन सभी परिवार आदिवासी धर्म अपनाने के पश्चात कहा की अपना धर्म ही सर्व श्रेष्ठ है। किसी के बहकावे में या कोई लालच में अब दूसरे धर्म को नही अपनाएगें। मौके पर बुधराम उरांव, तुलसी उरांव, बोलवा उरांव, मंगरा उरांव, बुधमन उरांव, सोमरा उरांव,विश्वनाथ भगत सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति सहित ग्रामीण उपस्थित थे। गौरतलब है कि धर्म परिवर्तन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लोग प्रलोभन या अंधविश्वास का शिकार हो अपने धर्म छोड़ दूसरे धर्म को अपना रहा है। परंतु धर्म परिवर्तन के पश्चात हकीकत सामने आता है तो घर वापसी करते हैं और पुनः अपना धर्म को स्वीकार करते हैं।

## चैनपुर में 158 बटालियन सीआरपीएफ ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के अति नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखण्ड के चैनपुर में 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सशस्त्र बलों एवं जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को एक नया आयाम देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय, सीआरपीएफ मुख्यालय के निदेर्शानुसार 158 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2022-23 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। जहां बटालियन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामवासियों को जरूरत के अनुसार दवाईयां वितरित की गई। इसके अलावा गरीब ग्रामवासियों को पानी की टंकी, मच्छरदानी तथा छाता भी वितरित किया गया। वहां उपस्थित ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम को राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट 158 बटालियन सीआरपीएफ की देखरेख में सम्पन्न किया गया। मौके पर सीआरपीएफ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश के कोने कोने में सिविक एक्शन प्रोग्राम चलाकर लोगो के बीच जरूरत के सामानों का वितरण करती है। मौके पर डॉ. रंजीत कुमार, (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ओ.जी.), संजय कुशवाहा, सहायक कमाण्डेन्ट तथा रंजिता नगेसिया, मुखिया चैनपुर पंचायत, पैशरार थानाध्यक्ष अख्तर अली और इलेक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया जगत के लोग उपस्थित थे।

# दुनिया भर की ग्रोथ का इंजन बनेगा भारत




एजेंसी। नई दिल्ली

रेलमंत्री अशिवनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि रेलवे को इस बजट में 2.40 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह अब तक की ऊच्चतम धनराशि है। पूरी दुनिया भारत को एक उम्मीद के नजरिए से देख रही है, क्योंकि उन्हें भारत से ही उम्मीदें हैं। उन्होंने रेलवे को मिले बजट को खर्च करने को लेकर कहा कि इस बजट को रेलवे स्टेशनों के विकास से लेकर नई तकनीकी की ट्रेनें जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस, वंदे मेट्रो और हाइड्रोजन ट्रेन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। बड़े स्टेशनों से लेकर छोटे स्टेशनों तक कुल 1275 प्लेटफॉर्म को वर्ल्ड क्लास बनाने का काम किया जाएगा। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का प्रोडक्शन तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। वंदे भारत एक्सप्रेस के अलावा वंदे मेट्रो ट्रेन बड़े शहरों के लिए चलाया जाएगा, जिसका प्रोडक्शन इसी साल से शुरू किया जाएगा। बुलेट ट्रेन का भी काम तेजी से चल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि है बजट में ग्रीन ग्रोथ को बढ़ावा दिया गया है। इसकी मदद से देश में हाइड्रोजन ट्रेन का चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगस्त 2026 तक बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी। 1 करोड़ 40 लाख पैदा होंगी नौकरियां वैष्णव ने कहा कि 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश रेलवे, ग्रीन, पावर, हाईवे और पोर्ट जैसे सेक्टरों में करने से 33 लाख करोड़ रुपये का असर देश की इकोनॉमी में होगा। 33 लाख करोड़ रुपये से 1 करोड़ 40 लाख के आसपास नौकरियां पैदा होंगी। रोजगार के साथ ही देश का विकास भी होगा।60 साल से ज्यादा 8 साल में हुआ काम रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का काम 60 साल की तुलना में सिर्फ 8 साल में पूरा किया गया। मंत्री ने कहा कि 60 हजार किलोमीटर इलेक्ट्रिफिकेशन का काम किया गया था, जबकि 8 साल में 33 हजार किलोमीटर का काम हुआ है। महंगाई पर इस बजट में क्या है? इस सवाल पर केंद्रीय मंदी ने कहा कि यूके, यूएस में महंगाई दर तेजी से बढ़ी है, लेकिन भारत की महंगाई दर स्थिर रही है। महंगाई दर को कंट्रोल करने के लिए बजट में घोषणा करने की जरूरत नहीं, इसके लिए सालभर सतर्क रहकर काम करना होगा।

# केंद्रीय मंत्री ने ऑयल जेटी नंबर 7 का किया उद्घाटन

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय बंदरगाह नौवहन और जलमार्ग और आयुष मंत्री सबानंद सोनोवाल ने आज भारत के प्रमुख बंदरगाहों में से एक दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी कांडला पोर्ट में क्षमता बढ़ाने की विभिन्न योजनाओं का अनावरण किया। 280 करोड़ के इस अनुमानित निवेश से दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के कांडला पोर्ट की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर भारत के अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है। इस संबंध में समुद्री व्यापार की भूमिका सर्वोपरि है। हम भारत के विकास को शक्ति देने के लिए नीली अर्थव्यवस्था के अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपने बंदरगाहों की क्षमता बढ़ा रहे हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**निविदा रदद् संबंधी**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/Spare Parts/30/2022-23 (1st Call) जो PR No. 287684 (22-23)* द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है; को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 289071 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

प्रपत्र संख्या –1

## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division Medininagar
**E-Procurement Notice**

Very Short E-Tender reference no - DWSD/Spare Parts/35/2022-23
Date :- 01.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark -II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500 (Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark - II respectively) under D.W.& S. Division, Medininagar for the year 2022-23. |
| 2 | Estimated Cost (In lakh) | 47.43658 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 5,000.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 95,000.00 |
| 5 | Time of Completion | 45 (Forty Five) Days |
| 6 | Date of publication of Tender on Web site | 04.02.2023 / 12.30 PM |
| 7 | Last date /Time for receipt of Bid | 09.02.2023 / 05.00 PM |
| 8 | Date of opening of Tender | 11.02.2023 / 04.00 PM |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar |
| 10 | Contact no of Procurement office | 9835068475 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

(Ashutosh Kumar)
Executive Engineer
Drinking water & Sanitation Division
Medininagar

PR 289069 Drinking Water and Sanitation(22-23)D


## मात्र 22 घंटों में 1,600 रुपये महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** खबर लिखे जाने तक भारत के वायदा कारोबार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ने फरवरी महीने में मात्र 22 घंटे की ट्रेडिंग हुई है और इस दौरान सोने के दाम में 1,600 रुपये से ज्यादा का इजाफा देखने को मिल चुका है। एक्सपर्ट का कहना है आने वाले गुरुवार को ही सोना 59 हजार के लेवल को क्रॉस कर सकता है और आरबीआई की एमपीसी की बैठक से पहले दाम 60 हजार को पार कर सकते हैं।


## कार्यालय- जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू (विधि शाखा)

**सूचना**

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची का पत्र संख्या 3943, दिनांक 16.10.2020 के द्वारा Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018 में वर्णित प्रावधानों के तहत् पलामू जिला के लिए सुयोग्य व अनुभवी व्यवहार न्यायालय में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन अधिनियम–2015 की धारा–15(1) के तहत् विशेष लोक अभियोजक के एकल (01) पद हेतु झारखण्ड सरकार, विधि विभाग के Notification No.-C/AGO/Niyukti-25/2016-439/j, दिनांक 16 फरवरी, 2018 द्वारा जारी Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018 द्वारा निर्धारित योग्यताधारी सुयोग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं से आमंत्रित किये जाते हैं।

नियुक्ति झारखण्ड सरकार, विधि विभाग के Notification No.-C/AGO/Niyukti-25/2016-439/j, dt-16th February, 2018 [Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018] के आलोक में की जायेगी। उक्त नोटिफिकेशन को पलामू जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक अपना आवेदन पत्र, अपने जीवन वृत, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, विगत तीन वित्तीय वर्षो का आय विवरणी, Bar Association द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र तथा अधिवक्ता पंजीयन की प्रति के साथ 15.02.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला विधि शाखा पलामू में जमा कर सकते हैं।

विशेष लोक अभियोजक के एकल (01) पद हेतु पूर्व में जिन आवेदकों द्वारा अपने आवेदन–पत्र के साथ वांछित कागजात यथा– Qualification certificate/Income tax assesses (3-financial Year /Experience Certificate Issue By Bar Association) संलग्न नहीं किया गया है, वैसे त्रुटिपूर्ण आवेदन से संबंधित आवेदक वांछित कागजात दिनांक 15.02.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला विधि शाखा, पलामू में अनिवार्य रूप जमा करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा/अस्वीकृत समझा जाएगा।

विशेष लोक अभियोजक के एकल (01) पद हेतु अहर्त्ता निम्नवत् है:–

1. A citizen of India and registered with a Bar Council constitued under the Advocate Act, 1961;
2. A designated senior Advocate or and Advocate, who has been practicing in the Jharkhand High Court or Supreme Court of India or an Advocate who has been praciticing in the Civil Courts of Jharkhand;
3. Possesses the following standing in number of years of practice against the respective categories and being an income tax assesses for at least three financial years for the financial year in which engagement is to be made;
4. For a special Public Prosecutor for the Civil Courts of Jharkhand he has been in practice as an Advocate for not less than 10 years in the Civil Courts of Jharkhand.

PR.NO.289007 Palamu(22-23):D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू

## कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार।

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–संख्या– DOPR/DE/ZP/Latehar- 05/2022-23

1.कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत पलामू डाक बंगला, नेतरहाट का मरम्मति/जिर्णोद्धार कार्य। | 1,41,46,200.00 | 2,83,000.00 | 10,000.00 | 12 माह | 01/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |
| | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत दो मंजिला गेस्ट हाउस, नेतरहाट का मरम्मति/जिर्णोद्धार कार्य। | 1,28,19,000.00 | 2,56,500.00 | 10,000.00 | 12 माह | 01/2022-23 DOPR/DE/ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 06.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–22.02.2023, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. जिला अभियंता, कार्यालय लातेहार में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र (मूल प्रति) एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की जमा करने की तिथि एवं समयः– 24.02.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 25.02.2023 अपराहन 02:00 बजे।
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 6205276661/7488190211
9. निविदा शुल्कः– किसी भी भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत मूल बैंक ड्राफ्ट के रूप में **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पक्ष में लातेहार में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा। अन्य किसी बैंक शाखा से निर्गत बैंक ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
11. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
12. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
13. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR 289055 (Rural Development) 22-23 (D)

## e- Procurement Cell
## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI
## COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

**Notice Inviting Tender (Very Short Notice)**

**ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

Tender Reference No.-(10)BCD/CIR-2/RANCHI/LATEHAR,DIV/2022-23 Date:-02-02-2023

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BALUBHANG PANCHAYAT -BALUBHANG , BLOCK-BALUMATH , DIST-LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 हमीने |
| 2 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BARIYATU PANCHAYAT -BARIYATU , BLOCK -BALUMATH , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 3 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BHAGEYA PANCHAYAT -BHAGEYA, BLOCK -BALUMATH , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 4 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT ICHAK PANCHAYAT - ICHAK , BLOCK-BALUMATH , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 5 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT GANESHPUR PANCHAYAT - GANESHPUR , BLOCK-BARWADIH , DIST-LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 6 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT KECHKI PANCHAYAT - KECHKI , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 7 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT NAWADIH PANCHAYAT - NAWADIH , BLOCK -BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 8 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT CHECHHA PANCHAYAT - CHECHHA , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 9 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT HEHEGARA PANCHAYAT - HEHEGARA , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 10 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT MURUP PANCHAYAT - MURUP , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 11 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT KUMANDIH PANCHAYAT - KUMANDIH, BLOCK-MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 12 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT MURGIHAT PANCHAYAT - MURGIHAT, BLOCK -MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 13 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT PIPRA PANCHAYAT - PIPRA, BLOCK-MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 14 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT JUNGUR PANCHAYAT - JUNGUR, BLOCK-MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 15 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT PATRATU PANCHAYAT - PATRATU, BLOCK - LATEHAR , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 16 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BANDUA PANCHAYAT - BANDUA, BLOCK- GARU, DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 17 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BARDAUNI PANCHAYAT - BARDAUNI, BLOCK- MAHUADAND, DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07-02-2023 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13-02-2023 को अपराहन 3:00 बजे |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 14-02-2023 को दोपहर 12:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 14-02-2023 को अपराहन 3:00 बजे |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431024895/8987663716 |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE
OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 289009 (Building Dept Circle - 2) 22-23 (D)

## –: कार्यालय :–
## प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

**–: आवश्यक सूचना :–**

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 22.02.2023 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/2018 | 11.01.2018 | महेश यादव | Tractor Engine No.- RFN102727 | करम चिरान 90 पीस |
| 2 | 04/2018 | 17.01.2018 | कृत कुण्डल साव | Motorcycle Reg. No.- JH-01AE-3327 | कोयला 50 CFT |
| 3 | 11/2018 | 14.03.2018 | पुरन उरांव, बिनोद राम, शिवकेश्वर साव, चन्दन कुमार, महेन्द्र उरांव | Tractor Reg. No.- JH-13B-6324<br>Tractor Reg. No.-JH-11G-3304<br>Tractor Reg. No.-JH-08E-0310<br>Tractor Reg. No.-JH-013A-8920<br>Tractor Reg. No.-JH-019B-6146 | पत्थर 10 टन |
| 4 | 05/2019 | 18.01.2019 | सद्दाम हुसैन | Tempu Reg. No.-JH-08E-6278 | कोयला 01 टन |
| 5 | 12/2019 | 20.06.2019 | जीवन सिंह | Tractor Reg. No.-JH-13E-4525<br>JCB Reg. No.- JH-19A-9961 | पत्थर 6000 टन |
| 6 | 16/2019 | 16.07.2019 | सुजीत साव | Tempu Engine No.- ROG2830145 | कोयला 07 बोरा |
| 7 | 06/2020 | 04.06.2020 | हीरालाल महतो | JCB No.- 770EXX55<br>Hywa No.- MPO4HE3943 | बालू |
| 8 | 07/2020 | 04.06.2020 | आशीष कुमार उपाध्याय | Truck Reg. No.- JH-02V-4089 | कोयला 05 टन |
| 9 | 09/2020 | 09.06.2020 | विकाश यादव | Tractor Engine No.- 39133110101921<br>Motorcycle Reg. No.-JH-03B-2724 | कोयला 100 CFT |
| 10 | 11/2020 | 19.06.2020 | संतोष गंझू | Tractor Engine No.- RJA2EAN1759 | कोयला 80 CFT |
| 11 | 17/2020 | 28.07.2020 | विजय गंझू | Tractor Chassis No.- RFN103827 | जोत–कोड़ |
| 12 | 02/2021 | 24.02.2021 | जगदीश गंझू | Tractor Engine No.- 331008/SRP5141A<br>Motorcycle Reg. No.-JH-01CT-9834 | कोयला 100 CFT |
| 13 | 03/2021 | 25.02.2021 | प्रमोद कुमार यादव, नन्दकिशोर गंझू, सुरेन्द्र राणा | Sawari Van Reg. No.- JH-13F-5632 | करम चिरान 80 पीस, साल चिरान–20 पीस |
| 14 | 04/2021 | 26.02.2022 | अमरजीत सिंह | Tractor Reg. No. JH-19B-7496 | कच्चा जलावन–03 क्विंटल |
| 15 | 06/2021 | 26.02.2022 | बिगन उरांव | Tempu Reg. No. JH-03M-6022 | साल चौकठ–15 पीस |
| 16 | 10/2021 | 27.03.2021 | इन्द्रदेव उरांव, शंकर भुईयां | Pickup Engine No. 6G81H45468 | चौकठ चिरान–54 पीस |
| 17 | 12/2021 | 13.04.2021 | मो0 अहमद | Tractor Engine No. 39.1355/SZD01931 | पत्थर 20 CFT |
| 18 | 17/2021 | 28.09.2022 | गिरेन्द्र यादव, शिवप्रसाद यादव | Tractor Trolley | करम चिरान–80 पीस |
| 19 | 09/2022 | 11.03.2022 | मो0 वसीम | Tempu Reg. No. JH-01DQ-0874 | सखुआ कचरा–35 पीस |
| 20 | 13/2022 | 01.04.2022 | बलराम उरांव | Tractor Engine No. 0A5558591R4 | सेमर पटरा–396 पीस |
| 21 | 15/2022 | 02.04.2022 | कुन्दन कुमार | Truck Reg. No. JH-19B-4994 | कोयला–22 टन |
| 22 | 16/2022 | 09.04.2022 | ललन यादव, बब्लू यादव, अनिल कुमार | Tractor Engine No. IMG40053<br>Tractor Engine No. RFNB00114<br>Tractor Engine No.RENI02985 | कोयला–09 टन |
| 23 | 18/2022 | 10.05.2022 | राकेश यादव, नन्दकिशोर गंझू, अजय तुरी | Tractor Engine No. RJG2DBN9184 | सेमर चिरान पटरा–150 पीस |
| 24 | 19/2022 | 04.06.2022 | कयूम अंसारी उमा देवी | Tempu Reg. No. JH-03AB-6914<br>Tempu Reg. No. JH-01BB-2445 | कच्चा जलावन |
| 25 | 20/2022 | 04.06.2022 | अर्जुन साव | Truck Reg. No. JH-19C-2376 | कोयला–24 टन |
| 26 | 21/2022 | 09.06.2022 | शिव महतो | Pickup Van Reg. No. JH-03AB-3060 | केन्दू पता–40 बोरा |
| 27 | 22/2022 | 11.06.2022 | परमेश्वर साहु | Piagio Tempu | आसन पटरा–12 पीस |
| 28 | 24/2022 | 23.06.2022 | उमेश यादव | Tractor Reg. No. JH-19B-3573 | आसन बोटा–06 पीस, साल बोटा–01 पीस |
| 29 | 27/2022 | 04.08.2022 | कृष्णा यादव | Truck Reg. No. JH-02U-7802 | कोयला–24 टन |
| 30 | 29/2022 | 16.09.2022 | बिरू कुमार यादव | Tractor Reg. No. JH-19C-8334 | करम बल्ली–30 पीस |
| 31 | 30/2022 | 29.09.2022 | राहुल उरांव | Motorcycle Reg. No. JH-01AN-8468 | साल बोटा–06 पीस |
| 31 | 32/2022 | 29.09.2022 | उमेश यादव | Piagio Tempu | साल चौकठ चिरान–16 पीस |
| 33 | 35/2022 | 01.11.2022 | मुकेश कुमार | Truck Reg. No. JH-09AF-1522 | कोयला–25.020 मि0टन |
| 34 | 37/2022 | 06.12.2022 | कैलाश उरांव | Tractor Reg. No. JH-13D-1684 | कोयला–100 CFT |
| 35 | 38/2022 | 18.12.2022 | रूपेश यादव | Sawari Van Reg. No. JH-01R-8731 | साल चौकठ चिरान–20 पीस |
| 36 | 39/2022 | 20.12.2022 | नवीन कुमार गिरी | Mini Van Reg. No. JH-01EK-8620 | कोयला–100 CFT |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.02.2023 को 02:00 बजे अपराहन में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

PR 289026 Forest, Environment and Climate Changes(22-23)D

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

## झारखण्ड सरकार,
## कल्याण विभाग,
## उप निदेशक, कल्याण कार्यालय
## पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**नामांकन सबंधी सूचना वर्ष –2022–23**

पलामू प्रमण्डल, अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों, आश्रम विद्यालयों एवं अन्य आवासीय विद्यालयों में वर्ग शष्ठम्, सप्तम् एवं अष्टम् में वर्ष 2023 के रिक्ति के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2023–2024 के लिए रिक्तियों के विरूद्ध वर्गानुसार नये छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु चयन परीक्षा के लिए इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 20.02.2023 तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र सम्बन्धित जिला कल्याण कार्यालयों/विद्यालयों में जमा किये जायेगें।

| जिला | विद्यालयों का नाम | नामांकन का वर्ग |
|---|---|---|
| पलामू – | 1. अनु0 जाति आवासीय उ0वि0, कौआखोह, पलामू। | वर्ग शष्ठम् एवं सप्तम् |
| | 2. पिछड़ी जाति बालिका आवासीय उ0+2 वि0, शाहपुर, पलामू। | वर्ग शष्ठम् एवं अश्टम् (केवल बालिका हेतु) |
| | 3. आश्रम विद्यालय, रेड़मा, मेदिनीनगर,पलामू | वर्ग शष्ठम् एवं अश्टम् |
| लातेहार – | 1. राजकीय अ0ज0जा0 आवासीय उ0वि0, महुआड़ाड़, लातेहार। | वर्ग सप्तम् |
| | 2. राजकीय अ0ज0जा0 आवासीय उ0वि0, गारू, लातेहार। | वर्ग सप्तम् |
| गढ़वा – | 1. अनु0जा0 बालिका आ0उ0वि0, रमकण्ड, गढ़वा। | वर्ग शष्ठम् सप्तम् एवं अष्टम् (केवल बालिका हेतु) |
| | 2. राजकीय अ0ज0जा0 आवासीय उ0वि0, कुदरूम, गढ़वा। | वर्ग शष्ठम् सप्तम् एवं अश्टम् |
| | 3. राजकीय अ0ज0जा0 आवासीय उ0वि0, चिनियॉं, गढ़वा। | वर्ग सप्तम् एवं अष्टम् |
| | 4. आश्रम विद्यालय, मंझिगॉवा, काण्डी, गढ़वा | वर्ग शष्ठम् एवं सप्तम् |

1. आवेदन – पत्र प्रत्येक कार्य दिवस के दिन प्रातः 11.00 बजे से अपराहन 05.00 बजे तक सम्बन्धित विद्यालय में प्राप्त किये जायेगें।
2. अनूसचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईयॉं जाति के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा। उसी प्रकार अनुसूचित जन–जाति के सभी उप जातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित आदिम जन–जातियों के लिए नामांकन में 25 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि की आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राओं उपलब्ध नही होते है तो प्रमण्डलीय उपनिदेशक कल्याण का अनुमोदन लेकर मेंधा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जन–जाति की अन्य उपजातियों के बच्चों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
3. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जॉच परीक्षा ली जायेगी, जिसके लिए छात्रों को क्रमशः 05, 06, एवं 07 कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
4. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु हिन्दी 20 अंको की, अंग्रेजी 20 अंको की, गणित 20 अंको की, समाजिक विज्ञान 20 अंको की एवं विज्ञान 20 अंको की कुल 100 अंको की होगी। लिखित परीक्षा निर्धारित समय 11.00 बजे पूर्वाहन से 1.30 बजे अपराहन तक होगी।
5. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची सम्बंधित जिला कल्याण कार्यालय एवं सम्बन्धित विद्यालयों के सूचनापट पर प्रकाशित की जायेगी।
6. नामांकन हेतु आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 20.02.2023 निर्धारित है।
7. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को जाति प्रमाण–पत्र, गरीबी रेखा प्रमाण–पत्र/आय प्रमाण–पत्र तथा वर्ग 06, 07, एवं 08 में नामांकन हेतु विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामांकित किया जायेगा इसके लिए बी0पी0एल0 की सूची में नाम अंकित होने के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
9. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु उम्र सीमा दिनांक 01.04.2023 को कमशः 10–13 वर्ष, 11–14 वर्ष, एवं वर्ष 12–14 के अन्दर होनी चाहिए।
10. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मलित होने वाले छात्र/छात्रओं को सम्बन्धित विद्यालय जहॉं वे अध्यनरत है, के प्रधानाध्यापक उनके नामांकन आवेदन पत्र में अंकित छात्र/छात्राओं का नाम जन्मतिथि, वर्ग 05, 06 एवं 07 में उत्तीर्ण होने की तथ्य को आपने विद्यालय के मुहर एवं अपना पूर्ण हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित करते हुए नामांकन आवेदन पत्र अग्रसारित करेगें साथ ही आवेदक को बी0पी0एल0 परिवार के सदस्य होने का प्रमाण पत्र अपने आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
11. जिन छात्र/छात्राओं के माता–पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। इस आशय का घोशणा –पत्र आवेदक के माता–पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन–पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
12. असत्य एवं फर्जी घोशणा–पत्र देने वाले माता–पिता/अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

नोट :– आवेदन का प्रारूप **www.palamu.nic.in** पर देखा जा सकता है।पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

उप निदेशक, कल्याण,
पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.289079 Welfare(22-23):D

न्यायपूर्ण संघर्ष, अन्यायपूर्ण शांति से सदा महान है। यदि कोई अन्यायपूर्ण तरीके से, बल से हमारे अधिकार छीनता है तो संघर्ष हमारा धर्म है। त्याग उसका होता है, जो हम अर्जित कर चुके होते हैं, जो हमारे अधिकार में है। जो हमसे छिन गया, जिसे हम प्राप्त नहीं कर सके, उसका हम त्याग नहीं करते।

– ठाकुरजी

# झामुमो और महाजुटान

***अगले*** साल चुनाव का बिगुल बजने वाला है। इसके लिए केन्द्र से लेकर राज्य अपने-अपने तरीके से मगजमारी शुरू कर दिये हैं। 24 में ही झारखंड विधानसभा का चुनाव होना है। पहले लोकसभा और कुछ माह के बाद यहां चुनाव होंगे। अभी एक वर्ष का समय चुनाव में है । लेकिन झारखंड में इसकी तैयारी की धमक सुनाई पड़ने लगी है। इसी कड़ी में यह दाव कोल्हान से शुरू होकर संथाल तक ले जाने की तैयारी के लिए पृष्ठभूमि बनने लगी हैं। यही कारण है कि फरवरी महीने के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 की चाल चलने को बेताब हैं। इसके पलटवार 4 फरवरी को देश के गृह मंत्री हेमंत की चाल को बेनकबाब करने की जुगत में हैं। झारखंड में शह-मात का खेला जारी है। दरअसल भाजपा और झामुमो दोनों की नजर मिशन 2024 के लिए संथाल और कोल्हान पर है।

**सूत्रों की मानें तो भाजपा के कई नेता झामुमो का दामन थाम सकते हैं। झामुमो का स्थापना दिवस आज है। बताया जा रहा है कि दो लाख से ज्यादा कार्यकताओं का संगम इस महाजुटान में होने जा रहा है।**

भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में जिन दो सीटों पर हारी थी उसमें से एक सीट कोल्हान का है तो दूसरा संथाल का। वहीं महागठबंधन की बात की जाये तो लोकसभा में उसे मात्र दो सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था। स्थिति यह थी कि झामुमो के सबसे बड़े नेता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को भी पिछले लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं छह महीने बाद हुए झारखण्ड विधानसभा के चुनाव में तो भाजपा को कोल्हान में बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रमंडल में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। मुख्यमंत्री रहते हुए रघुवर दास को हार का सामना करना पड़ा था। इधर, संथाल की 18 विधानसभा सीटों में से भाजपा को मात्र चार सीटें मिली थी। गुरूवार यानि आज दुमका में झामुमो का महाजुटान होने वाला है। अब देखना है कि आज क्या होता है। सूत्रों की मानें तो भाजपा के कई नेता झामुमो का दामन थाम सकते हैं। झामुमो का स्थापना दिवस आज है। इस दिन दुमका में झामुमो का महाजुटान होगा। बताया जा रहा है कि दो लाख से ज्यादा कार्यकताओं का संगम इस महाजुटान में होने जा रहा है। जानकारी के अनुसार झामुमो से भाजपा में गये हेमलाल मुर्मू की घर वापसी हो सकती है। यह भी जानकारी मिल रही है कि मधुपुर से भाजपा के एक बड़े नेता भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामने वाले हैं। इसके आलावा साहेबगंज, दुमका, पाकुड़, देवघर से भी कई भाजपा नेता झामुमो की सदस्यता लेने की जुगत में हैं। वरिष्ठ झामुमो नेता और गुरूजी के सबसे करीबी स्टीफन मरांडी ने कहा कि इस बार का स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा। कई मायने में ऐतिहासिक होने की उम्मीद की जा रही है। कहा यह भी जाता है कि जिन एक दो नेताओं पर भाजपा यहां दंभ भरती है वह भी पाला बदल सकते हैं। झामुमो ने तय कर लिया है कि भाजपा को उसी की चाल में जवाब देना है। दूसरी तरफ अमित शाह 4 फरवरी को संथाल में गरजेंगे।

# आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरता बजट



योगेश कुमार गोयल



***सबसे*** लंबा बजट भाषण देने, परम्परा में बदलाव और पेपरलेस बजट जैसे कई रिकॉर्ड कायम करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एक फरवरी को अपना पांचवां आम बजट पेश किया। यह बजट मोदी सरकार का 11वां और केन्द्र सरकार के मौजूदा कार्यकाल का पांचवां बजट था। इस बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि आम आदमी को इस बजट से ढेर सारी उम्मीदें थी। दरअसल माना जा रहा था कि इस वर्ष होने जा रहे कई विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अगले वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा और ये उम्मीदें बेकार भी नहीं गई। सरकार ने 45 लाख करोड़ रुपये के खर्च का जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें सरकार की पावतियां केवल 23.3 लाख करोड़ रुपये की ही होंगी और इस भारी-भरकम घाटे को पूरा करने के लिए सरकार विनिवेश के जरिये करीब 51 हजार करोड़ रुपये की धनराशि जुटायेगी जबकि उसे 15 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बाजार से ऋण लेने पड़ेंगे। बाकी की कमी को लघु बचतों के जरिये पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। बजट के प्रावधानों को देखते हुए प्रतीत होता है कि सकल विकास वृद्धि में बढ़ोतरी के लिए करीब 10 लाख करोड़ रुपये की धनराशि पूंजीगत खाते से खर्च करके सरकार देशभर में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ औद्योगिक उत्पादन को भी बढ़ावा देना चाहती है। छोटे और मध्यम उद्योगों को शुल्क ढ़ांचे में रियायतें प्रदान कर सरकार यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि अपने उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ यह क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी सहभागी बने। इस बार के केन्द्रीय बजट में विभिन्न क्षेत्रों को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण आम जनता को आयकर दरों में राहत दिया जाना है। दरअसल बहुत लंबे समय से आयकरों दरों में बदलाव की मांग की जा रही थी। नई कर व्यवस्था में आयकर सीमा में छूट को पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख किए जाने से न केवल छोटे करदाताओं को बहुत बड़ी राहत मिलनी तय है, वहीं इससे मिशन 2024 मोड में जुटी भाजपा को सीधा फायदा मिलेगा। हालांकि पुरानी कर व्यवस्था भी लागू रहेगी जिसके तहत अभी भी 80सी, पीएफ, आवासीय कर्ज के मूलधन और ब्याज के भुगतान इत्यादि पर छूट हासिल की जा सकती है, जो नई कर व्यवस्था में नहीं मिलेगी लेकिन इस छूट के बगैर भी सात लाख तक की आय का करमुक्त होना करोड़ों करदाताओं को सीधे तौर पर लाभान्वित करेगा। इस वर्ष से इस नई कर व्यवस्था को डिफॉल्ट

**नई कर व्यवस्था में आयकर सीमा में छूट को पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख किए जाने से न केवल छोटे करदाताओं को बहुत बड़ी राहत मिलनी तय है, वहीं इससे मिशन 2024 मोड में जुटी भाजपा को सीधा फायदा मिलेगा।**

**इन दिनों**

व्यवस्था बना दिया गया है। दरअसल करदाताओं को पुरानी कर व्यवस्था से नई कर व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रेरित करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती रही क्योंकि तमाम अपीलों के बावजूद अधिकांश लोगों ने इसे नहीं अपनाया था। बजट में महिलाओं और बुजुर्गों का भी खास ध्यान रखने का प्रयास किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों की बचत सीमा को 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने, गैर सरकारी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश नकदीकरण पर मिलने वाली छूट को 3 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की घोषणा, महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट की घोषणा इत्यादि सियासी दृष्टिकोण से भाजपा के प्रति सकारात्मक माहौल में वृद्धि करने में सहायक साबित हो सकती हैं। बजट में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय हैं, जो स्पष्ट तौर पर इस बार के बजट में भाजपा सरकार की ओर से राजनीतिक संदेश देते प्रतीत होते हैं। देश के 80 करोड़ लोगों को जनवरी 2024 तक मुफ्त अनाज योजना भाजपा की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है, जो 2022 के विधानसभा चुनावों में भी उसके लिए कुछ राज्यों में गेमचेंजर साबित हो चुकी है और विरोधी भी मानते रहे हैं कि भाजपा को इस योजना का बड़ा सियासी लाभ मिलता रहा है। गरीबों के लिए चलाई जा रही इस योजना के अलावा आवास योजना, पेयजल योजना और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना इत्यादि के आवंटन में बड़ी वृद्धि, आदिवासियों के लिए 15 हजार करोड़ की नई योजना, व्यक्तिगत करदाताओं के लिए नई कर व्यवस्था इत्यादि कई ऐसी घोषणाएं हैं, जो देश के निम्न और मध्यम आय के लोगों को भी आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस योजना के तहत 2024 तक करीब 2.94 करोड़ गरीब लोगों को घर मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। वैसे सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2.94 करोड़ में से 2.12 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है और ये घर गरीबों को सौंपे भी जा चुके हैं। जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने और उनके निवास स्थल को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए ह्यप्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहह्ण (पीएमपीवीटीजी) विकास मिशन की घोषणा करते हुए इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का खाका पेश किया गया है। ऐसे में अनुसूचित जातियों-जनजातियों वाले मतदाता क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की झलक बजट में नजर आ रही है।

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें संतोषी माता की कहानी*

**(गतांक से आगे)**

**बहू** बोली- हे मां! जब मेरे पति घर आएंगे, तो मैं आपके व्रत का उद्यापन करूंगी। अब एक रात संतोषी माँ ने अपने पति को एक सपना दिया और कहा कि तुम अपने घर क्यों नहीं जाती? तो वह कहने लगा- सेठ का सारा सामान अभी बिकता नहीं है। रुपया अभी नहीं आया है। उसने सेठ को सपने के बारे में सब कुछ बताया और घर जाने की अनुमति मांगी, लेकिन सेठ ने मना कर दिया। माता की कृपा से अनेक व्यापारी आये, सोना-चाँदी तथा अन्य वस्तुएँ खरीद कर ले गये। कर्जदारों ने भी पैसे लौटा दिए, अब साहूकार ने उन्हें घर जाने की इजाजत दे दी है।घर आने के बाद बेटे ने अपनी मां और पत्नी को खूब पैसे दिए। पत्नी ने कहा कि मुझे संतोषी माता के व्रत का उद्यापन करना है। उसने सभी को आमंत्रित किया और उद्यान की सारी तैयारी की, एक पड़ोसी महिला उसे खुश देखकर ईर्ष्या करने लगी। उन्होंने अपने बच्चों को सिखाया कि आप भोजन के दौरान खट्टा अवश्य मांगें। उद्यापन के समय भोजन करते समय बच्चों में खटास आ गई तो बहू ने पैसे देकर उनका मनोरंजन किया। बच्चे दुकान से इमली और खट्टी मलाई खाने लगे। तो मां को बहू पर गुस्सा आ गया। राजा के दूत उसके पति को ले जाने लगे। तो किसी ने बताया कि बच्चों ने उद्यान में पैसे की इमली खाई है, तो बहू ने फिर व्रत रखने का संकल्प लिया। संकल्प के बाद जब वह मंदिर से बाहर आईं तो उनके पति को रास्ते में आते देखा गया. पति ने कहा- राजा ने जो पैसा कमाया है, उसका टैक्स मांगा था। **(क्रमशः)**

# यूसीसी की दरकार बहस का हो प्रतिकार



कमलेश पांडेय

***जिस*** देश के उच्च सदन यानी राज्यसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने या करवाने के सवाल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में नोकझोंक हो, वहां पर लोकतंत्र के भविष्य पर निश्चित रूप से कुछ भी कहना बेमानी होगी। यदि सभी देशवासियों के वोट की कीमत एक समान है तो फिर अन्य कानूनी समानताएं क्यों नहीं लागू की जा सकती हैं। आप सहमत हों या नहीं हों, लेकिन देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए नेशनल इंस्पेक्शन ऐंड इन्वेस्टिगेशन कमीशन बनाया जाना बदलते वक्त की मांग है और सरकार को इस पर गम्भीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। मसलन, उपर्युक्त दोनों सवाल तो महज बानगी भर हैं, जो यह जाहिर करते हैं कि आजादी के 75 साल बाद भी हमारे देश में सबके एक समान कानूनी हित सुनिश्चित नहीं किये जा सके। कभी यह कानून बनाने वाली इकाइयों की लापरवाही समझी गई तो कभी ऐसे मसलों पर काफी विलंब से न्यायिक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए, जिसके बाद कानून बनने में भी अपेक्षाकृत देरी ही हुई। लेकिन विषमता भरे कानूनों से जुड़े आज भी कुछ ऐसे सवाल हैं, जो या तो किसी से समक्ष उठाये नहीं गये हैं, या फिर उनपर संसद से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक 'खामोश' हैं। सवाल है कि आखिर ऐसा क्यों, किसके लिए और कब तक? मेरी राय में समान नागरिक संहिता पर अमल सुनिश्चित किया जाना ही उन सभी उलझे हुए सवालों का एक सर्वमान्य जवाब हो सकता है, यदि संविधान के सभी प्रमुख स्तंभ कोई किंतु-परंतु न करें तो। आखिरकार उन्हें यह समझना चाहिए कि किसी भी लोकतंत्र की आत्मा स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व के सिद्धांत में वास करती है। लेकिन जब किसी राजनीतिक दल अथवा उनके समूहों द्वारा अल्पमत से बहुमत की प्राप्ति के लिए इन्हीं सर्वमान्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों का गला घोंटा जाता है, या फिर उससे तरह-तरह के समझौते किए जाते हैं तो लोकतांत्रिक बात बिगड़ने लगती है। दुनिया का सबसे बड़ा और सर्वाधिक सफल लोकतंत्र समझा जाने वाला भारत इसका एक दिलचस्प उदाहरण करार दिया जा सकता है। जहां पर एक समान नागरिक संहिता के बजाय जाति, धर्म, लिंग, भाषा या क्षेत्र आदि के आधार पर अलग-अलग कानून बने हुए हैं। खास बात यह कि सम्बंधित पक्ष ऐसे कानूनों के पक्ष में तर्क-कुतर्क देते हैं। इससे प्रबुद्ध वर्ग की अंतरात्मा समेत पूरे लोकतंत्र की आत्मा कलुषित होती है। देखा जाए तो यहां पर ऐसे ऐसे विभिन्न दबाव समूह सत्ता पर हावी होने की कोशिश करने लगे हैं, जिनका लोकतंत्र से दूर-दूर तक का कोई वास्ता नहीं है, बल्कि वे विशेष सामाजिक-धार्मिक समूहों से जुड़े गुट तंत्र के महज पालक, पोषक और प्रोत्साहक प्रतीत होते हैं। इसलिए उनके अगर-मगर के सिद्धांतों से कहीं न कहीं नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व का सिद्धांत भी प्रभावित होता है। सच कहूं तो इनके 'संसर्ग' से विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका का एक हिस्सा भी प्रभावित हो चुका है, क्योंकि विदेशों में बैठे इनके 'संरक्षक' भारत सरकार या राज्य सरकारों को अपने प्रभाव में लेने के लिए रणनीतिक रूप से इनका सदुपयोग-दुरुपयोग करते हैं। कहना न होगा कि यदि ऐसे दबाव समूह की हर बात मान ली जाए तो देर सबेर लोकतंत्र की मूल भावना ही नष्ट हो जायेगी। ऐसे दबाव समूहों के चलते ही भारतीय संविधान पारस्परिक विरोधाभासों से भर गया। यही नहीं, स्वतंत्र भारत में भी इन्हें सन्तुष्ट करने के लिए कुछ संवैधानिक संशोधन किये गये या फिर कुछ नये कानून बनाये गये, जिससे भारतीयों के बीच पारस्परिक वैमनस्यता बढ़ी। सच कहा जाए तो गुलाम भारत की तरह ही आजाद भारत में भी वर्ष 1967 से ऐसे दबाव समूह देश व उसके विभिन्न सूबों की सियासत में दखल

**1967 से ऐसे दबाव समूह देश व उसके विभिन्न सूबों की सियासत में दखल देने लगे, जिनकी पराकाष्ठा 1977 तक दिखाई देने लगी थी। फिर वर्ष 1989 तक स्थिति जटिल हो गई कि समस्त राष्ट्र ही दिशाविहीन हो गया।**

**मुद्दा**

देने लगे, जिनकी पराकाष्ठा वर्ष 1977 तक दिखाई देने लगी थी। और फिर वर्ष 1989 तक स्थिति इतनी जटिल हो गई कि समस्त राष्ट्र ही दिशाविहीन हो गया। उसके बाद से ही ऐसे दबाव समूहों की अधिनायकवादी प्रवृत्ति सत्ता पर हावी होने लगी, जिससे उस वंशवादी लोकतंत्र और वंशवादी दलतंत्र को फलने-फूलने का मौका मिला, जिसमें राजतंत्र के तमाम दुर्गुण महसूस किये गये, जो अब भी जारी है। सवाल है कि जिस देश में हरेक नागरिक को रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान की गारंटी आजादी के 75 साल बाद भी नहीं दी जा सकी है, वहां पर ऐसे ऊल-जुलूल सवालों पर क्यों न्यायपालिका और सिविल प्रशासन का समय और धन जाया किया जाय। मीडिया क्यों इन पर बहस को बढ़ावा दे और सियासतदानों द्वारा उनपर क्षुद्र राजनीति की जाए।


**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**




**फेसबुक वॉल से**



# रेल बजट : सफर सुहावना करने का वादा



आर.के. सिन्हा


***केन्द्रीय*** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 45 लाख करोड़ का 2023-24 का बजट तो यही संकेत दे रहा है कि अब आपका रेलवे का सफर और सुहावना होने जा रहा है। यानी आपको रेल में यात्रा करने में आनंद आयेगा। यह इसलिए संभव होगा क्योंकि सरकार रेलवे का कायाकल्प करने के प्रति दृढ़ संकल्प दिखा रही है। रेलवे का चौतरफा विकास करने का सिलसिला तो लगातार चल ही रहा है। इसे और गति देने के इरादे से ही केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2023-24 के बजट में रेलवे के लिए 2 लाख 40 ह्जार करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। इसके अतिरिक्त 75 हजार करोड़ रुपये नई परियोजनाओं को लागू करने पर खर्च किए जाने का प्रस्ताव अलग से है। पिछले साल 2022-23 में रेलवे के विकास के लिए 1.4 लाख करोड़ का बजट आवंटित किया गया था। यानि अब यह लगभग दुगुना हो गया। रेलवे को दिल खोलकर धन मिलने जा रहा है। रेलवे को मुसाफिरों को आरामदेह सफर का सुख देने के साथ अपनी नई परियोजनाओं पर भी ईमानदरी से काम करना होगा। रेलवे लगातार अपने काम में सुधार कर भी रहा है। पर अभी तो उसे बहुत आगे जाना है। अभी भी मंजिल बहुत दूर ही दिख रही है। हाँ यह जरूर है कि जब दो लाख चालीस हजार करोड़ और 75,000 करोड़ एक वर्ष में खर्च होंगे तो देशभर में भारी संख्या में रोजगार पैदा होंगे। इस बीच, जहां तक देश के रेलवे स्टेशनों का सवाल है तो फिलहाल इस दृष्टि से 47 रेलवे स्टेशनों के लिए निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है, जबकि 32 स्टेशनों पर काम भी शुरू हो गया है। सरकार ने 200 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया है। स्टेशनों पर ओवरहेड स्पेस बनाये जायेंगे, जिसमें बच्चों के लिए मनोरंजन सुविधाओं के अलावा वेटिंग लाउंज और फूड कोर्ट सहित तमाम विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी। रेलवे स्टेशन क्षेत्रीय उत्पादों की बिक्री के लिए भी एक सस्ता पर लोक लुभावन मंच भी प्रदान करने जा रहे हैं। एक अच्छी बात यह भी है कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उत्पादन भी अब भारत में ही हो रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ समय पहले बताया था कि 400 वंदे भारत ट्रेनों में से 100 का निर्माण तो लातूर, मराठावाड़ा में कोच फैक्ट्री में ही किया जायेगा जिससे इस पिछड़े इलाके में रोजगार की संभावनाओं में भारी वृद्धि होगी। दरअसल, इस 21वीं सदी में भारत के तेज विकास के लिए रेलवे का विकास और भारतीय रेलवे में तेजी से सुधार बहुत जरूरी है। इसलिए ही केंद्र सरकार भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए रिकॉर्ड निवेश कर रही है। फिलहाल भारतीय रेलवे के कायाकल्प करने का राष्ट्र व्यापी अभियान चल रहा है। अब वंदे भारत, तेजस, हमसफर जैसी आधुनिक ट्रेनें देश में बन रही हैं। सुरक्षित, आधुनिक कोचों की संख्या में भी रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है। रेलवे स्टेशनों को भी एयरपोर्टों की तरह ही सुन्दर ढंग से विकसित किया जा रहा है। भारत जैसे युवा देश के लिए भारतीय रेल भी युवा अवतार लेने जा रही है और इसमें निश्चित तौर पर 475 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनों की बड़ी भूमिका होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में रेलवे की विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था की है। इसके चलते रेल पटरियों का भी तेजी से विस्तार होगा। इस लिहाज से दो स्तरों पर काम होना चाहिए। पहला, नई-नई जगहों में रेल लाइनें बिछाई जाएं जहां पर रेलवे ने अब तक दस्तक ही नहीं दी है। और दूसरा यह कि विस्तार यह सोचकर किया जाये कि अब देश के रेल नेटवर्क को आपको दो की बजाय तीन-चार या पांच पटरियों पर दौड़ाना होगा। तब ही देश का रेल यातायात सुगम होगा। देश के सभी मुख्य रेल मार्गों पर कम से कम चार-पांच रेल ट्रैक तो बनने ही चाहिए। तभी रेल यात्रियों और मॉल परिवहन की भारी बोझ को सहने में सक्षम होगा। इस प्रकार, दो-दो सवारी गाड़ियों और मालगाड़ियों के आवागमन के लिये ट्रैक पांचवा इमरजेंसी ट्रैक सेना, पुलिस बल, राहत कार्य के लिए विशेष ट्रेनों आदि के लिए। मैं बीते दिनों नई दिल्ली, हजरत निजामउद्दीन, अमृतसर, आगरा, सवाई माधोपुर, देहरादून, हरिद्वार वगैरह अनेकों रेलवे स्टेशनों में गया। वहां झाड़ू लेकर घूमने वालों की जगह आधुनिक मशीनों पर सवार नवयुवक-नवयुवतियां सफाई करते दिखे। सब में अद्भुत सुधार दिखाई दिया। ये काफी आधुनिक लगे। इनमें वाशरूम बेहतर और साफ थे। इनमें गुजरे सालों की तरह अराजकता और अव्यवस्था नहीं थी। सफाई व्यवस्था भी पहले से बेहतर । पर कई जगहों पर रेलवे ट्रैक के साथ-साथ रेलवे की संपत्ति पर अतिक्रमण भी दिखाई देता रहा।

**रेलवे स्टेशन क्षेत्रीय उत्पादों की बिक्री के लिए भी एक सस्ता पर लोक लुभावन मंच भी प्रदान करने जा रहे हैं। एक अच्छी बात यह भी है कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उत्पादन भी अब भारत में ही हो रहा है।**

**रेलवे की बात**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# थायराइड के मरीजों का ऐसा होना चाहिए डाइट प्लान



गलत- खानपान, खराब लाइफस्टाइल के कारण कई तरह के रोगों का खतरा बढ़ रहा है जिसमें से डायबिटीज, थायराइड, गठिया जैसे रोग मुख्य रुप से बहुत से लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। थायराइड के कारण मरीजों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। थायराइड ग्लैंड गर्दन के पिछले हिस्से में मौजूद होते है जो शरीर के मेटाबॉल्जिम को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

## दो तरह का होता है थायराइड

थायराइड दो तरह की होता है जिसमें से एक है हाइपोथायराइड और दूसरा है हाइपरथायराइड। हाइपोथायराइड को अंडरएक्टिव थायराइड भी कहते हैं यह व्यक्ति को तब होता है जब थायराइड हार्मोन कम मात्रा में होती है। इस थायराइड के कारण मरीज पतले होने लगते हैं। वहीं हाइपरथायराइड वह होता है जिसके कारण शरीर में हार्मोन्स का ज्यादा मात्रा में निर्माण होने लगता है। इसके अलावा भोजन में आयोडिन की कमी होने पर भी गॉइटर जैसी समस्या होने लगती है।

**लक्षण**

**कब्ज**

**थकावट**

**तनाव**

**रुखी त्वचा**

**वजन बढ़ना या कम होना**

**हृदय गति का म होना**

**हाई ब्लड प्रेशर**

**बाल झड़ना**

## पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को होता है थायराइड

थायराइड की समस्या पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में ज्यादा होती है। खासकर महिलाओं में यह बीमारी शुरूआती 30 साल की उम्र में शुरू हो जाती है। परंतु इसके कुछ सामान्य लक्षण 50 की उम्र के बाद ही दिखते हैं।

## थायराइड में क्या खाना चाहिए?

### अलसी के बीज



थायराइड के मरीजों के लिए अलसी के बीज बहुत ही फायदेमंद माने जाते हैं। इनमें पाया जाने वाला ओमेगा-3 फैटी एसिड को कम करने में मदद करता है।

### ब्राजील नट्स

एक्सपर्ट्स के अनुसार, ब्राजील नट्स मे सेलेनियम काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में थायराइड के मरीज ब्राजील नट्स को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### अंडा

अंडा आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें भी सेलेनियम पाया जाता है जो थायराइड मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### साबुत अनाज



साबुत अनाज का सेवन करके आप थायराइड जैसे रोग से छुटकारा पा सकते हैं। इसमें जिंक की मात्रा काफी अच्छी पाई जाती है। सिंपल राइस के अलावा आप ब्राउन राइस अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### दही

दही का सेवन आप थायराइड की समस्या से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला आयोडीन समस्या से छुटकारा दिलवाने में मदद करता है।

### समुद्री मछली

समुद्री जीवों में आयोडीन काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में आप समुद्री शैवाल, समुद्र की सब्जियां और मछलियां आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन आप थायराइड की समस्या से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। इनमें आयरन काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है।

### ड्राई फ्रूट्स और सूरजमुखी के बीज

काजू, बादाम और सूरजमुखी के बीच आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें कॉपर काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। नियमित इन चीजों का सेवन करने से आप थायराइड की समस्या से



राहत पा सकते हैं।

### गाय का दूध और नारियल तेल

गाय का दूध और नारियल तेल आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। नारियल तेल थायराइड के मरीजों की कार्यप्रणाली सुधारने में मदद करता है।

## न खाएं ये चीजें

### सोयाबीन



सोयाबीन और सोया युक्त पदार्थों का सेवन न करें। इससे हाइपोथायरायडिज्म का खतरा बढ़ सकता है।

सोयाबीन में फाइटोएस्ट्रोजन पाया जाता है जो थायराइड हार्मोन का निर्माण करने वाले एंजाइम के कार्य करने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है।

### फूलगोभी-ब्रोकली



कच्ची या आधीपक्की हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से भी थायराइड का खतरा बढ़ सकता है।

ब्रोकली, पालक, फूलगोभी में एंटीथायराइड तत्व पाए जाते हैं जो थायराइड मरीजों के लिए हानिकारक होते हैं।

### कैफीन युक्त पदार्थ

थायराइड की समस्या होने पर आप कैफीन वाली चीजों से परहेज करें। इनके कारण थायराइड ग्लैंड बढ़ सकता है।

### ग्लूटेन फूड

हाइपोथायरायडिज्म के मरीजो को ग्लूटेन का सेवन भी कम करना चाहिए। ग्लूटेन एक तरह का प्रोटीन होता है जो गेंहू, राई, जौ और अन्य अनाजों में पाया जाता है। ऐसे में इन फूड्स का सेवन करने से थायराइड का जोखिम बढ़ सकता है।

### प्रोसेस्ड फूड्स



प्रोसेस्ड या फिर जंक फूड्स का सेवन भी थायराइड के रोगियों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

इससे सेवन करने से थायराइड के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकता है।

### मीठे पदार्थ

मीठे पदार्थों का सेवन भी थायराइड के रोगियों को नहीं करना चाहिए। इससे आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो सकती है जिसके कारण आपका वजन बढ़ सकता है।

# बच्चे के दिल में छेद है तो न हों परेशान, आरबीएसके की टीम से करें सम्पर्क

बच्चों के दिल में छेद की समस्या के इलाज में गरीबों को काफी दिक्कतें आती हैं। लेकिन अब ऐसे दंपति को भी घबराने की जरूरत नहीं है। अपने नौनिहाल के इलाज के लिए किसी को भी तीन-चार लाख रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत ऐसे बच्चों का निःशुल्क



ऑपरेशन किया जाएगा।

गोरखपुर स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 15 बच्चों का सफल इलाज कराया है और 15 अन्य बच्चों के दिल के छेद का आपरेशन कराने की तैयारी में है। गोरखपुर में इस बीमारी के ऑपरेशन की सुविधा नहीं है। बावजूद इसके गोरखपुर स्वास्थ विभाग इस क्षेत्र में काम कर रहा है। गोरखपुर स्वास्थ विभाग की टीम ने जिन 15 बच्चों का इलाज कराया है, उन्हें अलीगढ़, लखनऊ व नोएडा भेजकर सरकारी खर्च पर ऑपरेशन कराया है।

## क्या कहते हैं लाभार्थी

सरदार नगर ब्लाक के चौरी गांव के निवासी लाभार्थी ड्राइवर विजय कहते हैं कि 11 वर्षीय राधिका को बचपन से ही बुखार और खांसी की समस्या थी। दौड़ने पर उसकी सांस फूलती थी। बेटी पांचवीं में पढ़ती है। प्राथमिक विद्यालय पर आरबीएसके की टीम आई थी। टीम ने विजय की पत्नी को बुलवाया था। इसके बाद बेटी की जांच हुई। कार्यवाही पूरी करने के बाद अलीगढ़ मेडिकल कालेज भेजा। ऑपरेशन हुआ। अब राधिका स्वस्थ है। केवल अलीगढ़ जाने का खर्च लगा था। उपचार निःशुल्क हुआ।

## सीएमओ का कहना

सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे का कहना है कि जिले की 38 आरबीएसके टीम आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल और प्रसव केंद्र से बीमार बच्चों को चिह्नित करती है। 44 प्रकार की बीमारियों की निःशुल्क जांच व उपचार करवाती है। यह आयुष्मान योजना के अतिरिक्त है। कटे होंठ व तालू, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, क्लब फुट सर्जरी, अति गंभीर कुपोषण, दिल के छेद की सर्जरी जैसी बीमारियां इनमें शामिल हैं। बीमार बच्चों के अभिभावक आरबीएसके टीम से संपर्क कर यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। 15 अन्य बच्चों का चयन कर लिया गया है, शीघ्र ही उनका भी ऑपरेशन करा दिया जाएगा।

# पेशाब से जुड़ी समस्याओं को दूर करेंगे ये उपाय

पानी आपके मूत्राशय में बैक्टीरिया को बाहर निकाल देता है, जिससे संक्रमण से तेजी से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। यह आपके पेशाब को भी पतला करता है। ऐसे में आपको पेशाब करने में दर्द कम हो सकता है। यूरिन आपके शरीर के अपशिष्ट उत्पादों से बनता है। आमतौर पर यह माना जाता है कि यूरिन से जुड़ी समस्याएं केवल बुजुर्ग व्यक्तियों को ही होती है, लेकिन वर्तमान समय में यंग लोगों में भी यह समस्या देखी जा रही है। यूटीआई अर्थात यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन यूरिनरी सिस्टम के किसी भी हिस्से में होने वाला इन्फेक्शन है। आमतौर पर, यूटीआई संक्रमण लोअर यूरिनरी ट्रैक्ट जैसे मूत्राशय और मूत्रमार्ग शामिल होते हैं। इतना ही नहीं, पुरुषों की तुलना में महिलाओं को भी यूटीआई विकसित होने का अधिक खतरा होता है। यह एक ऐसा इंफेक्शन होता है, जो बेहद गंभीर होता है और इससे आपको काफी अधिक दर्द का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए दवाइयों के सेवन के साथ-साथ आप कुछ आसान होम रेमिडीज को भी भी अपना सकते हैं।



## पीएं अधिक पानी

पानी आपके मूत्राशय में बैक्टीरिया को बाहर निकाल देता है, जिससे संक्रमण से तेजी से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। यह आपके पेशाब को भी पतला करता है। ऐसे में आपको पेशाब करने में दर्द कम हो सकता है। यूरिन आपके शरीर के अपशिष्ट उत्पादों से बनता है। जब आपको मूत्राशय में संक्रमण होता है, तो गहरे रंग का पेशाब अधिक परेशान करने वाला और ए दर्दनाक हो सकता है। इस बीच, पतला मूत्र रंग में हल्का होता है और आमतौर पर उतना परेशान नहीं करता है।

## हीटिंग पैड का करें इस्तेमाल

अपने पेट या पीठ पर हीटिंग पैड का इस्तेमाल करने से यूरिन इंफेक्शन के कारण होने वाले दर्द को काफी हद तक कम किया जा सकता है। खासतौर से, अगर आप दवाओं का सेवन कर रहे हैं तो उसके साथ हीटिंग पैड आपको दर्द से निजात दिलाने में मदद करेगा।

## क्रैनबेरी जूस का करें सेवन

आपको शायद पता ना हो, लेकिन मूत्राशय के संक्रमण को रोकने में क्रैनबेरी जूस एक नेचुरल ट्रीटमेंट के रूप किया जा सकता है। अगर आपको यूरिन इंफेक्शन है और आप दवा का सेवन कर रहे हैं, तो इसके साथ क्रैनबेरी जूस का सेवन करें। इससे आपको यकीनन बेहद राहत मिलेगी। हालांकि, फिर भी इसे अपनी डाइट में शामिल करने से पहले आप एक बार डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

## खाएं विटामिन सी रिच फूड्स

विटामिन सी एक बेहतरीन एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो हानिकारक बैक्टीरिया के विकास को रोकने में मदद करता है। साथ ही साथ, यूरिन की एसिडिटी को बढ़ाता है, जो बार-बार होने वाले मूत्राशय के संक्रमण को रोकने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, विटामिन सी की एंटी-माइक्रोबायल और एंटीऑक्सीडेंट गुण संक्रमण को रोकने में मददगार हो सकते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप अपनी डाइट में विटामिन सी रिच फूड्स को अवश्य शामिल करें।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6599

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6598 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**03 फरवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.18 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मीन | 08.50 बजे से |
| मंगल | वृष में | मेष | 10.21 बजे से |
| बुध | धनु में | वृष | 12.01 बजे से |
| गुरु | मीन में | मिथुन | 13.59 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 16.12 बजे से |
| शनि | कुंभ में | सिंह | 18.29 बजे से |
| राहु | मेष में | कन्या | 20.40 बजे से |
| केतु | तुला में | तुला | 22.51 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | वृश्चिक | 01.06 ब.से |
| | | धनु | 03.22 बजे से |
| | | मकर | 05.27 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 34 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2079
**शक संवत्** 1944
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 18.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु अहोरात्र।
**योग** विष्कुम्भ 13.01 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 18.58 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 16° 40'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871513
**जूलियन दिन** 2459978.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रज्जब
**तारीख** 11
**विशेष** प्रभु नित्यानंद जयंति।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7663



**बाएँ से दाएँ**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

### शब्द पहेली -7662 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | ल | ब | | ट | म | ट | म |
| प | | | द | स्त | क | | | हा |
| र | | ना | नी | | ला | श | | ज |
| ख | ल | ना | य | क | | व | त | न |
| | ल | | त | | ना | | री | |
| म | ना | ही | | ह | क | व | का | ना |
| हा | | ना | क | | क | ल | | थि |
| व | | | स | पा | ट | | | का |
| त | व | वा | र | | ना | ह | क | |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सकारात्मक संभावनाओं से भरा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में आर्थिक लाभ मिल सकता है। धनप्राप्ति के योग रहेंगे।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अचानक धन लाभ होने की संभावना जरूर बन रही है, लेकिन व्यापार करने वालों को कड़ी मेहनत करने पर सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूलता बनी रहने की संभावना है। कारोबार में अच्छा लाभ होगा।

**कर्क राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा मिल सकता है। किसी दोस्त या जीवनसाथी से शुभ समाचार मिलेगा।

**सिंह राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निवेश के लिए समय अधिक अनुकूल है। धनप्राप्ति के योग हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने. से स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**कन्या राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आय के नवीन साधन प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष कमजोर रहने से तनाव रह सकता है। ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होना आरंभ हो जाएगा और आप धन संबंधी मामलों में राहत का अनुभव करेंगे।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। कारोबार के प्रति गंभीर रहेंगे और धनलाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। कार्यक्षेत्र में सक्रियता बढ़ेगी।

**धनु राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक आयोजन भी कर सकेंगे।

**मकर राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ रहेगा और आमदनी में वृद्धि होगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ? से आर्थिक समस्या आ सकती है। लक्ष्य तक पहुंचने में बाधाएं आ सकती है।

**कुंभ राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। साहित्य एवं लेखनकार्य के लिए समय अच्छा है। इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। किसी के वाणी और व्यवहार से आपको ठेस लग सकती है।

**मीन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आय में स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक विषयों में संभलकर निर्णय लें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### शाह से मिले आजाद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद ने गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने केंद्रीय गृह मंत्री के सामने जम्मू-कश्मीर में चल रही एंटी-एंक्रोचमेंट ड्राइव का मुद्दा उठाया। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि जम्मू-कश्मीर में भूमि बेदखली के मुद्दों के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। आजाद ने कहा कि अमित शाह को आम लोगों के बीच फैली अशांति और अनिश्चितता के बारे में अवगत कराया।

### टेरर फंडिंग में अहमद की जमानत याचिका पर एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने टेरर फंडिंग के मामले में आरोपित अलगाववादी नेता नईम अहमद खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया है। जुलाई 2017 में नईम अहमद खान को कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वो तब से जेल में बंद हैं। 27 जनवरी को पटियाला हाउस कोर्ट ने नईम और उसके सहयोगियों के श्रीनगर स्थित राजबाग के ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस के दफ्तर को सील का का आदेश दिया था।

### वेतन को लेकर ब्रिटेन के पांच लाख कर्मचारी हड़ताल पर

**लंदन।** उच्च मुद्रास्फीति और वेतन को लेकर लंबे विवादों के बीच ब्रिटेन में करीब पांच लाख शिक्षक, विश्वविद्यालय के कर्मचारी, ट्रेन चालक और सिविल सेवक हड़ताल पर चले गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को इंग्लैंड और वेल्स में नेशनल एजुकेशन यूनियन के सदस्यों ने वॉकआउट किया। इससे 23,400 स्कूल प्रभावित हुए।

### रूस-यूक्रेन जंग और तेज होने के आसार

**कीव।** यूक्रेन-रूस के बीच जारी संघर्ष के करीब एक साल पूरे से पहले एक बार जंग और तेज होने के आसार हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। रूस ने पूर्वी यूक्रेन के लुहांस्क रीजन में सेना की तैयारियों को बढ़ा दिया है। क्रेमलिन की ओर से बुधवार को कहा गया कि अगर अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी के राकेट दिए तो इससे संघर्ष और भड़क जाएगा।

# भारत-अमेरिका के बीच जल्द हो सकती है बड़ी डिफेंस डील

**एलएसी और हिंद महासागर में सुरक्षा होगी चाक-चौबंद**

**इस सौदे के तहत भारत को अमेरिका से मिलने हैं 30 एमक्यू-9बी प्रीडएटर ड्रोन्स**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच 3 बिलियन डॉलर की अहम डिफेंस डील जल्द हो सकती है। बता दें कि इस सौदे के तहत भारत को अमेरिका से 30 एमक्यू-9बी प्रीडएटर ड्रोन्स मिलने हैं। इस डील से भारत की एलएसी और हिंद महासागर में निगरानी क्षमता बढ़ेगी और सुरक्षा चाक-चौबंद हो सकेगी। दोनों देशों के बीच इस डील को लेकर बीते पांच सालों से बातचीत हो रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी अमेरिका के दौरे पर हैं और उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों और वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुल्लिवन के साथ भी इस डील को लेकर बातचीत की है।

### भारत ने साल 2017 में ड्रोन्स की खरीद के लिए शुरू की थी बातचीत

**एलएसी** पर तनाव और हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच भारत ने साल 2017 में इन ड्रोन्स की खरीद के लिए बातचीत शुरू की थी और अब जल्द ही इस डील के फाइनल होने की उम्मीद है। इन एमक्यू-9बी प्रीडएटर ड्रोन्स की मदद से भारत की निगरानी करने की क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा।



### भारत की तीनों सेनाओं को मिलने हैं 10-10 प्रीडएटर ड्रोन्स

**भारत** की तीनों सेनाओं को 10-10 प्रीडएटर ड्रोन्स मिलने हैं। प्रीडिएटर ड्रोन्स की खासियत है कि ये किसी भी हालात में निगरानी करने की क्षमता रखते हैं। ये ड्रोन्स लंबे समय तक आसमान में उड़ान भर सकते हैं। खास बात यह है कि ये ड्रोन्स दिन और रात में भी निगरानी कर सकते हैं और पेलोड लेकर भी उड़ान भर सकते हैं। इन ड्रोन्स में लगे 360 डिग्री कैमरे से समुद्र, आकाश और जमीन पर निगरानी रख सकते हैं। एआई और मशीन लर्निंग तकनीक से लैस ये ड्रोन्स डाटा की समीक्षा कर उसे विभिन्न जगहों पर वितरित भी कर सकते हैं ताकि आपात स्थिति में तुरंत एक्शन लिया जा सके। सर्विलांस के साथ ही राहत और बचाव कार्यों में भी इन ड्रोन्स की मदद ली जा सकती है।

### दोनों देश जल्द फाइनल करना चाहते हैं यह डील

**अमेरिका** की राजनीतिक रक्षा मामलों की प्रमुख जेसिका लेविस से जब इस डील को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हम पांच साल से इस डील पर बातचीत कर रहे हैं और अब गेंद भारत के पाले में है। हालांकि, उन्होंने इस डील पर ज्यादा जानकारी देने से इंकार कर दिया। खबर है कि भारत और अमेरिका दोनों ही देश चाहते हैं कि जल्द से जल्द यह डील फाइनल हो जाए ताकि भारत को जल्दी ही प्रीडएटर ड्रोन्स की सप्लाई की जा सके। अमेरिका की बाइडेन सरकार भी जल्द इस डील को फाइनल करना चाहती है, क्योंकि इस डील से अमेरिका में रोजगार बढ़ेगा और साथ ही उनकी सरकार इस डील को अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश करना चाहती है।


## अमेरिकी सीनेटरों ने ब्लिंकेन को लिखा पत्र, कहा

# भारत, ताइवान के खिलाफ चीन की आक्रामकता अस्वीकार्य

**फ्लोरिडा के मार्को रुबियो के नेतृत्व में रिपब्लिकन सीनेटरों ने अमेरिकी विदेश मंत्री को लिखा पत्र**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन संपन्न क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य पैंतरेबाजी की पृष्ठभूमि के खिलाफ एक स्वतंत्र, खुले और संपन्न हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। फ्लोरिडा के मार्को रुबियो के नेतृत्व में रिपब्लिकन सीनेटरों ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को ताइवान और भारत के खिलाफ चीन की आक्रामक आक्रामकता के बारे में पत्र लिखा है। पत्र ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन को भी संबोधित किया गया था, जो ब्लिंकन के साथ बीजिंग जाने के लिए तैयार हैं। ब्लिंकन 2018 के बाद से बीजिंग का दौरा करने वाले पहले शीर्ष अमेरिकी राजनयिक होंगे। पत्र के अनुसार रिपब्लिकन सांसदों ने ब्लिंकेन और येलेन से चीनी नेतृत्व को यह बताने का आग्रह किया है कि हिमालय में ताइवान और भारत के खिलाफ उसकी आक्रामकता पूरी तरह से अस्वीकार्य है।



इसके अलावा, सीनेटरों ने दोनों नेताओं से आग्रह किया है कि वे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) को रोकें और सीसीपी को उसके इंडो-पैसिफिक में घोर मानवाधिकारों के हनन, अनुचित व्यापार प्रथाओं, फेंटेनाइल संकट में अग्रणी भूमिका और सहयोगियों और भागीदारों के प्रति आक्रामकता के लिए जवाबदेह ठहराएं।

भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन सम्पन्न क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य पैंतरेबाजी की पृष्ठभूमि के खिलाफ एक स्वतंत्र, खुले और संपन्न हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। चीन ताइवान, फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम के माध्यम से लगभग सभी विवादित दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। चीन का पूर्वी चीन सागर में जापान के साथ क्षेत्रीय विवाद भी है।

# इजराइल ने गाजा पर किया हवाई हमला, मिसाइलें दागी

**रॉकेट दागने के जवाब में इजरायल की जवाबी कार्रवाई**

**एजेंसी। गाजा**

इजराइली लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को गाजा पट्टी से दागे गए रॉकेटों के जवाब में आतंकवादी समूहों के ठिकानों पर सिलसिलेवार हवाई हमले किए। चश्मदीदों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना के ड्रोन और लड़ाकू विमानों को हवा में उड़ते देखा गया और मध्य गाजा पट्टी में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई। उन्होंने कहा कि एक सैन्य चौकी पर 14 से अधिक मिसाइलें दागी गईं जो हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूहों से संबंधित है।

फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि मुख्य रूप से चौकियों और मुख्य ठिकानों को निशाना बनानेवाले हमलों के दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। इजराइली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि हवाई हमले दक्षिणी



इजराइल में दो रॉकेट दागे जाने के जवाब में थे। किसी समूह ने हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है।

गुरुवार को इजराइली हवाई हमलों के दौरान, हमास शासित तटीय गाजा पट्टी में आतंकवादियों ने सीमा के करीब दक्षिणी इजराइली समुदायों पर कम से कम आठ रॉकेट दागे और हमास के आतंकवादियों ने इजराइली लड़ाकू विमानों पर एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें दागी। 26 जनवरी को, इजराइली सेना ने कब्जे वाले उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर पर छापा मारा था और नौ फिलिस्तीनियों को मार डाला और 16 अन्य को घायल कर दिया था।

# आदेश देने के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि उसने मुंबई में 5 फरवरी को होनेवाले अभद्र भाषा कार्यक्रम के खिलाफ एक याचिका की जांच करने पर सहमति जताते हुए नफरत फैलानेवाले भाषणों के संबंध में कई आदेश पारित किए, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। न्यायमूर्ति केएम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष एक वकील ने मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की। बेंच ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की मंजूरी के अधीन मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए पोस्ट किया जाएगा। बेंच ने वकील से कहा, आप आदेश पाकर हमें बार-बार शर्मिंदा करते हैं, क्योंकि हमने इतने आदेश पारित कर दिए हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

# अतिपिछड़ों की हुई हकमारी : कुशवाहा

**पटना।** जनता दल (यू) संसदीय दल के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर भी जोरदार सियासी हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन दोनों ने बिहार में करीब 35 साल तक शासन किया, लेकिन अति पिछड़ों को हक मारी गई। एक परिवार को बढ़ाने का काम हुआ। कभी भी सत्ता पर अति पिछड़ों को मजबूत हिस्सेदारी नहीं दी गई। पटना में जगदेव प्रसाद की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में कुशवाहा ने कहा कि आज भी केवल एक परिवार का शासन चल रहा है।

### 7 नक्सली मिलिशिया सदस्य पकड़े गए

**नई दिल्ली।** नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सीआरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एक विशेष ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ ने 7 नक्सली मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा है। ये कार्रवाई सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ के सुकमा में की गई। सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने बताया कि नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों को बरामद करने के उद्देश्य से सर्च डिस्ट्रक्शन ऑपरेशन के अलावा जवानों द्वारा एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक संयुक्त अभियान 141 बटालियन सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बुधवार देर रात से गुरुवार सुबह तक चलाया गया।




# पाकिस्तान में बनेगा मीना की 'पाकीजा' का रीमेक

**मुंबई।** इंडियन सिनेमा की क्लासिक फिल्म 'पाकीजा' का पाकिस्तानी रीमेक बनने जा रहा है। रीमेक में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मीरा लीड रोल में नजर आएंगी। वह बॉलीवुड क्लासिक 'पाकीजा' के पाकिस्तानी रीमेक में दिवंगत अदाकारा मीना कुमारी द्वारा निभाई गई भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बात का खुलासा खुद मीरा ने एक इंटरव्यू में किया है। मीरा ने एक इंटरव्यू में कहा : मैं पाकीजा का किरदार निभाने जा रही हूं, 100 प्रतिशत। उन्होंने आगे बताया कि वे इस प्रोजेक्ट पर पिछले 13 सालों से काम कर रही हैं, जबकि शूटिंग मार्च, 2023 से शुरू होगी। मीरा के मुताबिक 'पाकीजा' के पाकिस्तानी रीमेक को अमेरिका की एक प्रोडक्शन कंपनी रेड लिपस्टिक प्रोड्यूस कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म का निर्माण यूएस-आधारित प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया गया है, जिसे रेड लिपस्टिक कहा जाता है, और कास्टिंग अभी भी प्रक्रिया में है।



# सिद्धार्थ-कियारा ने शुरू की शादी की तैयारियां

**मुंबई।** बी टाउन के मोस्ट फेमस कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी 6 फरवरी को राजस्थान में शादी करने जा रहे हैं। शादी की तैयारी जोरों पर है, जबकि कियारा अपने ब्राइडल कॉट्योर को फिनिशिंग टच दे रही हैं, सिद्धार्थ कथित तौर पर दिल्ली में तैयारी की देख-रेख कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ और कियारा राजस्थान के जैसलमेर में एक ट्रेडिशन पंजाबी वेडिंग करेंगे। तीन दिवसी शादी समारोह स्टार कपल का प्री वेडिंग फंक्शन हल्दी सेरेमनी के साथ शुरू होगा। सिद्धार्थ और कियारा के प्री-वेडिंग फंक्शन जैसे मेहंदी, हल्दी और संगीत 4 और 5 फरवरी को होनेवाले हैं। शादी के मेहमानों की लिस्ट में कपल की फैमिली और इंडस्ट्री के कुछ खास दोस्त शामिल हैं। इनमें करण जौहर, मनीष मल्होत्रा, फिल्म मेकर अश्विनी यार्डी और कुछ अन्य शामिल हैं।

## विस चुनाव — एनडीपीपी के साथ गठबंधन करेगी भाजपा

# 60 में से 20 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को 27 फरवरी को होने वाले नागालैंड विधानसभा चुनाव में नेशनलिस्ट डेमोकेट्रिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के साथ गठबंधन करने की घोषणा की। साथ ही सीटों के बंटवारे के समझौते के तहत 20 उम्मीदवारों की सूची का भी ऐलान किया। दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा : हम नागालैंड की 60 में से 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। बाकी सीटें हमारे गठबंधन सहयोगी एनडीपीपी को दी गई हैं। हम मेघालय की सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। हमारी टैगलाइन है 'एम पावर मेघालय' यानी 'मोदी पावर्ड मेघालय' और डबल इंजन की सरकार बनेगी। सूची के मुताबिक, अलोंगटकी से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तेमजेन इम्ना चुनाव लड़ेंगे। बुधवार को बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति ने नागालैंड के उम्मीदवारों को लेकर बैठक की और गुरुवार सुबह लिस्ट जारी की। इससे पहले मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसी) ने नागालैंड में 60 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 14वें विधानसभा चुनाव के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की।

### मेघालय के पूर्व विस अध्यक्ष चुनाव से पहले भाजपा में शामिल



**एजेंसी। शिलांग**

मेघालय में 27 फरवरी को होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला जारी है, इसी क्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेता मार्टिन एम डांगो भाजपा में शामिल हो गए हैं। गुरुवार को नई दिल्ली में भाजपा द्वारा जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, डेंगो दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स जिले के रानीकोर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। एनपीपी सूत्रों ने कहा कि वह रानीकोर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार खड़ा करने के बारे में जल्द ही फैसला करेंगे डांगो ने एनपीपी से इस्तीफा दे दिया और वजह बताई जा रही है कि उन्हें कथित तौर पर एनपीपी द्वारा उपेक्षित किया गया था।

# रियलिटी शो 'कुमाइट 1 वॉरियर हंट' को होस्ट करेंगे बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी




**मुंबई।** एमएक्स प्लेयर ने भारत के पहले एमएमए रियलिटी शो 'कुमाइट 1 वॉरियर हंट' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो काफी पसंद किया जा रहा है। ट्रेलर में सुनील शेट्टी होस्ट के रूप में नजर आए हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक्टर योद्धा की तलाश में। इस रियलिटी शो में 16 शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतियोगियों के बीच चुनौतियों का वार होगा और परम योद्धा का खिताब हासिल करने के लिए उनकी क्षमता का परीक्षण होगा। शो को टोयम स्पोर्ट्स लिमिटेड के साथ पार्टनरशिप में बनाया गया है। एमएक्स प्लेयर के कुमाइट 1 वारियर हंट ने एसएटीएसपोर्ट न्यूज को शीर्षक प्रायोजक के रूप में जोड़ा है। आपको बता दें कि मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स ने भारत में लोकप्रियता हासिल की है। मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स एक कॉम्पटिशनवाला खेल है। इस शो में हमें कंटेस्टेंट्स के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी, जो काफी दिलचस्प होनेवाला है।

# सिद्धार्थ ने छोड़ा 'द कपिल शर्मा शो'

**मुंबई।** फेमस कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' जितना हंसाने के लिए मशहूर है, उतना ही विवादों के लिए जाना जाता है। कभी कपिल शर्मा के साथ शो के कंटेस्टेंट्स की अनबन तो कभी किसी कलाकार का शो को छोड़कर जाना। इसको लेकर अक्सर यह शो चर्चाओं में बना रहता है। हाल ही में भारती सिंह और कृष्णा अभिषेक के शो छोड़ने की खबरें सामने आईं। अब इस शो को लेकर एक ऐसी ही खबर सामने आ रही है, जिसके मुताबिक शो से जुड़े एक और कलाकार ने 'द कपिल शर्मा शो' को छोड़ दिया है। कहा जा रहा है कि सिद्धार्थ ने निर्माताओं से वेतन वृद्धि के लिए कहने के बाद शो से बाहर निकलने का फैसला किया। चूंकि शो के मेकर्स उनकी फीस नहीं बढ़ाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने यह कदम उठाने का फैसला किया और शो छोड़ दिया।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह आयोजित

# 24 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल रमेश बैस ने किसानों को नियमित और टिकाऊ आय सुनिश्चित करने के लिए राज्य में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन और मत्स्यपालन से युक्त समेकित कृषि पद्धति को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है।



गुरुवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के प्रत्येक स्नातक को 5 गांव में जाकर, समय देकर किसानों की परिस्थितियों, समस्याओं और प्राथमिकताओं को समझना चाहिए तथा समाधान के रास्ते प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाना बड़ी चुनौती है जिसका मुकाबला प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देकर ही किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सीखने की कोई उम्र सीमा नहीं होती, इसलिए नया ज्ञान प्राप्त करने की भूख आजीवन बनी रहनी चाहिए। नई पीढ़ी अच्छे मार्ग पर चले और हर दौर की चुनौतियों का सामना अपने नवीनतम ज्ञान के माध्यम से करे।

राज्यपाल ने विभिन्न बैच के टॉपर कुल 24 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल तथा कृषि, पशु चिकित्सा एवं वानिकी विज्ञान में पीएचडी करने वाले 25 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की।

दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के 11 कॉलेजों के कुल 1139 छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया था जिनमें स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले 888, मास्टर डिग्री प्राप्त करने वाले 226, तथा पीएचडी करने वाले 25 विद्यार्थी शामिल थे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक ने दीक्षांत भाषण देते हुए कहा कि डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समाज के बेहतर कार्य के लिए अपने आपको समर्पित करना चाहिए। जिस संस्था में पढ़े, जिस गांव, शहर, कस्बे या प्रान्त से आए हैं, अपने अवदान से उसका नाम रोशन करें।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जबतक आप अपनी आंतरिक मेधा से बाहर आकर समाज की सेवा नहीं करते तबतक आपकी शिक्षा परिपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 तक अपनी खाद्य आवश्यकताओं के लिए दूसरे देशों से खाद्यान्न आयात पर निर्भर रहने वाला भारत आज इस मोर्चे पर आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ 15-20 मिलियन टन अनाज निर्यात कर रहा है और 15-20 देशों को मुफ्त में भी अनाज दे रहा है। पूरे विश्व में भारतीय कृषि आदर्श है और यदि हमारी कृषि किसी कारण पिछड़ जाए तो पूरे विश्व की खाद्य और पोषण सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2027 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने का लक्ष्य रखा है जिसमें कृषि, किसानों और कृषि वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मौसम परिवर्तन, आपसी संघर्ष और पर्यावरण प्रदूषण की तीन प्रमुख चुनौतियों से निबटने के लिए छात्र शक्ति को तैयार रहना होगा, तभी विकसित देश की श्रेणी में आने का सपना साकार हो पाएगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

**रांची।** विश्व सेवा परिषद की ओर से झारखंड सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। परिषद के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. बीबी राज ने बताया कि शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकारी व गैर सरकारी व्यक्तियों, संस्थाओं और समाज सेवियों से आवेदन पत्र मांगा गया है। आवेदन 15 मार्च 2023 तक जमा किया जाना है। सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति एवं संस्था वरीय विभागीय अधिकारी से और गैर सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति व संस्था, मुखिया, वार्ड पार्षद, मेयर, विधायक या सांसद से कार्यों की अनुशंसा कराते हुए फाइल बनाकर जमा कर सकते हैं।

### राजद नेता जयप्रकाश और श्याम रजक तीन को आएंगे रांची

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राजद झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक तीन फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर रांची आएंगे। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव और गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने गुरुवार को बताया कि प्रदेश राजद कार्यालय रांची में दोनों नेता प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

### रांची कैंसर हॉस्पिटल में विशेष जांच शिविर 4-5 फरवरी को

**रांची।** वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर टाटा ट्रस्ट्स से सहयोग-प्राप्त कांके स्थित रांची कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में निःशुल्क विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक एक विशेष जाच शिविर (स्पेशल स्क्रीनिंग कैम्प) में ओरल (मुख), ब्रेस्ट (स्तन) और सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर की जांच मुफ्त में की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष से मिले संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में तीन दिवसीय 17, 18 और 19 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में अतिथि के रूप में आमंत्रित करने हेतु सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला, खनन एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने उनसे खेल महोत्सव के उद्घाटनकर्ता के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। सांसद ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पी०टी० उषा से भी मुलाकात की और उन्हें भी इस महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही केंद्रीय खेल राज्यमंत्री श्री निशीथ प्रमाणिक और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री श्री जॉन बारला से मुलाकात कर उन्हें भी इस महोत्सव हेतु आमंत्रित किया। सांसद श्री सेठ ने बताया कि उनका प्रयास है कि यह महोत्सव रांची के इतिहास में भव्य हो और ऐतिहासिक हो। रांची लोकसभा क्षेत्र की जनता के सहयोग से यह महोत्सव ऐतिहासिक होगा, इस बात का विश्वास उन्हें है।



## ईडी कोर्ट में सिंघल ने लगाई हाजिरी

रांची। मनी लांड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल गुरुवार को ईडी की विशेष कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने अदालत के समक्ष सशरीर हाजिरी लगायी। अब कोर्ट ने उन्हें अगली तारीख पर हाजिर होने का निर्देश दिया है। फिलहाल, अगली तिथि निर्धारित नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल पर खूंटी जिले में हुए मनरेगा घोटाला के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। वह फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत पर है। गुरुवार को उसे पुलिस पेपर सौंप दिया जाएगा। इसके बाद अब चार्जफ्रेम की प्रक्रिया की जा सकती है।

# पृष्ठ एक के शेष

**धनबाद अग्निकांड...**

रेगुलेशन का वहां पालन किया गया है या नहीं, जबकि दूसरी कमेटी यह देखेगी कि अग्निकांड से दोनों भवनों के स्ट्रक्चर को कितना नुकसान हुआ है और वहां लोगों का रहना सुरक्षित है या नहीं। कोर्ट ने मामले में नगर विकास विभाग से पूछा है कि कि अपार्टमेंट एवं भवनों में फायर सेफ्टी के लिए गाइडलाइन क्या है, बिल्डिंग बायलॉज में फायर सेफ्टी के लिए जो रूल बने हैं, उसका पालन हो रहा है या नहीं? इसके साथ ही तीन-चार माह के भीतर पूरे राज्य में फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर कोर्ट को रिपोर्ट सौंपने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। बता दें कि धनबाद में चार दिनों में हुए दो अग्निकांड में 19 लोगों की मौत हुई थी, जबकि दर्जनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

**बूढ़ापहाड़ इलाके से भारी मात्रा...**

लिया है। यही वजह है, नक्सली अपना गढ़ छोड़कर भागने पर विविश हैं। गौरतलब हो कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के टास्क पर काम करते हुए झारखंड पुलिस ने 32 साल से माओवादी गतिविधियों के केंद्र रहे बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करा लिया है। बूढ़ा पहाड़ को नक्सलमुक्त कराने के लिए साल 2022 में पुलिस और सीआरपीएफ ने ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया था। अब बूढ़ा पहाड़ पर सात कैंप बना दिए गए हैं। नदी नालों पर पुल बांध दिए गए हैं। बूढ़ा पहाड़ फिलहाल नक्सलियों से मुक्त है। जवानों की यह कोशिश है कि अब दोबारा इस पहाड़ पर नक्सलियों को नहीं आने दिया जाए।

**कोल्हान में शीष माओवादियों को...**

बटालियन और जगुआर की टीमें अभियान में शामिल हैं। शनिवार को अभियान के दौरान मेरालगढ़ा के आसपास 51 आईईडी विस्फोटक बरामद किए गए। वहीं, अभियान में तीन जवान जख्मी हुए हैं। संयुक्त बलों का अभियान अब भी जारी है।

**नए कैंप बनने से घबराए माओवादी :** चाईबासा में सुरक्षाबलों के द्वारा माओवादियों के प्रभाव वाले इलाके हाथीबुरू और लुईया में कैंप स्थापित किए जा रहे हैं। इन गांवों में माओवादियों का ठिकाना हुआ करता था, ऐसे में कैंप स्थापित किए जाने से माओवादी घबराए हुए हैं। यही वजह है कि माओवादियों ने इलाके में आईईडी कई जगह प्लांट किए हैं, ताकि पुलिस बलों को टारगेट किया जा सके।

**गोमांस खानेवालों की भी हो...**

पद्धति अलग हो सकती है, लेकिन उन सभी का डीएनए एक है।

**'भारत बनेगा विश्व गुरु' : कहा- भारत में रहनेवाला हर शख्स हिंदू**

सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही भारत एक दिन विश्वगुरु बनकर दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि संघ भारत के सभी मतों और संप्रदायों को एक मानता है। होसबाले ने कहा कि देश में लोकतंत्र की स्थापना में आरएसएस की अहम भूमिका रही है।

**चार आईएएस का तबादला...**

कुमारी गीतांजलि, अरविंद कुमार, राहुल, आनंद, मनीष कुमार, ज्ञानेंद्र, महेंद्र कुमार, उषा मुंडू, प्रेम कुमार तिवारी, संतोष सिंह, संजीव कुमार लाल, शहंशाह अली खान, सुमन पाठक, विद्याभूषण कुमार, गौतम कुमार भगत, अजय कुमार साव, प्रवीण प्रकाश, मुमतात अंसारी, गुलाम समदानी, मनीषा तिर्की, शैलेंद्र रजक, विशालदीप खलखो, रंजीत लोहरा, शंकर एक्का, राकेश कुमार, मोनी कुमारी, रामा रविदास, प्रीति किस्कू, पूनम कुजूर, अमित बेसरा, प्रवीण केरकेट्टा, शशीन्द्र कुमार बड़ाईक, विजय सिंह बिरूवा, मोनिका रानी टूडू, सरोजनी एनी तिर्की, सत्यवीर रजक, रंजीता टोप्पो, लीली एनोला लकड़ा।

**51 वैदिक आचार्यों ने विधि...**

गईं। यह दो विशाल शिलाखंड बुधवार शाम ही नेपाल से गोरखपुर होते हुए रामसेवकपुरम पहुंचा दिए गए थे। गुरुवार को इन्हें विधि विधान पूर्वक नेपाल स्थित प्राचीन मिथिला की राजधानी जनकपुर के जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास और नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को समर्पण पत्र के माध्यम से भेंट किया। चंपत राय ने शिला समर्पित करने के लिए जनकपुर मंदिर, नेपाल सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

**अडानी पर कोहराम संसद में...**

दिया है और बजट सत्र की पहली प्राथमिकता राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है। लेकिन विपक्षी दलों के सांसद लगातार अपनी मांगों को लेकर हंगामा और नारेबाजी करते रहे। इसे देखते हुए पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने लोकसभा की कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

# हृदय का ऑपरेशन कर निकाला गया ट्यूमर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स के कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग में पलामू के एक 13 वर्षीय बच्चे का इमरजेंसी में हृदय का ऑपरेशन कर सफलतापूर्वक ट्यूमर निकाला गया। रिम्स के पीआरओ राजीव रंजन ने गुरुवार को बताया कि ट्यूमर का आकार बढ़ जाने की वजह से यह हृदय को अवरुद्ध कर रहा था और दिमाग तक खून का प्रवाह बाधित कर रहा था। इस वजह से बच्चा बार-बार बेहोश हो रहा था।

इमरजेंसी में बच्चे को रिम्स अस्पताल लाया गया और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसकी सर्जरी की गयी। बच्चा अब सर्जरी से उबर रहा है और जल्द स्वस्थ होकर आम जीवन जी पायेगा। दूसरी ओर 15 वर्षीय कोडरमा की एक बच्ची जिसे जन्मजात हृदय रोग था, उसका भी सफल ऑपरेशन किया गया है। बच्ची की उम्र को ध्यान में रखते हुए हार्ट वाल्व को बदला नहीं गया है, बच्ची अब सामान्य जीवन जी पायेगी।


e-Procurement Cell
JHARKHAND STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD., RANCHI

**Short Term e-Procurement Notice**

Date : 02/02/2023

| Sl. No | Tender Reference No. | Work Name | Amount in (Rs) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JSBCCL/150/2022-23 | Remaining work of Community Health Centre, Bhawnathpur, Garhwa | Rs. 9,22,90,000/- | 12 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on Website | 07.02.2023 at 11:00 AM |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | 07.02.2022 at 11:00 AM |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | 28.02.2023 at 05:00 PM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bid Security Money and Tender Fee | 02.03.2023 upto 11:30 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 02.03.2023 at 12:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender | e-Procurement Cell, Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2446259 |
| 9 | e-mail ID | jsbccljharkhand@gmail.com |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in***

Sd/-
Nodel Officer
Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi

PR 289089 (Jharkhand State Building Construction Corp. ltd.) 22-23 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

(1th Call)

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23** दिनांक 01.02.2023

| Sl.No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवनश्मिन" के अन्तर्गतः– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| 1 | **Chauffal group** of svs scheme under Panchayat Pakariya, Block Panki **(Group No. 01)** | 3 | 3306119.00 | 66500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 2 | **Banki Kala group** of svs scheme under Panchayat Pakariya, Block Panki **(Group No. 02)** | 3 | 3291884.00 | 66000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 3 | **Banki Khurd group** of svs scheme under Panchayat Pakariya, Block Panki **(Group No. 03)** | 4 | 4752554.00 | 95500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 4 | **Vritiya Dandar group** of svs scheme under Panchayat Pakariya, Block Panki **(Group No. 04)** | 2 | 2079839.00 | 42000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 5 | **Maulaganj group** of svs scheme under Panchayat Pakariya, Block Panki **(Group No. 05)** | 1 | 619094.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 6 | **Tilamba group** of svs scheme under Panchayat Loharshi, Block Panki **(Group No. 06)** | 1 | 611877.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 7 | **Kerwatanr group** of svs scheme under Panchayat Naudiha-2, Block Panki **(Group No. 07)** | 1 | 615485.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 8 | **Purusotampur group** of svs scheme under Panchayat Karar, Block Panki **(Group No. 08)** | 7 | 7909493.00 | 158500.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 9 | **Lami group** of svs scheme under Panchayat Patra, Block Pandwa **(Group No. 09)** | 7 | 8288075.00 | 166000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 10 | **Manhar group** of svs scheme under Panchayat Patra, Block Pandwa **(Group No. 10)** | 7 | 8673676.00 | 173500.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 11 | **Buchi Lami group** of svs scheme under Panchayat Patra, Block Pandwa **(Group No. 11)** | 6 | 7398280.00 | 148000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 12 | **Silda Kala group** of svs scheme under Panchayat Khairadohar, Block Naudiha Bazar **(Group No. 12)** | 2 | 1887129.00 | 38000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 13 | **Kubua group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 13)** | 6 | 5976003.00 | 120000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 14 | **Aruwa group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 14)** | 4 | 4301350.00 | 86500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 15 | **Chenegir group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 15)** | 5 | 5705007.00 | 114500.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 16 | **Jogiya Sohari group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 16)** | 5 | 5315926.00 | 107000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 17 | **Cheri group** of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj **(Group No. 17)** | 4 | 3297222.00 | 66000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 18 | **Jarka group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 18)** | 2 | 1837729.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 19 | **Phar Gerua group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 19)** | 6 | 5480697.00 | 110000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 20 | **Uli Phari group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 20)** | 4 | 4510745.00 | 90500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 21 | **Shankardih group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 21)** | 1 | 1228202.00 | 25000.00 | 2500.00 | 03 Month |
| 22 | **Jharapdih group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 22)** | 1 | 616745.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 23 | **Jeruwa group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 23)** | 1 | 1220983.00 | 24500.00 | 2500.00 | 03 Month |
| 24 | **Lohardaga group** of svs scheme under Panchayat Sigsigi, Block Bishrampur **(Group No. 24)** | 9 | 9483056.00 | 190000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 25 | **Pipra group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 25)** | 3 | 2926040.00 | 59000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 26 | **Rajkhand group** of svs scheme under Panchayat Ghasidag, Block Bishrampur **(Group No. 26)** | 4 | 3905052.00 | 78500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 27 | **Sewra group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 27)** | 5 | 4842003.00 | 97000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 28 | **Viraundha group** of svs scheme under Panchayat Udaypura-1, Block Tarhasi **(Group No. 28)** | 1 | 602307.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 29 | **Kumhardih group** of svs scheme under Panchayat Manjhouli-2, Block Tarhasi **(Group No. 29)** | 3 | 2691286.00 | 54000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 30 | **Chaita group** of svs scheme under Panchayat Kasmar, Block Tarhasi **(Group No. 30)** | 5 | 3065675.00 | 61500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 31 | **Karma group** of svs scheme under Panchayat Kasmar, Block Tarhasi **(Group No. 31)** | 1 | 846340.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 32 | **Dhanganw group** of svs scheme under Panchayat Manjhouli-2, Block Tarhasi **(Group No. 32)** | 6 | 5116683.00 | 103000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 33 | **Mukundpur group** of svs scheme under Panchayat Tarhasi, Block Tarhasi **(Group No. 33)** | 1 | 605916.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 34 | **Dhuma group** of svs scheme under Panchayat Gurha, Block Tarhasi **(Group No. 34)** | 8 | 9430993.00 | 189000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 35 | **Bhalmanda group** of svs scheme under Panchayat Pathak Pagar, Block Tarhasi **(Group No. 35)** | 1 | 598697.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 36 | **Gurturi group** of svs scheme under Panchayat, Manjhouli-2, Block Tarhasi **(Group No. 36)** | 7 | 7779548.00 | 156000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 37 | **Kamalkeriya group** of svs scheme under Panchayat, Manjhouli-2, Block Tarhasi **(Group No. 37)** | 10 | 9913518.00 | 199000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 38 | **Benidih group** of svs scheme under Panchayat, Ramgarh, Block Ramgarh **(Group No. 38)** | 6 | 6242345.00 | 125000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 39 | **Dhawa group** of svs scheme under Panchayat, Ramgarh, Block Ramgarh **(Group No. 39)** | 6 | 6201283.00 | 125000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 40 | **Dheluwa group** of svs scheme under Panchayat, Ramgarh, Block Ramgarh **(Group No. 40)** | 5 | 4704468.00 | 94500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 41 | **Banalath group** of svs scheme under Panchayat, Uldanda, Block Ramgarh **(Group No. 41)** | 6 | 5185464.00 | 104000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 42 | **Mushurmu group** of svs scheme under Panchayat, Uldanda, Block Ramgarh **(Group No. 42)** | 7 | 7797596.00 | 156000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 43 | **Serka group** of svs scheme under Panchayat, Uldanda, Block Ramgarh **(Group No. 43)** | 4 | 4294133.00 | 86000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 44 | **Uldanda group** of svs scheme under Panchayat, Uldanda, Block Ramgarh **(Group No. 44)** | 7 | 7985957.00 | 160000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 45 | **Serendag group** of svs scheme under Panchayat, Ghutuwa, Block Satbarwa **(Group No. 45)** | 2 | 2376997.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 46 | **Nauranga group** of svs scheme under Panchayat, Dhawadih, Block Satbarwa **(Group No. 46)** | 5 | 5366458.00 | 108000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 47 | **Lohara Pokhari group** of svs scheme under Panchayat, Dhawadih, Block Satbarwa **(Group No. 47)** | 6 | 6165875.00 | 124000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 48 | **Shahganj group** of svs scheme under Panchayat, Ponchi, Block Satbarwa **(Group No. 48)** | 2 | 2056495.00 | 41500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 49 | **Shivri group** of svs scheme under Panchayat, Ghutuwa, Block Satbarwa **(Group No. 49)** | 1 | 616745.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 50 | **Kasmar group** of svs scheme under Panchayat, Rewaratu, Block Satbarwa **(Group No. 50)** | 1 | 828293.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 51 | **Purnadih group** of svs scheme under Panchayat, Bari, Block Satbarwa **(Group No. 51)** | 1 | 846340.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 52 | **Daruwa group** of svs scheme under Panchayat, Rewaratu, Block Satbarwa **(Group No. 52)** | 2 | 1463085.00 | 29500.00 | 2500.00 | 03 Month |
| | **Total :-** | **208 Nos.** | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | **16.02.2023 / 12.30 P.M.** |
| 3 | Date & time of Document Download start date | **16.02.2023 / 12.35 P.M.** |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | **01.03.2023 / 05.00 P.M.** |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | **02.03.2023 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle,Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening Tender | **03.03.2023 / 04.00 P.M.** |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

नोटः– निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR.NO.289070 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## NEWS इन ब्रीफ

### भारत दौरे के लिए ख्वाजा के वीजा को मिली मंजूरी

**सिडनी।** भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के वीजा को मंजूरी मिल गई है और वह ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ने के लिए बेंगलुरु के लिए रवाना भी हो गए हैं। जहां वे अगले चार दिनों में प्री-सीरीज प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। बता दें कि उनके वीजा के देर से मंजूरी मिलने के कारण वह बुधवार को टीम के अन्य साथियों के साथ भारत के लिए उड़ान नहीं भर सके थे।

### द हंड्रेड : वेल्श फायर के मुख्य कोच बने हसी

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइक हसी को द हंड्रेड टूर्नामेंट में वेल्श फायर पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हसी ने इस भूमिका के लिए हमवतन डेविड सेकर और एडम वोग्स को पछाड़ा है। हसी के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के लिए खेलने का फ्रेंचाइजी अनुभव है।

### वनडे विश्व कप खेल सकते हैं बोल्ट

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के मुख्य चयनकर्ता गेविन लार्सन को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट इस साल के अंत में भारत में होनेवाले एक दिवसीय विश्व कप में देश के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। 33 वर्षीय ने विश्व कप में खेलने की इच्छा जताई है, लेकिन टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

### तीसरे वनडे में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**किम्बर्ली।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने लंबे समय के बाद मैदान में वापसी करते हुए अपनी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 9.1 ओवर में 40 रन देकर 6 विकेट झटके। वहां, बटलर ने अपना 11वां एकदिवसीय शतक जड़ा। वहीं, सफेद गेंद के विशेषज्ञ जोस बटलर और डेविड मलान ने मिलकर इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दिलाई, हालांकि मेजबान टीम ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी 42 रन देकर चार विकेट झटके।

### बायर्न म्यूनिख जर्मन कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**बर्लिन।** पहले हाफ में किए गए तीन गोलों की मदद से बायर्न म्यूनिख ने जर्मन कप के अंतिम 16 मुकाबले में मेंज के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की। जर्मन ने शुरूआत से ही बागडोर संभाली और शुरूआती चरणों में किंग्सले कोमन और जमाल मुसियाला की बदौलत मौके बनाए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बायर्न ने 17वें मिनट में एक गोल किया, जब जोआओ कैंसिलो ने गेंद को दूर ले जाने की कोशिश की और मैक्सिम एरिक चौपो-मोटिंग ने बाएं पैर से गोल दागा।

# महिला अंडर-19 विश्व कप विजेताओं का जोरदार स्वागत

### प्रशंसकों ने ढोल की थाप पर किया अभिवादन

### चैंपियन पर बड़े उत्साह और खुशी के साथ फूलों की वर्षा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप का खिताब जीतनेवाली भारतीय टीम गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर पहुंची, जहां प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रशंसकों ने ढोल की थाप पर उनका जोरदार तरीके से अभिवादन किया और फूलों की वर्षा के साथ अपने विश्व कप चैंपियन का बड़े उत्साह और खुशी के साथ स्वागत किया। बता दें कि खिलाड़ियों को पहले बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बीसीसीआई सचिव जय शाह, महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी द्वारा सम्मानित किया गया था। विश्व कप विजेता कप्तान शेफाली वर्मा ने 5 करोड़ रुपये का चेक लिया, बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह टीम और सहयोगी स्टाफ के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की थी। इस अवसर पर सचिन तेंदुलकर ने कहा : इस विश्व कप को जीतकर, आपने भारत में युवा लड़कियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना दिया है। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शुरुआत सबसे बड़ी बात होने जा रही है। मैं पुरुषों और महिलाओं के लिए समानता में विश्वास करता हूं। रविवार को टीम इंडिया ने इंग्लैंड को एकतरफा अंदाज में हराते हुए खिताब अपने नाम किया।

# रवि बिश्नोई के पास राशिद खान जैसी है क्षमता : रैना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के भविष्य में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान की तरह बनने की क्षमता है। बिश्नोई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपरजाइंट्स के साथ हैं। रैना ने जिओ सिनेमा के हवाले से 'लीजेंड्स लाउंज' के एक नए एपिसोड में कहा : अगर आप सभी बड़े गेंदबाजों को देखें, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना प्रदर्शन दिखाया है, तो मुझे लगता है कि बिश्नोई अपने चरित्र और गेंद को फेंकने के तरीके के साथ राशिद खान की तरह बन जाएंगे।

भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा को लगता है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा के पास अच्छा कौशल है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2022 में ब्रेकआउट किया था। ओझा ने कहा : वह हैदराबाद से है। मैंने बचपन से ही उनका प्रदर्शन देखा है। मैं अंडर-15 और अंडर-16 क्रिकेट में उसके बारे में बात कर रहा हूं और वह कितनी मेहनत करते हैं। उनके कार्यक्रम में सुबह 6 बजे मैदान में जाना और शाम छह बजे घर आना शामिल है। वह केवल 30-45 मिनट का लंच ब्रेक लेते हैं। वह पूरी तरह से क्रिकेट को समर्पित हैं। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को संभावित अगली पीढ़ी के बल्लेबाज के रूप में चुना, जो आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हैं। सिंह ने आगे कहा : यदि आप उसकी बल्लेबाजी को देखते हैं, तो आप कह सकते हैं कि उनके बारे में कुछ अलग है। उनकी खेलने-पढ़ने की समझ, उनकी बल्लेबाजी तकनीक या मैच को समाप्त करने के बारे में उनकी जानकारी। उनके बारे में अच्छी बात यह है कि अगर वह 50 रन भी बना लेता है, तो वह आगे अपने 100 की ओर देख रहे होते हैं।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल अपनी पसंद के बल्लेबाज के लिए वर्मा का नाम लेना चाहते थे, क्योंकि उन्होंने उन्हें मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में खेलते हुए देखा था, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज यश दयाल के बारे में बात करने का फैसला किया। जिस तरह से शॉ घरेलू मैचों में बल्लेबाजी कर रहा है, हम देख सकते हैं कि वह अच्छा खेलता है। उनकी फिटनेस के बारे में सवाल उठाए गए हैं और अगर वह इन सभी संदेहों पर काबू पा लेते हैं, तो मुझे लगता है कि उनके आगे उनका एक अविश्वसनीय भविष्य है। गेंदबाज के लिए मेरी पसंद यश दयाल हैं।

# गिल तकनीकी रूप से मजबूत, उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान : पांड्या

**एजेंसी। अहमदाबाद**



भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के निर्णायक मैच में न्यूजीलैंड पर 168 रन की जीत में 65 गेंदों में नाबाद 126 रन बनाकर खुद को ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी बना दिया। कप्तान हार्दिक पांड्या ने गिल की जमकर तारीफ की। पांड्या का कहना है कि उनकी तकनीक इतनी मजबूत है कि वह बल्लेबाजी को अपने लिए बहुत आसान बना लेते हैं।

पांड्या ने प्री मैच कांफ्रेंस में आगे बताया कि गिल तकनीकी रूप से इतना मजबूत है कि बल्लेबाजी उनके लिए बहुत आसान है। टी-20, वनडे और टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए उन्हें सिर्फ एक स्विच की जरूरत है क्योंकि उनके पास तीनों प्रारूपों में खेलने की क्षमता है। पांड्या ने कहा : वह सूर्यकुमार यादव के साथ उन बल्लेबाजों में से एक हैं जो गेंदों को हिट कर सकते हैं और उन्हें खराब गेंद बना सकते हैं। 200 की स्ट्राइक रेट, 12 चौकों और सात छक्कों की मदद से गिल का नाबाद 126 रन भी टी-20 में किसी भारतीय का सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने विराट कोहली के सर्वश्रेष्ठ स्कोर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने सितंबर 2022 में यूएई में एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन बनाए थे।

पांड्या ने आगे कहा : उनके प्रदर्शन को देखना शानदार है और यह मेरे लिए कप्तान के रूप में बहुत उपयोगी रहा है। मुझे लगता है कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक महान और मूल्यावान खिलाड़ी बनेंगे। कोहली, सुरेश रैना, रोहित शर्मा और केएल. राहुल के बाद अंतरराष्ट्रीय खेल के तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले गिल पांचवें भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। मैंने हमेशा महसूस किया है कि उनके पास सभी प्रारूपों में खेलने की तकनीक और शैली है। सच कहूं तो मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। उनके पास जितना समय है, वह जितनी आसानी से बल्लेबाजी कर सकते हैं, मुझे नहीं लगता कि बहुत से खिलाड़ी ऐसा कर सकते हैं।

### मैं वह भूमिका निभा रहा हूं जो धोनी निभाया करते थे

**पांड्या** ने कहा कि उन्हें टीम की आवश्यकता के अनुसार अपने खेल में बदलाव करना होगा। पांड्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा : मैंने साझेदारी में विश्वास किया है और मैं अपने बल्लेबाज साथी और अपनी टीम को कुछ आश्वासन और शांति देना चाहता हूं कि मैं वहां हूं। मैंने सीखा है कि कैसे दबाव को स्वीकार करना है और यह सुनिश्चित करना है कि सब कुछ शांत हो। हो सकता है कि इसके लिए मुझे अपना स्ट्राइक रेट कम करना पड़े। पांड्या ने यह भी कहा कि उनकी भूमिका उस भूमिका के समान है जिसे भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद के चरणों के दौरान अपनाया था। उन्होंने कहा कि मुझे उस भूमिका को निभाने में कोई दिक्कत नहीं है, जो कहीं न कहीं माही निभाते थे।

### स्पिनरों के खिलाफ और आक्रामक हों विराट : इरफान

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान का मानना है कि नागपुर में नौ फरवरी से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चार मैचों की सीरीज से पहले विराट कोहली नाथन लियोन की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों के खिलाफ कुछ और आक्रामक होने की कोशिश कर सकते हैं। कोहली सीमित ओवरों के क्रिकेट में फॉर्म में लौट आए हैं, फिर भी दिसम्बर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के साथ-साथ श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान देखी गई स्पिनरों के खिलाफ उनकी कमियों और टेस्ट क्रिकेट में उनका जोश वापस नहीं आया है। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स के हवाले से गेम प्लान शो में कहा, मुझे पता है कि हम यहां टेस्ट क्रिकेट के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन कभी-कभी उन्हें स्पिन के खिलाफ थोड़ा अधिक आक्रामक होना चाहिए, यह आपको उस मुकाबले में बेहतर बना सकता है, जब आप नाथन लियोन जैसे खिलाड़ियों का सामना कर रहे हों।

#### महिला टी-20 विश्व कप

# वेस्टइंडीज की टीम घोषित स्टेफनी टेलर की हुई वापसी



**एजेंसी। सेंट जांस**

दक्षिण अफ्रीका में होनेवाले आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित कर दी गई है। अनुभवी ऑलराउंडर स्टेफनी टेलर को टीम में चुना गया है, लेकिन उनकी भागीदारी उनके फिटनेस टेस्ट को पास करने पर निर्भर करेगी। टेलर पीठ की चोट से जूझ रही हैं और केपटाउन में उनका इलाज चल रहा है।

15 सदस्यीय टीम में शकेरा सेलमैन, चिनले हेनरी और चेडियन नेशन भी शामिल हैं। वर्ष 2016 में वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप खिताब दिलाने वाली टेलर सितम्बर में नॉर्थ साउंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक दिवसीय मैच में बल्लेबाजी करते हुए चोटिल हो गईं थी। जिसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भी हिस्सा नहीं ले पाईं थीं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टीम में नामित किया गया था, लेकिन वह पर्याप्त रूप से फिट नहीं थी। वह जुलाई 2021 के बाद से टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में नहीं दिखी हैं। मार्की इवेंट के लिए वेस्टइंडीज ने अपने हालिया अंडर-19 विश्व कप टीम के तीन सदस्यों - जैदा जेम्स, ट्रिशन होल्डर और जेनाबा जोसेफ को भी शामिल किया है। इन तीनों को चोट कवर के रूप में बुलाया गया। तीनों खिलाड़ियों ने त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज के अंतिम लीग मैच में भी हिस्सा लिया।

# नेशनल बीच सॉकर चैम्पियनशिप केरल के नाम

### पंजाब को 13-4 से हरा कर खिताब पर किया कब्जा



**एजेंसी। सूरत**

केरल ने नेशनल बीच सॉकर चैंपियनशिप के उद्घाटन संस्करण का खिताब जीत लिया है। बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में केरल ने पंजाब को 13-4 से हराकर खिताब जीता। यह गेम ग्रुप स्टेज का रीमैच था, जहां पंजाब ने 6-5 से करीबी मैच जीता था। फाइनल में हालांकि केरल ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और पहले मिनट से ही दबदबा बनाकर लीग चरण में हार का बदला लिया। केरल के कप्तान कमलुद्दीन ने केरल के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की।

मैच शुरू होने के 24 सेकंड बाद ही कमलुद्दीन ने टीम को बढ़त दिला दी। केरल ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल किया, हालांकि पंजाब ने जल्द ही वापसी की। केरल ने पहले ब्रेक में 4-2 से बढ़त बनाई। दूसरे हॉफ में, केरल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और अविश्वसनीय छह गोल किए, जिसका पंजाब के पास कोई जवाब नहीं दिया। खेल के अंतिम हॉफ में केरल ने 10-2 की बढ़त हासिल कर, हालांकि अंत में पंजाब ने थोड़ा बेहतर किया और दो गोल किये, लेकिन ये नाकाफी थे। तय समय की समाप्ती पर केरल 13-4 से आगे था और इसी स्कोर के साथ खिताब पर कब्जा जमाया। पहले दिन खेले गए तीसरे स्थान के खेल में दिल्ली ने उत्तराखंड को 3-1 से हराया। केरल के गोलकीपर संतोष कासमीर को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार दिया गया। राजस्थान के अमित गोदारा 27 गोल के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी थे।

### भारत के शीर्ष धावकों को हांगझू के लिए क्वालिफाई करने की है उम्मीद

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित नई दिल्ली मैराथन का 7वां संस्करण 26 फरवरी, 2023 (रविवार) को राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसमें भारत के शीर्ष धावक साल के अंत में होनेवाले हांगझू (चीन) एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद कर रहे हैं। इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और फिट इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है और इसे नेशनल मैराथन के रूप में प्रमाणित किया गया है। ये जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होगी और यहीं पर इसे समाप्त किया जाएगा। दिल्ली के खूबसूरत सर्द मौसम में ये मैराथन राजधानी के दिल से होकर गुजरेगी और धावकों को हुमायूं मकबरे, लोधी गार्डन व खान मार्केट से होकर गुजरना होगा। एक संयुक्त दौड़ होने के कारण इसमें अन्य धावकों के साथ विकलांग धावक भी अपनी दौड़ की दूरी तय करते हुए दिखाई देंगे।

**जुनून** खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए मिन्नत ने किया क्वालीफाई

# वॉलीबॉल खेलने के लिए छोड़ी बॉक्सिंग

### भोपाल में वॉलीबॉल और बॉक्सिंग दोनों प्रतियोगिताएं हो रही



**एजेंसी। भोपाल**

बेंगलुरु के माउंट कॉलेज की कॉमर्स की छात्रा मिन्नत जरीन ने मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया गेम्स 2022 के लिए वॉलीबॉल और बॉक्सिंग के लिए क्वालीफाई किया है। लेकिन मिन्नत जरीन के दोस्तों ने जोर देकर कहा कि वह राज्य की टीम के लिए वॉलीबॉल खेलती हैं।

12वीं कक्षा की छात्रा ने कहा : वॉलीबॉल और मुक्केबाजी प्रतियोगिताएं ओवरलैप हो रही थीं, लेकिन मैंने वॉलीबॉल को प्राथमिकता दी क्योंकि टीम को मेरी ज्यादा जरूरत थी। भोपाल में वॉलीबॉल और बॉक्सिंग दोनों प्रतियोगिताएं हो रही हैं। मिन्नत द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद, कर्नाटक की वॉलीबॉल टीम पश्चिम बंगाल के खिलाफ पहले लीग मैच में बहुत करीबी अंतराल से हार गयी थी।

मिन्नत जरीन ने कहा : यह एक कठिन मैच था लेकिन मुझे खुशी है कि हमारी टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मिन्नत जरीन के अनुसार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए मानसिकता को बेहतर बनाने के लिए एक अच्छे मंच के रूप में काम करेगा। कर्नाटक टीम की इस युवा खिलाड़ी का अगला लक्ष्य राष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी टीम के लिए क्वालीफाई करना है। उन्होंने कहा : मैं पिछले दो सालों से मुक्केबाजी का अभ्यास कर रही हूं और मुक्केबाजी में एक अच्छे स्तर पर पहुंच गई हूं। उनकी आदर्श कोई और नहीं बल्कि विश्व मुक्केबाजी चैमपियन निकहत जरीन हैं।

मुक्केबाजी प्रतियोगिता के अपने पहले अनुभव के बारे में बताते हुए इस युवा एथलीट ने कहा कि जब मेरे चेहरे पर एक के बाद एक मुक्कों से वार किया गया था, तो मैं समझ नहीं पाई कि क्या हुआ था। मेरे लिए यह काफी कंफ्यूसिंग था। खैर वह अतीत था, पिछले साल उन्होंने स्टेट बॉक्सिंग मीटिंग में लाइट मिडिल (70 किग्रा) भार वर्ग में स्वर्ण जीता और राष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लिया।

### पुरुष एथलीटों के साथ मुकाबला करना अच्छा तरीका

युवा जरीन बताती हैं : मुश्किल मुकाबलों की तैयारी के लिए पुरुष एथलीटों के साथ मुकाबला करना सबसे अच्छा तरीका है। राष्ट्रीय बर्थ जीतने पर ध्यान केंद्रित करते हुए यह युवा एथलीट मधुमक्खी की तरह व्यस्त है। वह स्कूल जाने से पहले अपने अभ्यास को समायोजित करने के लिए काफी जल्दी ही अपने दिन की शुरुआत करती हैं। स्कूल के बाद वह या तो बॉक्सिंग या वॉलीबॉल अभ्यास के लिए जाती हैं। मेरा दिन सुबह से शाम तक व्यस्तता के कारण पूरा पैक्ड रहता है। कुछ दिन इतने व्यस्त होते हैं कि मैं अपनी मां से बात भी नहीं कर पाती, क्योंकि जब तक मैं घर पहुंचती हूं तब तक शाम हो चुकी होती है और मुझे एक घंटे पढ़ाई के लिए भी देना होता है।

